वेशभूषा, खानपान, उपासनापद्धति, खेलकूद, आमोद-प्रमोद के साधन, धार्मिक-सामाजिक संस्कार एवं आजीविका के अनेक भेदों में (देश-कालानुरोध से) बँटा हुआ होने पर भी वस्तुतः (जो अन्दर से) एक है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥५॥

Which is basically one in spite of its opparent diversity in dress, meals, modes of worship, sports, regalements,socio-religous ceremonies and occupations, that my Bharat ever glows on the earth. 5

वेदभाभासितं सत्कलालासितं
रम्यसङ्गीत-साहित्य-सौहित्य-भूः ।
भारती-वल्लकी-झङ्कृतैर्झङ्कृतं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥६॥

वेदों की प्रभा से भासुर, सत्कलाओं से विलसित, रमणीय संगीत और साहित्य के फलने फूलने की भूमि तथा सरस्वती की वीणा की झंकारों से झंकृत मेरा भारत भूमण्डल में सदा शोभा प्राप्त करता है॥६॥

Resplendent with the glory of Vedas, adorned with various Arts, the meeting ground of charming Music and Literature, resounding with the jingles of Sarasvati's veena, my Bharat ever glows on the earth. 6

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यत्त्रयीसाङ्ख्ययोगादिमार्गैर्युतं
जीवनं मुक्तमाकर्तुमाकाङ्क्षति ।
शीलसन्तोषसत्यादिभी रक्षितं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥७॥

जो त्रयी, सांख्य, योग (शैव, वैष्णव, शाक्त, जैन, बौद्ध, सिक्ख, ईसाई, मुस्लिम, सूफी) आदि मार्गों से युक्त होकर जीवन को मुक्त करने की चेष्टा करता है एवं जिसकी शील, सन्तोष तथा सत्य आदि (उदार वृत्तियों से) रक्षा होती आयी है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥७॥

Endowed with three Vedas, Samkhya and Yoga etc. and well maintained with the modesty, patience and truth etc, anxious to make the life free from all worries, my Bharat glows on the earth. 7

दर्शनज्ञानचारित्र्यसम्मेलनं
यत्र मोक्षस्य मार्गं भणन्त्यागमाः ।
ज्ञानमास्ते च भारः क्रियां वै विना
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥८॥

जहाँ के आगमों ने दर्शन, ज्ञान और चारित्र्य का मोक्ष के मार्ग के रूप में उपदेश दिया है; जहाँ क्रिया के अभाव में ज्ञान एक बोझ ही माना गया है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित है ॥८॥

Wherein scriptures declare the unity of ś (Philosophy), ~ (Knowledge) and ā (Character) as the path to Salvation and whereian knowledge,without practice, is considered as burden, that my Bharat ever glows on the earth 8

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जाह्नवी-चन्द्रभागा-जलैः पावितं
भानुजा-नर्मदा-वीचिभिर्लालितम् ।
तुङ्गभद्रा-विपाशादिभिर्भावितं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥९॥

गंगा और चनाब के जल से पवित्र, यमुना और नर्मदा की लहरों से दुलराया गया, तुंगभद्रा और विपाशा (व्यास) आदि नदियों से प्रतिष्ठित मेरा भारत भूमण्डल में सदा सुशोभित हो रहा है ॥९॥

Made sacred by the waters of the Ganga and the Chenab, nourished by the ripples of Yamuna and Narmada, nurtured by the Tungabhadra and the *āśā* (Bias) etc., my Bharat ever glows on the earth. 9

विन्ध्य-सह्याद्रि-नीलाद्रिमालान्वितं
शुभ्रहैमाद्रि-हासप्रभापूरितम् ।
अर्बुदारावलीश्रेणि-सम्पूजितं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥१०॥

विन्ध्याचल, सह्याद्रि तथा नीलगिरि की श्रेणियों से युक्त, शुभ्र हिमालय की हासच्छटा से पूरित तथा आबू और अरावली पर्वत की श्रेणियों से सम्पूजित मेरा भारत भूमण्डल में अनवरत शोभा पा रहा है॥१०॥

Enriched by the ranges of *ā* , *ā* and *ī* , brightened by the smile of the Himalayas, adored by the Abu and Aravali ranges, my Bharat ever glows on the earth. 10

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

भाखडाबन्ध-दामोदरीयोजना -
बाणगङ्गा-फरक्कादिसिक्तोर्जितम् ।
ब्रह्मपुत्रादिसन्दर्शिताम्बुच्छटं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥११॥

भाखड़ा बाँध, दामोदर घाटी-योजना, बाणगंगा-योजना तथा फरक्का बाँध आदि से सींचा गया और ऊर्जा प्राप्त करने वाला एवं ब्रह्मपुत्र आदि नदियाँ जिसमें अपने जल की छटा दिखाती हैं ऐसा मेरा भारत भूमण्डल में सदा शोभायमान रहता है ॥११॥

Iggirated by projects of Bhakhra Dam, Damodar valley project, Banganga and Farakka etc., having the Brahmaputra and other rivers, exhibiting the splendour of their waters, my Bharat ever glows on the earth. 11

विद्युदुत्पादने तैलसंशोधने,
इन्धनान्वेषणे लौहनिष्पादने ।
यन्त्रनिर्माणकार्ये समर्थं च सद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥१२॥

बिजली के उत्पादन में, तेल के शोधन में, ईंधन के अन्वेषण में, इस्पात बनाने में तथा विविध मशीनें बनाने में समर्थ होता हुआ मेरा भारत भूतल पर लगातार शोभित हो रहा है ॥१२॥

Being self-dependant in power-production, oil-refining, fuel-searching, steel-production and machine-manufacturing, my Bharat ever glows on the earth. 12

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

रोगजालं चिकित्सालयस्थापनै-
रोषधोत्पादनैः शल्यशोधैस्तथा ।
नूतनाभिश्चिकित्साभिरुन्मूलयद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥१३॥

अस्पतालों की स्थापना, औषधोत्पादन, शल्यचिकित्सा के क्षेत्र में नवीन शोध तथा नयी-नयी चिकित्सा पद्धतियों से रोगों के जाल को काटता हुआ मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है ॥१३॥

Eradicating the diseases with various therapies, production of medicines, surgical researches and establishment of hospitals, my Bharat ever glows on the earth. 13

आर्यभट्टं वियन्मण्डले स्थापयत्
पोखरण्-भूमिगर्भेऽणुशक्तिं किरत् ।
शान्तिकार्येष्वणुं प्रेरयत्सन्ततं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥१४॥

'आर्यभट' (उपग्रह) को अंतरिक्ष में स्थापित करने वाला, पोखरण की पृथिवी के गर्भ में अणुविस्फोट करने वाला तथा शान्तिकार्यों में अणु-शक्ति को प्रेरित करने वाला मेरा भारत भूतल पर सतत सुशोभित रहता है ।

Launching the Aryabhatta in the orbit, exploding the Atomic energy underground in Pokharan and always engaging the Atom for peace-cause, my Bharat ever glows on the earth. 14

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अग्निमूर्जस्वलं स्वत्वरक्षाकृते
साधनैरात्मनीनैः सुसंसाधयत् ।
युद्धपोताँश्च सिन्धूरसि स्थापयद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥१५॥

अपने ही सीमित किन्तु अमोघ साधनों से ऊर्जस्वल 'अग्नि' नामक प्रक्षेपास्त्र को भली प्रकाऱ से (परीक्षण द्वारा) सिद्ध करता हुआ एवं (स्वनिर्मित) युद्धपोतों को समुद्र के वक्षःस्थल पर स्थापित करता हुआ मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ।

To protect self existence launching AGNI MISSILE with her own limited but unfailing device and means and launching the warships on the bosom of the ocean, my Bharat glows on the earth. 15

रेल-नौका-विमानैस्तथा गन्त्रिभि-
र्यानकैस्तैश्च तैश्च प्रवेगान्वितैः ।
य''च्चरैवेति'' नित्यं समुद्घोषयद्
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥१६॥

जो रेल, नौका, वायुयान तथा (बस, मोटर, कार, टैम्पू, बैलगाड़ी, घोड़ागाड़ी, भैंसागाड़ी) आदि गाड़ियों एवं सवारियों के द्वारा 'चरैवेति,चरैवेति' (चलते रहो, चलते रहो)- सिद्धान्त की मानो, घोषणा करता रहता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित है ॥१६॥

Proclaiming the motto of (walk forward for ever) through the running railway trains, boats, aeroplanes, buses, motors, cars, tempos, and other vehicles, my Bharat ever glows on the earth. 16

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यद्बरौनी-भिलाई-बुकारो-स्वनैः
स्वोन्नतिस्यन्दनोत्थं शुभं घर्घरम् ।
दिक्षु विस्तारयद् वीक्ष्यते सर्वदा
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥१७॥

जो बरौनी, भिलाई तथा बोकारो के संयन्त्रों की ध्वनि के बहाने अपनी उन्नति के रथ के शुभ घर्घर-स्वान (घड़घड़ाहट के शब्द) को दिशाओं में सर्वदा फैलाता हुआ सा दिखाई देता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित है ॥१७॥

Where the rumble produced by the wheels of the chariot of progress is resounding in all the directions through the clatter of Barauni, Bhilai and Bokaro projects (plants), that my Bharat glows on the earth. 17

कर्दमाक्रान्तवीथिषु सौधेषु वा
यस्य पादातमार्गेषु गेहेषु वा ।
जीवनं लोकसेवापरं लक्ष्यते
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥१८॥

जिसकी कीचड़ से भरी गलियों, महलों, पैदल-मार्गों (फुटपाथों) अथवा घरों में (लोगों का) जीवन लोक की सेवा में लगा हुआ दिखाई देता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ।।।१८।

Where the life of the dwellers of slums, palacial buildings, footpaths and houses is equally dedicated to the service of the humanity, that my Bharat ever glows on the earth.
18

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi

व्यावृतास्याः समस्याः समाधाय यत्
स्वावलम्बं समालब्धुमाकाङ्क्षति ।
मार्गमुच्चावचं लङ्घयित्वा चलद्
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥१९॥

मुँह फाड़े हुई समस्याओं का समाधान करके जो स्वावलम्बन प्राप्त करने की इच्छा कर रहा है एवं जो अनेक (ऊबड़-खाबड़) रास्तों को पार करता हुआ (उन्नति के पथ पर आगे बढ़ा) चला जा रहा है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥१९॥

Which aims at attaining the comprehensive selfdependence by solving burning problems and which goes ahead crossing the multiple (even and uneven) paths, that my Bharat glows on the earth. 19

विश्वनाथं महाकालमाराधयद्
एकलिङ्गं भजद् वेङ्कटेशं स्मरत् ।
कालिकां पूजयद् वैष्णवीं च स्तुवद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥२०॥

(वाराणसी में) बाबा विश्वनाथ और (उज्जैन में) महाकालेश्वर की आराधना करता हुआ, (उदयपुर के निकट) एकलिंग जी का भजन करता हुआ, (तिरुपति में) भगवान् वेंकटेश्वर का स्मरण करता हुआ, (कालका तथा कलकत्ता में) काली की पूजा करता हुआ (कटरा जम्मू में) वैष्णवदेवी की स्तुति करता हुआ मेरा भारत भूमण्डल में सदा सुशोभित रहता है ॥२०॥

Worshipping ś ā (in Varanasi), ā ā ś (in Ujjain), ṅ (in Udaipur) and ṅ ṭ ś (in Tirupati), eulogising ā ā (in Calcutta and Kalka) and ṣṇ (in Jammu) my Bharat ever glows on the earth. 20

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

शम्प्रदं शङ्करं माधवं राघवं
पार्वतीं राधिकां जानकीं च स्तुवत् ।
विट्ठलं बुद्धदेवं जिनं च स्मरद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥२१॥

जगत् के कल्याणकर्ता उमा-महेश, राधा-कृष्ण और सीता-राम की स्तुति करता हुआ और विट्ठल, बुद्धदेव तथा जिनेन्द्र का स्मरण करता हुआ मेरा भारत भूमण्डल में अनवरत सुशोभित रहता है ।।२१।।

Doxologizing the propitious Lord Shankara, Krishna and Rama alongwith Parvati, Radha and Sita respectively, and meditating Vitthala and Buddha, my Bharat ever glows on the earth. 21

अर्थकामान्वितं धर्ममोक्षान्वितं
भक्तिभावान्वितं ज्ञानकर्मान्वितम् ।
नैकमार्गैः प्रभुं चैकमाराधयद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥२२॥

अर्थ और काम से युक्त, धर्म और मोक्ष से युक्त, भक्तिभाव से युक्त, ज्ञान और कर्म से युक्त तथा अनेक मार्गों से एक प्रभु की आराधना करता हुआ मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है।।२२।।

Invested with and ā , and ṣ and ñā ,worshipping the One Almighty God with so many paths, my Bharat ever glows on the earth. 22

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

संस्कृतं प्राकृतं तामिलं तेलुगुं
कन्नडं कैरलीं बाङ्गलामाङ्गलाम् ।
वाचमन्यां च तां तां ब्रुवद् वर्धते
राष्ट्रभाषायुतं मामकं भारतम् ॥२३॥

संस्कृत, प्राकृत, तमिल, तेलुगु, कन्नड, कैरली (मलयालम), बांगला, अंग्रेजी तथा (पंजाबी, गुजराती, महाराष्ट्री, उर्दू, उड़िया, असमिया, कोंकणी, सिन्धी, कश्मीरी, डोगरी मणिपुरी आदि) अनेक भाषाओं को बोलता हुआ राष्ट्रभाषा (हिन्दी) से युक्त मेरा भारत वर्धित हो रहा है॥२३॥

Speaking the Sanskrit, Prakrit, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam, Bangla, English and many other languages alongwith Lingua Franca (Hindi), my Bharat ever glows on the earth. 23

व्यासवाल्मीकिरत्नाकरैरुज्ज्वलं
स्वादुकादम्बरीपानलुब्धं सदा ।
कालिदासेन भासेन संद्योतितं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥२४॥

(महाभारत तथा पुराणों के कर्ता) व्यास, (रामायण के कर्ता) बाल्मीकि एवं (हरविजय के कर्ता) रत्नाकर से समुज्ज्वल, (बाणभट्ट प्रणीत) स्वादु कादम्बरी के पान के लिए सदा लालायित तथा कालिदास और भास के द्वारा चमकाया गया मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है ॥२४॥

Brightened with Vyasa, Valmiki and Ratnakara, always anxious to taste the Kadambari, illumminated with Kalidasa and Bhasa, my Btarat ever glows on the earth. 24

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

मूलरामायणं पम्परामायणं
कम्बरामयणं जैनरामायणम् ।
कृत्तिवासादिरामायणं श्रावयद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥२५॥

मूलरामायण, पम्परामायण, कम्बरामायण, जैनरामायण, कृत्तिवासरामायण (तथा दिव्यरामायण, लोकरामायण, भुशुण्डिरामायण, अद्भुतरामायण तथा भावार्थरामायण) आदि अनेक रामायणों (की कथा) को सुनाता हुआ मेरा भारत भूतल पर अनवरत सुशोभित रहता है ॥२५॥

Reciting the story of Rama through Mularamayana, Pamparamayana, Kambarmayana, Jainaramayana, Krittivasaramayana and other Ramayanas, my Bharat ever glows on the earth. 25

योगवासिष्ठगीतामहाभारतै-
र्ग्रन्थरत्नैश्च तैस्तैः प्रबुद्धं तथा ।
मानसं बीजकं सूरसिन्धुं दधद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥२६॥

योगवासिष्ठ, गीता, महाभारत तथा अन्यान्य श्रेष्ठ ग्रन्थों से प्रबुद्ध एवं रामचरितमानस, कबीर-बीजक तथा सूरसागर को धारण करने वाला मेरा भारत भूतल पर अनवरत सुशोभित रहता है ॥२६॥

Awakened with great books like Yogavasishtha, Gita, Mahabharata etc. and having the Ramacharitmanas, Kabir-beejak and Sursagar, my Btarat ever glows on the earth. 26

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

गद्यपद्याञ्जितं श्रव्यदृश्याञ्जितं
गीतनृत्याञ्जितं लोकवेदाञ्जितम् ।
सप्रसादं समाधुर्यमोजोन्वितम्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥२७॥

गद्य, पद्य, श्रव्य काव्यों, दृश्य काव्यों, गीतों, विविध नृत्यों, लोक एवं वेदों में अभिव्यक्त तथा प्रसाद, माधुर्य और ओज से संवलित मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है ॥२७॥

Revealad through the poetry and prose, audible and visual compositions, songs and dances, folklore and Vedas and replete with lucidity, sweetness and vigour,my Bharat ever glows on the earth. 27

यच्च तीर्थैः पवित्रैर्व्रतैरुत्सवैः
पर्वभिर्दर्शनीयैः स्थलैः शोभितम् ।
यच्च नानाजयन्तीगणै राजितं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥२८॥

जो (हरिद्वार,मथुरा, प्रयाग, काञ्ची, काशी, द्वारका, रामेश्वर, बदरीनारायण, केदारनाथ, पुरी, पुष्कर, पावापुरी, बोधगया, पटना साहिब, अजमेर, अमृतसर, हेमकुण्ट, आदि अनेक) तीर्थों, (शिवरात्रि, जन्माष्टमी, रमजान आदि) व्रतों (हरियाली तीज आदि) उत्सवों (श्रावणी, पर्यूषण पर्व, पन्द्रह अगस्त, तथा गणतन्त्र-दिवस आदि धार्मिक तथा राष्ट्रीय) पर्वों (कुतुबमीनार, ताजमहल, खजुराहो, नालन्दा, राजगीर, कन्याकुमारी आदि) दर्शनीय स्थलों और (तुलसी-जयन्ती, तानसेन-जयन्ती, हरिदास-जयन्ती, त्यागराज-जयन्ती, कालिदास-जयन्ती आदि अनेक) जयन्तियों से सुशोभित है, वह मेरा भारत भूतल पर चमक रहा है ॥२८॥

Which is beautiful with many sacred Tirthas, vows, celibrations, festivals worthseeing places and Jayantis, that my Bharat glows on the earth. 28

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

द्वारकां सेतुबन्धं पुरीं बदरिकां
तिरुपतिं मधुपुरीं चाजमेरं दधत् ।
पुष्करामृतसरस्तीर्थराजैर्युतं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥२९॥

(पश्चिम में) द्वारका, (दक्षिण में) सेतुबन्ध रामेश्वर, (पूर्व में) जगन्नाथपुरी, (उत्तर में) बदरीनाथ, (तथा तत्तत्) (प्रदेशों में) बालाजी तिरुपति वेंकटेश्वर, मथुरा, अजमेर, पुष्कर, अमृतसर एवं तीर्थराज प्रयाग आदि पवित्र स्थानों से युक्त मेरा भारत भूमण्डल में सदा सुशोभित रहता है ॥२९॥

टि० इस पद्य में स्रग्विणी का मात्रिक रूप है ।

Sanctified with Dwaraka(in the west) Setubandha Rameswaram (in the south), Jagannatha Puri (in the east), Badrinarayana (in the north), BalajiTirupati, Mathura, Ajmer Sharif, Pushkara,Amritsar and Tirtharaja Prayag, my Bharat ever glows on the earth. 29

कुम्भसिंहस्थवैशाखिमुक्तेश्वर-
सोनपूरादिमेलापकै रञ्जितम् ।
रासलीलायुतं रामलीलायुतं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥३०॥

(प्रयाग, हरद्वार, नासिक तथा उज्जैन में होने वाले) कुम्भ, सिंहस्थ, वैसाखी, गढ़मुक्तेश्वर, सोनपुर (हरिहर क्षेत्र) आदि के बड़े बड़े मेलों से रंग बिरंगा तथा रासलीलाओं एवं रामलीलाओं से युक्त मेरा भारत भूमण्डल में सदा शोभायमान रहता है॥३०॥

Colourful with the fairs of Kumbha, Simhastha, Baisakhi, Garhmukteswar and Sonpur, showing the Ramalila and Rasalila, my Bharat ever glows on the earth. 30

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हस्तिगुम्फामजन्तामलौरां दधत्
खर्जुराहो-गया-सारनाथैर्लसत् ।
ताज-कोणार्क-विष्णुध्वजैर्मण्डितं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥३१॥

हाथीगुम्फा, अजन्ता और ऐलोरा को धारण करने वाला, खजुराहो, बोधगया और सारनाथ से सुशोभित तथा ताजमहल, कोणार्क और (महरौली स्थित) विष्णुध्वज से मण्डित मेरा भारत भूतल पर अनवरत सुशोभित हो रहा है॥३१॥

Endorned with caves of Elephanta, Ajanta and Elora, adorned with Khajuraho, Bodhagaya and Sarnatha, resplendent with Taj Mahal, Konarka and Vishnudhvaja (Mehrauli Iron pillar, Delhi), my Bharat ever glows on the earth. 31

होलिका-दशहरा-पर्वकोजागरी-
पोङ्गल-श्रावणी-दीपमालामयम् ।
लोहडीदौणमाद्युत्सवैः पूरितं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥३२॥

होली, दशहरा, कोजागरी (शरत्पूर्णिमा), पोंगल, श्रावणी (रक्षाबन्धन), दीपावली, लोहड़ी, ईद तथा ओणम आदि उत्सवों से परिपूर्ण मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है॥३२॥

Splendent with Holi, Dussera, Kojagari (ū ṇ ā), Shravani (Raksha-bandhan), Pongal, Dipavali, Lohri, Id, Onam and other festivals, my Bharat ever glows on the earth. 32

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

ओडिसीं मणिपुरीं कथक-गर्बादिकं
कूचिपूडिं च गिद्दां छऊं भङ्गडाम् ।
कथकलीं डाण्डियां भरतनाट्यं दधद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥३३॥

ओडिसी, मणिपुरी, कथक, गरबा, कुचिपुडी, गिद्दा, छऊ, भंगड़ा, कथकली, डांडिया रास तथा भरतनाट्य,नृत्यों की शोभा का विस्तार करता हुआ मेरा भारत भूतल पर अनवरत सुशोभित रहता है।

टि० इस पद्य में स्रग्विणी का मात्रिक रूप है ।

Presenting beautifully various dances, namely, Oddissi, Manipuri, Kathak, Garba, Kuchipudi, Gidda, Chau, Kathakali, Dandia Rasa, and Bharatanatyam, my Bharat ever glows on the earth. 33

मन्दिरैर्मस्जिदैश्चैत्य-गिर्जागृहै-
रार्यगेहैर्गुरुद्वारकैर्भ्राजितम् ।
कर्मभूः शर्मभूर्धर्मभूर्मर्मभूः
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥३४॥

मन्दिरों, मस्जिदों, मठों, गिर्जाघरों, आर्यसमाज मन्दिरों तथा गुरुद्वारों से शोभित, कर्म, शील, धर्म, तथा जीवन के मर्म को समझने की स्थली मेरा भारत भूतल पर अनवरत चमक रहा है।।३४।।

Adorned with Temples, Mosques, Monasteries (Budhist shrines), Churches, Arya Samajas, Gurudwaras and the meeting ground of the work, repose, duty and secrets of life, my Bharat ever glows on the earth. 34

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यत्र मन्दाकिनी पापसंहारिणी
यत्र गोदावरी चारुसञ्चारिणी ।
देववाणी च यत्रास्ति मोदाकुला
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥३५॥

जहाँ मन्दाकिनी पापों का संहार करती है, जहाँ गोदावरी चारु संचरण करती है, और जहाँ मोदाकुल देववाणी (संस्कृत भाषा) निवास करती है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है।।३५।।

Where Mandakini extirpates all the sins, where flows Godawari and where mirthful Devavani (Sanskrit) resides, that my Bharat glows on the earth. 35

कृष्णलीलायुतं वेणुसन्नादितम्
पावनं भावनं यत्र वृन्दावनम् ।
शम्भुशूलस्थिता यत्र वाराणसी
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥३६॥

जहाँ भगवान् श्रीकृष्ण की लीलाओं से युक्त एवं उनकी मुरली से संनादित पवित्र प्यारा वृन्दावन है एवं जहाँ शिवजी के त्रिशूल पर टिकी (तीन लोक से न्यारी) वाराणसी है, वह मेरा भारत भूतल पर शोभित हो रहा है।।३६।।

Where lies the pious and beautiful Vrindavan witnessing Krishna exhibiting His Leelas and playing on His flute and where lies theVaranasi located on the trident of Lord Shiva, that my Bharat glows on the earth. 36

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यत्र वृन्दावने गोधनं चारयन्
स्वीयमन्दस्मितैः पापमुन्मूलयन् ।
चारुकादम्बिनीनीलगोपालको
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥३७॥

जहाँ चारु मेघमाला के समान श्यामवर्ण गोपाल (कृष्ण) वृन्दावन में गोधन को चराता हुआ अपनी मधुर मुस्कान से समस्त पापों का उन्मूलन कर देता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है॥३७॥

Where cloud-coloured Lord Krishna, while grazing His cows, extirpates all the sins with His sweet smile, that my Bharat glows on the earth. 37

भूधराकाशतोयेषु रक्षापरो
यत्र शत्रून् भटो हेलया नाशयेत् ।
यत्र वीराङ्गना युद्धभूमिं गता
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥३८॥

जहाँ पहाड़ों पर, आकाश में तथा समुद्र में तैनात (देश की) रक्षा करने में तत्पर वीर जवान खेल-खेल में शत्रु का मटियामेट कर सकता है और जहाँ (कैकेयी, लक्ष्मीबाई आदि अनेक) वीरांगनाएँ युद्ध के मैदान में अपना पराक्रम दिखाने जाती हैं, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित है॥३८॥

Posted on mountains, in the sky and on the ocean for the defence of Motherland, where, everready soldiers can liquidate the enemy in a trice, and where amazons used to go to the battle-fields, that my Bharat ever glows on the earth. 38

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi

प्रेरणादायकं सत्कथागायकं
ज्ञानविज्ञानतेजोबलाधायकम् ।
दुःखदारिद्र्य-दग्धान् सदा पालय-
न्मोदते मे सदा पावनं भारतम् ।।३९।।

प्रेरणा देने वाला (राम, कृष्ण, सत्यनारायण, ध्रुव, प्रह्लाद, शिवि, दधीचि, हरिश्चन्द्र, भीष्म, लक्ष्मण, हनुमान् आदि से सम्बद्ध तथा हितोपदेश, कथासरित्सागर और अन्याय) सत्कथाओं (श्रेष्ठ जनों की गाथाओं अथवा अच्छी कथाओं) को गाने वाला, ज्ञान, विज्ञान, तेज और बल का निधान एवं दुःख और गरीबी से दग्ध लोगों का सदा पालन करने वाला मेरा पवित्र भारत सदा प्रसन्न रहता है।।३९।।

Giving inspiration to all, narrating the stories of saints (or narrating the good stories), repository of knowledge, science, splender and vitality and always providing refuge to the people scorched with the sorrow and poverty, my Bharat ever glows on the earth. 39

कोकिलैः कूजितं षट्पदैर्गुञ्जितं
केकिभिर्नृत्यपारङ्गतैर्नादितम् ।
सारिका-कीर-वादप्रवादैर्युतं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।४०।।

जिसमें कोकिलें कूजती हैं, जिसमें भौंरे गूँजते हैं, जिसे नृत्यप्रवीण मयूर अपनी बोली (केका) से शब्दायमान करते है और जिसमें तोता-मैना वाद-विवाद करते रहते हैं, वह मेरा भारत भूतल पर अनवरत सुशोभित रहता है।।४०।।

Warbled by the kuckoos, buzzed by the bees, resounded by voice of dance-expert peacocks, made interesting by the altercation of Tota (parrot) and Maina (a black Indian bird famous for its melodious notes), my Bharat ever glows on the earth. 40

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कुंकुमैश्चन्दनैः पुष्करैः पाटलैः
सर्वगं सच्चिदानन्दमाराधयत् ।
सर्वभूतेषु दृष्टिं समां धारयद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।४१।।

केसर, चन्दन, कमलों एवं गुलाबों से जो सर्वव्यापी सत्, चित् एवं आनन्द स्वरूप भगवान् की आराधना करता है और जो (विद्याविनयसम्पन्न ब्राह्मण, गौ, हाथी, श्वान एवं चाण्डाल आदि) सभी प्राणियों को समदृष्टि से देखता है, वह मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है।।४१।।

Adoring the Omnipresent Supreme Soul, the ultimate resort of Truth, Consciousness and Happiness, offering Him the saffron, sandalwood paste, lotuses and roses, seeing all the beings with same eyes my Bharat ever glows on the earth. 41

मेघमालाकुलं विद्युदुद्द्योतकं
काशहासान्वितं सर्षपश्रीयुतम् ।
पक्वगोधूमसस्यैश्च सम्पूरितं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।४२।।

जो (वर्षा ऋतु में) मेघमालाओं से युक्त और बिजली को चमकाने वाला है, (शरद् ऋतु में) काँस की हँसी से युक्त है, (वसन्त ऋतु में) सरसों की शोभा से युक्त है तथा (ग्रीष्म ऋतु में) पके हुए गेहूं तथा अन्य अनाजों से भरा रहता है, वह मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है।।४२।।

Overcast with dark clouds, splendid with the streaks of lightning (in rainy season), resplendent with the smile of K*āśa* (a particular grass Saccharum Spontaneum) (in winter season), beautiful with blosom of mustard (in spring days) and invested with the heaps of ripened wheatgrains (in summer), my Bharat ever glows on the earth. 42

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

श्यामलानोकहश्रीसमृद्धान्तरं
पद्मनेत्रैस्सरोभिस्समालोकितम् ।
निर्झरैः श्वेतफैनैस्समृद्धाञ्चलं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥४३॥

जो श्यामल वृक्षों की शोभा से समृद्ध है, जो कमलरूपी नेत्रों को धारण करने वाले तालाबों से देखा गया (अथवा प्रकाशित) है और सफेद झागों वाले झरनों से जिसके अंचल समृद्ध हैं, ऐसा मेरा भारत भूतल पर सदा शोभित रहता है।॥४३॥

Where regions are enriched with the verdurous beauty of trees, which is glanced by the lotus-eyed ponds and where hilly areas are foaming with cascades, that my Bharat ever glows on the earth. 43

हंस-कारण्डवैस्सारसैर्वर्तकैः
क्रौञ्चकाकैः पिकैः खञ्जरीटैः शुकैः।
तित्तिरैष्टिट्टिभैः श्येनगृध्रैश्चितं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥४४॥

हंस, कारण्डव, सारस, बत्तख, क्रौंच, काक, कोयल, खंजन, तोता, तीतर, टिट्टिभ (टिटहरी), बाज तथा गिद्ध आदि (सात्त्विक, राजस तथा तामस स्वभाव वाले अनेक) पक्षियों से युक्त मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है।॥४४॥

Variegated with the swans, Karandavas, cranes, ducks, kraunchas, crows, cuckoos, wagtails, parrots, partridges, pewits, falcons and vultures, my Bharat ever glows on the earth. (The birds are also used here as the symbols of ā ā and ā beings). 44

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

पण्डितैर्योद्धृभिर्वाणिजैः कार्मिकैः
शस्त्रिभिः शास्त्रिभिर्वर्णिभिर्गेहिभिः ।
वानप्रस्थैश्च सन्न्यासिभिर्मण्डितं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥४५॥

विद्वानों, योद्धाओं, व्यापारियों, मजदूरों, शस्त्रविद्यों, शास्त्रविद्यों, ब्रह्मचारियों, गृहस्थों, वानप्रस्थों तथा संन्यासियों से मण्डित मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है।।४५।।

Hallowed with the scholars, warriors, merchants, labourers, persons well-versed in armoury and scriptures, Brahmacharis, Grihasthas Vanaprasthas and Sannyasins, my Bharat ever glows on the earth. 45

यत्र हूणास्तुरुष्काः शका बर्बरा
म्लेच्छका यावना एत्य याता लयम् ।
यत्र चार्या अनार्या मुदैकत्रिता
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥४६॥

जहाँ हूण, तुर्क, शक, बर्बर, म्लेच्छ, यवन आदि अनेक जातियाँ आकर पच गयीं एवं जहाँ आर्य और अनार्य प्रसन्नतापूर्वक इकट्ठे रहते हैं, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित है।।४६।।

Where the congregations of the Hunas, Turks, Sakas, Barbaras, Mlechchhas and Yavanas etc. got absorbed and where Aryans and Non-Aryans are living mirthfully together, that my Bharat glows on the earth. 46

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi

क्षारमम्भोधिमापीय यस्मिन् स्थितै-
नारिकेलैः सुधोद्गारिभिः श्यामलः ।
शङ्कराचार्यदः केरलो राजते
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥४७॥

जिसमें खारे समुद्र को पीकर अमृत के समान मधुर जल का उद्गिरण करने वाले नारियल के पेड़ों से श्यामल बना हुआ जगद्गुरु शंकराचार्य को देने वाला केरल विराजमान है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभत हो रहा है॥४७॥

Wherein Kerala, the birthplace of Shankaracharya, green with the coconut trees absorbing the saline water of the sea and reproducing nectar (in the form of coconut water), exhibits its verdure, that my Bharat glows on the earth. 47

गोस्तनी-सेवपूर्णं मधुप्लावितं
देवदारूद्वहं नौगृहैः रञ्जितम् ।
सुन्दरं यस्य काश्मीरकं राजते
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥४८॥

जिसका द्राक्षा (अंगूरों) और सेवों से परिपूर्ण, मधु से प्लावित, देवदारुओं को धारण करने वाला तथा नौकागृहों से सुशोभित काश्मीर अत्यन्त खूबसूरत लगता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है॥४८॥

Whose Kashmir appears graceful, replete with vine-yards and apple- orchards, overflowing with honey, encircled with pines and adorned with houseboats, that my Bharat ever glows on the earth. 48

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

रामकृष्णावतारस्थले विश्रुते
नेहरू-मालवीयादि-रत्नोज्ज्वले ।
उत्तरे यस्य देशेऽस्ति तीर्थाधिपो
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।४९।।

जिसके राम और कृष्ण के अवतार-स्थल तथा नेहरू और मालवीय जी आदि अनेक (नर) रत्नों से उज्ज्वल उत्तर प्रदेश में तीर्थराज प्रयाग विराजमान है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ।।४९।।

Wherein, Uttar pradesh, the land of incarnations of Rama and Krishna, and brilliant with jewels like Nehru and Malaviya etc. is sanctified with the soverign Tirtha Prayaga, that my Bharat glows on the earth. 49

गण्डकी-शोण-गंगा-युता पाटली
लिच्छिवी-सेविता चापि वैशालिका ।
भूषयामासतुर्यस्य पूर्वाञ्चलं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।५०।।

गण्डक, शोण और गंगा से सेवित पाटलिपुत्र (पटना) और लिच्छिवी गण के द्वारा सेवित वैशाली ने जिसके पूर्वांचल को अलंकृत किया है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ।।५०।।

Whose eastern region was graced with Pataliputra irrigated by Gandaka, Sona and Ganga and with Vaisali ruled by Licchivis, that my Bharat glows on the earth. 50

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

श्रीदयानन्द-गान्ध्युज्ज्वलं गुर्जरं
स्वर्णबङ्गं विवेकारविन्दोज्ज्वलम् ।
नानकाद्युज्ज्वलं पञ्चतोयं दधद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥५१॥

स्वामी दयानन्द तथा महात्मा गांधी आदि से उज्ज्वल गुजरात, स्वामी विवेकानन्द तथा योगिराज अरविन्द से उज्ज्वल सोनार बंगाल एवं गुरु नानक आदि से उज्ज्वल पंजाब को धारण करता हुआ मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है ॥५१॥

Consisting of Gujrat sublime with Swami Dayanand and Mahatma Gandhi, of Golden Bengal brilliant with Swami Vivekananda and Yogiraja Arobindo and of Punjab glorified with Guru Nanak etc., my Bharat glows on the earth. 51

गोखले-बालगङ्गाधराराधितं
श्रीशिवाजी-तुकाराम-सम्बोधितम् ।
यन्महाराष्ट्रकं सह्यशृङ्गोच्छ्रितं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥५२॥

जिसका, गोखले तथा बालगंगाधर तिलक के द्वारा आराधित एवं शिवाजी और भक्त तुकाराम के द्वारा सम्बोधित महाराष्ट्र सह्याद्रि के शिखरों से समुन्नत है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है।।५२।।

Whose Maharashtra, worshipped by Gokhale and Balgangadhar Tilak, awakened by Shivaji and Tukaram, appears splendid with towering peaks of Sahyadri, that my Bharat glows on the earth. 52

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

त्यागराजस्वरैर्मोहितं तामिलं
मध्यदेशं तथा चम्बलालङ्कृतम् ।
यच्च सोल्लासमासाममङ्के दधद्
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।५३।।

जिसका तमिलनाडु त्यागराज के संगीतमय स्वरों से मोहित है, जिसका मध्यप्रदेश चम्बल नदी से अलंकृत है और जो सोल्लास आसाम को अपनी गोद में धारण करता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है।।५३।।

Whose Tamil Nadu feels enchanted with the melodies of Thyagaraja whose Madhya Pradesh is girdled with Chambal river and who sustains enthusiastic Assam in her lap, that my Bharat glows on the earth. 53

गोम्मटेशानुभावप्रभापूरितं
यस्य कर्णाटकं चन्दनामोदितम् ।
यस्य राजस्थलं वीरगाथाङ्कितं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।५४।।

जिसका कर्नाटक (श्रवणवेलगोल में) गोम्मटेश्वर की विशाल प्रतिमा की गरिमामय शोभा को धारण करने वाला एवं चन्दन से आमोदित है और जिसका राजस्थान वीरगाथाओं से अंकित है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित है ।।५४।।

Whose Karnataka is encompassed with the grandeur of the collosal idol of Gommteswar and is fragrant with sandal, whose Rajasthan is inscribed with the legends of valiance, that my Bharat ever glows on the earth. 54

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

आन्ध्रनागारुणादिप्रदेशेषु यत्
स्वीयभूतिं तनोति प्रभूतां सदा ।
यस्य सर्वस्थलेष्वस्ति प्रत्यग्रता
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥५५॥

जो आन्ध्रप्रदेश, नागालैण्ड, अरुणाचल प्रदेश (तथा हिमाचल प्रदेश) आदि राज्यों में अपनी प्रभूत विभूति का वितान करता है एवं जिसके सभी स्थानों में ताज़गी (नवीनता) व्याप्त है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥५५॥

Which pleasantly reveals its fullsome beauty in all the states namely Andhra Pradesh, Nagaland, Arunachal Pradesh etc. and where every-where pervades an unabated freshness, that my Bharat ever glows on the earth. 55

विक्रमादित्यवेतालगाथाङ्किते
मालवे रेजतुर्यस्य लोकश्रुतौ ।
भर्तृपूर्वो हरिश्चाथ सान्दीपनि-
र्भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥५६॥

जिसके विक्रमादित्य और वेताल की कहानियों से युक्त मालव प्रदेश में जगत्प्रसिद्ध भर्तृहरि और गुरु सान्दीपनि प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुके हैं, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥५६॥

Wherein, Malwa, characterised with the tales of Vikramaditya and Vaital, had the famous Bhartrihari and Guru Sandipani, that my Bharat glows on the earth. 56

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यत्कुरुक्षेत्रमध्ये स्वयं श्रीहरि-
निष्क्रियं पार्थमाश्वासयद् गीतया ।
स्वीयरूपेण तं च व्यधात्कर्मठं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।५७।।

जिसके कुरुक्षेत्र में निष्क्रिय अर्जुन को स्वयं श्रीहरि ने गीता के माध्यम से आश्वासन दिया एवं अपने (विराट्) रूप (के दर्शन) से उसे कर्मठ बनाया, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ।।५७।।

Wherein, at the battlefield of Kurukshetra Lord Shrikrishna Himself inspired inactive Arjuna to regain his self-confidence with celestial song of Holy Gita and made him active exhibiting him His colossal appearance, that my Bharat glows on the earth. 57

शुक्रतालास्पदे यत्र वैयासकिः
पापहन्त्रीं कथामाह साप्ताहिकीम् ।
यत्र चाद्याप्यवृद्धो वटो राजते
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।५८।।

जिसके (जिला मुजफ्फरनगरान्तर्गत) शुक्रताल नामक स्थान में व्यास जी के पुत्र शुकदेव जी ने एक सप्ताह में पूर्ण होने वाली (श्रीमद्भागवत की) पापनाशक कथा (राजा परीक्षित को) सुनायी थी और जहाँ आज भी जटा रहित युवा वट वृक्ष विराजमान है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है।।५८।।

Wherein ShukDev, the son of VedVyas, told the week-ending sin-expelling religious discourse of Shrimadbhagavata (to King Parikshit) at the place known as Shukratal where even today ever juvenile banyan tree stands magnanimously, that my Bharat glows on the earth. 58

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जन्वरीमासषड्विंशके वासरे
इण्डियागेट-पार्श्वस्थितो दर्शकः ।
यस्य शोभाप्रवाहे मुदा मज्जति,
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥५९॥

छब्बीस जनवरी के दिन, इण्डिया गेट के दोनों ओर बैठा हुआ दर्शक-समूह, जिसके, शोभाप्रवाह में मस्त होकर डुबकियां लगाता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥५९॥

Where, sitting on both sides of the path to India Gate, the spectators are absorbed in glamour on the 26th day of January, that my Bharat glows on the earth. 59

यस्य दिल्लीस्थिते रक्तदुर्गे शुभे
संसदश्चोत्तमाङ्गे त्रिरङ्गध्वजः ।
सार्वभौमीं स्वसत्तां वदत्युल्लसन्
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥६०॥

जिसके दिल्ली स्थित लालकिले पर तथा संसद भवन के ऊपर (फहराता) तिरंगा झण्डा अपनी सार्वभौम सत्ता की सोल्लास घोषणा करता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥६०॥

Wherein on the Red Fort and Parliament House of New Delhi, Tricolour Flag, fluttering in the air, proclaims its Sovereignty, that my Bharat glows on the earth. 60

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यन्मुनीनां तपस्यास्थली कथ्यते
यत्परब्रह्मलीलास्थली विद्यते ।
यच्च नानाकथानां निधी राजते
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥६१॥

जो मुनियों की तपस्या स्थली कहा जाता है, जो परब्रह्म (के नाना अवतारों) की लीलास्थली है और जो अनेक कथाओं का खजाना है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥६१॥

Which is acclaimed as the penance-place of ascetics the Leela place of Parabrahman (Absolute) and the reservoir of various tales and legends, that my Bharat glows on the earth. 61

यस्य वैदेशिकैर्यात्रिभिः कीर्तिता
चारुकीर्तिः ककुब्व्यापिनी प्रोज्ज्वला ।
यस्य धर्मो विदेशैस्समालिङ्गितो
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥६२॥

जिसकी दिग्दिगन्तव्यापी समुज्ज्वल सुन्दर कीर्ति का (ह्वेनसांग फाह्यान आदि अनेक) विदेशी यात्रियों ने गान किया है और जिसके धर्म को विदेशों ने (सहर्ष) स्वीकारा है, वह मेरा भारत भूतल पर शोभायमान है ॥६२॥

Whose brilliant fame, spreading in all directions, is sung by foreign travellers and whose religions are embraced by foreign countries, that my Bharat glows on the earth 62

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi

यद्दरिद्रव्यथां हर्तुमाकाङ्क्षति
यच्च वैज्ञानिकीमुन्नतिं वाञ्छति ।
यन्निजाध्यात्मरत्नप्रभालोकितं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।६३।।

जो गरीबों की पीड़ा को दूर करने का इच्छुक है, जो वैज्ञानिक उन्नति का अभिलाषुक है, एवं (साथ ही) जो अपने अध्यात्म-रत्नों की प्रभा से आलोकित रहता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है।।६३।।

Which desires to remove the sufferings of the poor, which aims at the scientific progress and which is brilliant with the help of its spirituality, that my Bharat glows on the earth. 63

वह्निभूकम्पझञ्झाजलप्लावनै-
र्भीषितं चापि यत्साहसं न त्यजेत् ।
ईतिभीतिप्रभावांस्तथा तर्जयेत्
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।६४।।

जो आग, भूकम्प, झंझावात तथा बाढ़ से डराया जाने पर भी अपना साहस नहीं छोड़ता तथा (वक्त आने पर) ईति-भीतियों के प्रभाव को धमका सकता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ।।६४।।

Which does not give up courage even if threatened by the fire, earthquakes, tornadoes, inundation and which can snub all the dread and distress, that my Bharat glows on the earth. 64

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यस्य विश्वे समस्तेऽपि विद्योतते
पावनं नाम दिव्यं यशश्चोज्ज्वलम् ।
प्राणिसङ्घं च प्रीणाति यद्दर्शनं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥६५॥

जिसका पावन नाम और उज्ज्वल यश समस्त विश्व में चमकता है और जिसके दर्शन से प्राणियों के समूह प्रसन्नता पाते हैं, वह मेरा भारतवर्ष भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥६५॥

Whose sacred name and fame effulges in the entire universe and the vision of which pleases the congregation of humanity, that my Bharat glows on the earth. 65

यन्मया गीयते यद्भजामि प्रियं
येन मह्यं प्रदत्ताः शुभाः प्रेरणाः ।
किञ्च यस्मै नमो मेऽस्ति यस्माद्बलं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥६६॥

जो मेरे द्वारा गाया जाता है, जिसको मैं अत्यन्त प्यारा समझ कर भजता हूं, जिसने मुझे प्रेरणाएं दी हैं, जिसके लिए मेरा प्रणाम समर्पित है और जिससे मुझे बल मिलता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥६७॥

Whihc is sung by me, whose dear image I worship, which has inspired me to perform goodness, before whom I bow and which vouchsafes me strength, that my Bharat glows on the earth. 66

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यस्य संदृश्य संदृश्य शोभा नवा
यस्य संस्मृत्य संस्मृत्य गाथा शुभाः ।
रोमहर्षो नृणां जायते वै सतां
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥६७॥

जिसकी अभिनव शोभा देख-देख कर एवं कल्याणकारिणी गाथाओं को याद कर करके सज्जनों को रोमांच हो आता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥६७॥

Viewing whose ever a new charm over and over again, remembering whose auspicious stories over and over again people are enraptured, that my Bharat glows on the earth. 67

यत्र सत्यं शिवं सुन्दरं राजते
रामराज्यं च यत्राभवत्पावनम् ।
यस्य ताटस्थ्यनीतिः प्रसिद्धिं गता
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥६८॥

जहां सत्य, शिव और सुन्दर सुशोभित रहता है, जहां कभी पवित्र रामराज्य था और जिसकी तटस्थता की नीति जगत्प्रसिद्ध है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है ॥६८॥

Where effulges the Truth, the Good and the Beautiful, where Ramarajya, dedicated to social welfare, had its sway and whose policy of non-alignment has won fame in the world, that my Bharat glows on the earth. 68

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

वाजिराजिं गजालिञ्च न्यक्कुर्वता[१]
पण्डितेन्द्रेण यस्मिंल्लवङ्गी वृता ।
सुस्तनी[२] मस्तकन्यस्तकुम्भा प्रिया
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।६९।।

१ गजालिं तिरस्कुर्वता इति पाठान्तरम्।

२ सुन्दरी इति पाठान्तरम्।

जिसमें घोड़ों के समूह एवं हाथियों की पंक्ति का तिरस्कार करते हुए पण्डितराज जगन्नाथ ने सिर पर कलश रखने वाली सुस्तनी प्यारी लंवगी को स्वीकार किया था, वह मेरा भारत भूतल पर चमकता है।।६९।।

Wherein rejecting the rows of horses and elephants Panditaraj Jagannath chose only Lavangi- his beloved with charming breast and bearing pitcher on her head, that my Bharat glows on the earth. 69

साधकैस्सद्भिरध्यात्मचिन्तापरै-
र्देशभक्तैर्विपश्चिद्भिरापूरितम् ।
कर्षकैः कार्मिकैः स्विन्नगात्रैर्युतं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।७०।।

जो (योग तथा तन्त्र आदि के) साधकों, (कबीर, नानक, ज्ञानेश्वर, रैदास, प्राणनाथ प्रभृति) सन्तों, (पतंजलि, कपिल, शंकर आदि) अध्यात्मचिन्तकों, (भक्तसिंह, ऊधम-सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, मेजर आशाराम त्यागी, अब्दुल हमीद, अशफाकुल्ला, पं० रामप्रसाद बिस्मिल, गान्धी, नेहरू, सुभाषचन्द्र बोस, लाला लाजपतराय, श्रीलालबहादुरशास्त्री आदि) देश भक्तों तथा विद्वानों ये परिपूर्ण (रहा है ओर) है एवं जो पसीने से लथपथ शरीर वाले किसानों और मजदूरों से युक्त है, वह मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है ।।७०।।

Overbrimmed with the meditators, saints, spiritual thinkers, patriots, scholars and sweating peasants and labourers, my

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Bharat ever glows on the earth. 70

मातृभूमेर्विपज्जालमुच्छेदयन्
मृत्युपाशं च कण्ठे सहर्षं धरन् ।
भक्तसिंहोऽस्ति यत्रामरत्वं गतो
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥७१॥

जहाँ जननी जन्मभूमि के विपज्जाल को काटता हुआ और मौत की फाँसी को अपने गले में सहर्ष पहनता हुआ भगतसिंह अमर हो गया, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित है ॥७१॥

Wherein breaking the chains of Motherland's afflictions and inviting noose round his neck Bhagat Singh became immortal, that my Bharat glows on the earth. 71

'डोगराई' स्थले राम आशायुतः
शत्रुटैङ्कान् विभिन्दन् खलाँस्तर्जयन् ।
मातृपूजापरो यत्र नाकं गतो
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥७२॥

डोगराई रणक्षेत्र में शत्रु(पाकिस्तान) के टैंकों को तोड़ता हुआ एवं दुष्टों को ललकारता हुआ मेजर आशाराम त्यागी जहाँ मातृ-भूमि की पूजा करता हुआ स्वर्गगामी हुआ, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित है।।७२।।

Wherein, Major Asha Ram Tyagi, worshipping Motherland, annihilating enemies' tanks and rebuking the malevolent persons, in Dogarai battlefield made his Heavenly abode, that my Bharata glows on the earth. 72

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

घर्घरस्वानपूर्वं पुरः प्रस्थितान्
शत्रुटैटङ्कान् करीन्द्रानिव ध्वंसयन् ।
श्रीहमीदो बभौ केसरी यत्र तद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥७३॥

घड़घड़ा कर सामने आते हुए शत्रु के टैंकों को ध्वस्त करने वाले युवक अब्दुल हमीद ने जहां हाथियों के झुण्ड को ध्वस्त करने वाले बबर शेर की शोभा धारण की, वह मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है ॥७३॥

Wherein took birth lion-like Abdul Hamid who killed the forthcoming and rumbling tank-elephants of enemy, that my Bhart ever glows on the earth. 73

रक्तपातं विना शस्त्रपातं विना
यत्र सङ्क्रान्तिरायाति मन्दस्मिता ।
येन विश्वं सदा शिक्ष्यते प्रेर्यते
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥७४॥

जहाँ खून-खराबे और हथियारों के टकराने के बिना ही मन्द मुस्कान के साथ क्रान्ति आ जाती है एवं जो विश्व को सदा शिक्षा और प्रेरणा देता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित रहता है ।

Where, without bloodshed or blows of weapons, the revolution comes with sweet smile, and which always inspires and educates the world, that my Bharat glows on the earth. 74

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यत्र हिंस्त्रः स्वपापैः स्वयं हिंस्यते
यत्र साधुः समत्वाद्भयान्मुच्यते ।
यत्र सत्यं जयं याति नैवानृतं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।७५।।

जहाँ हिंसक अपने पापों से स्वयं ही मर जाता है, जहाँ सज्जन अपनी धीरता और क्षमाशीलता से सभी भयों से मुक्त हो जाता है और जहाँ सत्य की जय होती है न कि झूठ की, वह मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित है ।

Wherein ferocious killer is killed by his own sins, where virtuous overcomes all the fears by his virtuousness, where the Truth is victorious not the falsehood, that my Bharat glows on the earth. 75

यत्प्रजातन्त्ररक्षापरैर्मानवै-
र्नास्ति हीनं कदापि प्रभाभासुरम् ।
आत्मतेजोमयं तद्ध्यहिंसामयं
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।७६।।

जो प्रजातन्त्र की रक्षा करने वाले मानवों से कभी विहीन नहीं रहता, जो अपनी प्रभा से चमकता रहता है, जो आत्मिक तेज से युक्त है, वह अहिंसामय मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है ।।७६।।

Which is never devoid of the democracy-protecting persons and is brilliant, self-confident and non-violent, that my Bharat ever glows on the earth. 76

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यत्र सर्वसहा मेदिनी राजते
यत्र शीलं परं भूषणं भण्यते ।
यत्र मौनं चकास्ति व्रतेषूत्तमं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥७७॥

जहाँ की धरती सब कुछ सहन कर लेती है, जहाँ शील ही परम भूषण कहा जाता है, जहाँ मौन सभी व्रतों में उत्कृष्ट है, वह मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित है ॥७७॥

Where soil is all-forbearing, where modesty is called the best ornament, where silence is considered as the best vow, that my Bharat glows on the earth. 77

सज्जनान् दुर्गतान् दुर्जनान् सद्गतान्
मानिता[१] वारनारीर्विपन्ना वधूः ।
वीक्ष्य चित्तं कवेर्दूयते यत्र तद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥७८॥

जहाँ सज्जनों की दुर्गति एवं दुर्जनों के ठाठ-बाट और बाजारू औरतों के सम्मान एवं गृहवधुओं की विपत्तियों को देखकर कवि का चित्त व्यथा से भर उठता है, वह मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित रहता है॥७८॥

१. पीडिता इति पाठान्तरम्।

Where, seeing the noble in miserable state and the wicked in prosperous condition, prostitutes honoured and housewives distressed, the poet's heart feels aggrieved, that my Bharat ever glows on the earth. 78

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

दुःखदावानलैर्दग्धदेहान्नरान्
क्षुत्पिपासाकुलान् वृत्तिकष्टार्दितान् ।
वीक्ष्य कारुण्यपूर्णा नरा यत्र तद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ॥७९॥

दुःख-दावानल से झुलसे हुए शरीर वाले, भूख-प्यास से व्याकुल तथा बेरोजगार लोगों को देखकर जहाँ के लोग करुणा से भर जाते हैं, वह मेरा भारत भूतल पर सदा सुशोभित है ॥७९॥

Wherein men feel pity when they see the people roasted with the wild fire of sorrows, threatend by thirst and hunger and tormented with unemployment, that my Bharat ever glows on the earth. 79

चञ्चलां राजलक्ष्मीमुलूकश्रितां
सर्वशुक्लां च वाणीं मरालस्थिताम् ।
यत्र लोको यथेष्टं मुदा वन्दते
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥८०॥

जहाँ के लोग उल्लू की सवारी करने वाली चंचल राजलक्ष्मी अथवा हंस पर आरूढ़ सर्वशुक्ला सरस्वती की अपनी इच्छा के अनुसार प्रसन्नतापूर्वक आराधना करते हैं, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित रहता है॥८०॥

Wherein the devotees worship flickering Rajalakshmi ascending on the chariot of owl, and all-white Saraswati ascending on the chariot of swan according to their own likings, that my Bharat glows on the earth. 80

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लोकगीतेषु चित्तं यदीयं रतं
लोकनृत्येषु चित्तं यदीयं रतम् ।
लोककृत्येषु चित्तं यदीयं रतं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥८१॥

जिसका मन लोकगीतों में लगा रहता है; जिसका दिल लोकनृत्यों में रमा रहता है; जिसका मन लोकाचारों में लगा रहता है; वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित रहता है ॥८१॥

Whose mind is absorbed in folk songs, folk dances and folk customs, that my Bharat glows on the earth. 81

यत्र पुण्याः सरित्सङ्गमा राजिता
यत्र पाषाणतश्चामृतं स्यन्दते ।
भावना यत्र बोधेन सङ्गच्छते
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥८२॥

जहाँ नदियों के पुण्य संगम सुशोभित हैं; जहाँ पत्थर से भी अमृत चू पड़ता है; जहाँ भावना ज्ञान से मिली रहती है; वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित रहता है॥८२॥

Wherein sacred confluences of rivers look magnified; where nectar oozes from stones; where emotion is paired with intellect, that my Bharat glows on the earth. 82

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अन्धकारात्प्रकाशं तथाज्ञानतो
ज्ञानमभ्येति मृत्योस्तथा चामृतम् ।
यत्र जीवः स्वरूपावबोधस्थितो
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।८३।।

जहाँ अपने स्वरूप का ज्ञान प्राप्त कर लेने वाला जीव अँधेरे से प्रकाश की, अज्ञान से ज्ञान की तथा मृत्यु से अमृत की स्थिति प्राप्त कर लेता है, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित रहता है ।।८३।।

Where soul, reposed in self-realisation, is led from darkness unto light, from ignorance unto knowledge and from death unto immortality, that my Bharat glows on the earth 83

शासकानां मदं हेलयैव प्रजा
यत्र हन्ति प्रजातन्त्ररक्षापरा ।
त्यागिनो यत्र नैव म्रियन्ते क्वचिद्
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।८४।।

जहाँ प्रजातन्त्र की रक्षा करने में तत्पर जनता शासकों के नशे को खेल-खेल में उतार देती है और जहाँ त्यागी व्यक्ति कभी नहीं मरते(यशःकाय से सदा जीवित रहते हैं) वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित है।।८४।।

Where the people, engaged in safeguarding the democracy, deflate the swollen heads of the ruleres in a trice and where the renouncers prove their immortality forever, that my Bharat glows on the earth. 84

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यत्र नग्नाः क्षुधार्ता अगेहा अपि
स्वाभिमानं जहत्येव नो मानवाः ।
यत्र दृप्तं निरीहस्तृणं मन्यते
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥८५॥

जहाँ नंगे, भूखे तथा बेघर लोग भी स्वाभिमान को नहीं छोड़ते तथा जहाँ निरीह (किसी से कुछ न चाहने वाले) प्राणी घमंडी को तिनके के बराबर समझते हैं, वह मेरा भारत भूतल पर सुशोभित हो रहा है।।८५।।

Where even naked, famished and houseless people do not give up their self-respect and where desireless persons count the conceited as nothing, that my Bharat glows on the earth. 85

शासनासन्दिकाराधनैकव्रतं
नेतृवृन्दं समालोक्य छद्मावृतम् ।
यत्र नित्यं हसन्ति प्रजानां गणाः
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ॥८६॥

७. कल्पनातीत दुःख आ जायें, या कल्पनातीत सुख आ जायें, इन्हें (सुख-दुःख को) जो समान भाव से ही सहन कर लेती है, वह मैं भारत की जनता हूँ।

(८)

कृत्वा भूमण्डलपर्यटनं
यं देशं स्वर्गं मनुते ना।
तस्यैव नृपस्तस्यैव प्रजा
ऋजुचरिता भारतजनताहम्॥

८. भूमण्डल का पर्यटन करने के बाद जिस देश को लोग स्वर्ग कहते हैं, उस भारत देश की ऋजु चरित्र वाली प्रजा और शासक मैं भारत की जनता हूँ।

(९)

नाहं भ्रमेऽस्मि नाहं मोहे
विश्वं भ्रान्त्वा तथ्यं वदामि।
प्रेरणां जगन्मत्तो लभते
धृतिशीला भारतजनताहम्॥

९. न मुझे कोई भ्रम है और न मैं मोह से ग्रस्त हूँ। मैं विश्व का भ्रमण कर तथ्य कहती हूँ कि संसार मुझसे प्रेरणा पाता है। धृतिशील मैं भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(१०)

विश्वस्मिन् जगति गताहमस्मि
विश्वस्मिन् जगति सदा दृश्ये।
विश्वस्मिन् जगति करोमि कर्म
कर्मण्या भारतजनताहम्।।

१०. मैं सारे संसार में पहुँची हूँ और सारी दुनिया में दिखायी देती हूँ। सारे जग में जो काम करती है, वह कर्मठ मैं भारत की जनता हूँ।

(११)

लङ्घिताः पर्वता अवरुद्धा
नद्यः प्रपूरिता जलाशयाः।
सिक्ता मरवश्च यया बहुधा
महिता सा भारतजनताहम्।।

११. जिसने अनेक बार पर्वत लाँघे, नदियाँ रोक दीं, कितने ही जलाशय भर दिये, जिसने मरुस्थल सींचे, ऐसी महान मैं भारत की जनता हूँ।

(१२)

किं किं न तपस्तप्तं हि मया
स्वातन्त्र्यदेवताराधनाय? ।
किं किं न सहे तद्रक्षार्थं
श्रमशीला भारतजनताहम्।।

१२. स्वतन्त्रता की प्राप्ति के लिए भला मैंने क्या-क्या तप नहीं किया? उसकी (स्वतन्त्रता) की रक्षा के लिए भला मैं क्या-क्या नहीं सहन कर रही? श्रमशील मैं भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(१३)

ये मह्यं गालीर्ददुस्तथाऽ-
कुर्वन्नपकारं मम नित्यम्।
जितवती तानहं तपोबलै-
र्गम्भीरा भारतजनताहम्।।13।।

१३. जिन्होंने मुझ को गालियाँ दीं और मुझ पर अपकार किये, उन्हें अपने तपोबल से विजित करती मैं भारत की जनता हूँ।

(१४)

दारिद्र्यदुःखदावाग्निदग्ध-
देहापि नो म्रिये ह्यद्यावधि।
साहस-जिजीविषा-कर्मठता-
पुत्तलिका भारतजनताहम्।।

१४. मैं दारिद्र्य के दुःख की दावाग्नि में दग्ध होकर भी अब तक मरी नहीं हूँ। साहस, जिजीविषा और कर्मठता की पुतली मैं भारत की जनता हूँ।

(१५)

दम्भोलिसन्निभा अपि विपदोऽ
नायासमेव सर्वा हि सहे।
विषपानपरापि स्मितवदना
सर्वंसहभारतजनताहम् ।।

१५. मैं वज्र के समान विपदाओं को भी अनायास ही सह लेतीं हूँ। मैं विष पान कर भी मुसकाती हूँ। सब कुछ सहन करने वाली मैं भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(१६)

आयातु यातु लक्ष्मीः स्तुवन्तु
निन्दन्तु नीतिनिपुणाः कामम्।
उच्चावचमार्गे गच्छन्ती
सोत्साहा भारतजनताहम्।।

१६. लक्ष्मी इच्छानुसार आये या जाये, नीति में निपुण लोग मेरी स्तुति करें या निन्दा करें, ऊँचे नीचे पथ पर बढ़ती उत्साहित मैं भारत की जनता हूँ।

(१७)

अणवस्त्रनिर्मितिर्नो कठिना
मम कृते तथापि न तामीहे।
वास्तविकी हेतिरहिंसा मे
निर्भीका भारतजनताहम्।।

१७. अणुबम्ब का निर्माण मेरे लिए कठिन नहीं है, फिर भी मैं उसको नहीं चाहती हूँ। मेरा वास्तविक अस्त्र तो अहिंसा है। मैं निर्भीक भारत की जनता हूँ।

(१८)

सङ्गणकयन्त्रजालोऽपि मेऽस्तु
भौतिक्युन्नतिरपि मे तथास्तु।
जीवनरसश्च मा शुष्को भू-
दितिकामा भारतजनताहम्।।

१८. मेरे पास संगणक यंत्र (कम्प्यूटर) का जाल भी बिछे और मेरी भौतिक उन्नति भी हो परन्तु जीवन का रस कभी भी न सूखे- यह चाहने वाली मैं भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(१९)

आक्रमणं नैव करोमि कदा-
प्याक्रमणं नैव कदापि सहे।
आर्जवं न मे मूर्खत्वमस्ति
दृढकवचा भारतजनताहम्॥

१९. मैं किसी पर कभी आक्रमण नहीं करती, परन्तु मैं किसी का आक्रमण कभी भी नहीं सहती। ऋजुता (सरलता) मेरी मूर्खता नहीं, मैं दृढ़ कवच वाली भारत की जनता हूँ।

(२०)

मैत्री मे सहजा प्रकृतिरस्ति
नो दुर्बलतायाः पर्यायः।
मित्रस्य चक्षुषा संसारं
पश्यन्ती भारतजनताहम्॥

२०. मैत्री मेरा सहज स्वभाव (प्रकृति) है, यह मेरी दुर्बलता का पर्याय नहीं है। जो मित्र दृष्टि से दुनिया को देखती है, वह मैं भारत की जनता हूँ।

(२१)

ज्वालामुखिनं गिरिमारूढं
परमाणुदैत्यविकलितचित्तम्।
अधुनापि जगच्छान्तिं ब्रूते
या सैषा भारतजनताहम्॥

२१. ज्वालामुखी पर्वत पर बैठे और परमाणु दैत्य से विकलित चित्त वाले संसार को अब भी जो शान्ति का सन्देश दे रही है, वह मैं भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(२२)

विद्वांसो वीराः शिल्पकराः
श्रमिणः सन्तः किं किं न मेऽस्ति।
स्यादत्र न गृहभेदनपाप-
मितिकामा भारतजनताहम्॥

२२. विद्वान्, वीर, शिल्पकार, मजदूर, सन्त और कवि – ये सब मुझ में है। मेरे पास क्या नहीं है? बस घर फोड़ने का पाप जो नहीं चाहती, वह मैं भारत की जनता हूँ।

(२३)

नो सहे बलात्कारान् हत्या
अपहृतीस्तथा तस्करवृत्तीः।
नो सहे स्वीयदेशस्य भङ्ग-
मुन्निद्रा भारतजनताहम्॥

२३. बलात्कार, हत्या, अपहरण तथा चोरी (तस्करवृत्ति) को सहन कर सकती हूँ और न देश भंग को सह सकती वह मैं जागृत भारत की जनता हूँ।

(नवीनपाठः)

(२४)

नग्ना बुभुक्षिता निर्गेहा
सत्यपि जीवामि बहोः कालात्।
जीविष्यामि च कल्पान्तमहं
मृत्युञ्जय – भारतजनताहम् ॥

२४. नंगी, भूखी और बेघर रहकर भी मैं न जाने कब से जी रही हूँ! कल्पान्त तक जीने वाली मैं मृत्युंजय भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(२५)

जिह्वां मे कीलयितुं शक्तः
कः कोऽत्र जगति मातुर्जातः।
वाणी विहरति मे सदोज्ज्वला
गर्जन्ती भारतजनताहम् ॥

२५. कौन सा माई का लाल है जो मेरी जुबान को कील सके। मेरी उज्ज्वल वाणी सदा विहार करती है। मैं गरजती हुई भारत की जनता हूँ।

(२६)

नक्राश्रुजलं जाने सम्यग्
जाने च गृध्रगोमायुगिरम्।
जाने करटक-दमनक-चरितं
हृदयज्ञा भारतजनताहम्।।

२६. जो घड़ियाली आँसुओं, (महाभारत के) गोमायु-गृध्र की भाषा और (पंचतंत्र के) करटक-दमनक की चालों को समझती है, वह मैं भारत की जनता हूँ।

(२७)

तस्करा हिंसका गेहभिदो
मूढाश्च सन्तु मयि यदा कदा।
ते किन्तु नैव परिभाषा मे
समुदारा भारतजनताहम्।।

२७. यदा कदा मुझमें बेशक तस्कर हिंसक, घरफोड़े और मूढ़ दिखाई दे जाते हों किन्तु वे मेरी परिभाषा नहीं हैं। मैं तो अत्यन्त उदार भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(२८)

दृप्तानामङ्कुशतां भजामि,
नम्राणां रक्षकतां भजामि।
दुष्टानां शिक्षकतां भजामि
लोकज्ञा भारतजनताहम्॥

२८. मैं दृप्तों के लिए अंकुश बन जाती हूँ, नम्रों की रक्षक बनी रहती हूँ, दुष्टों को सबक सिखाती हूँ। लोक व्यवहार को जानने वाली मैं भारत की जनता हूँ।

(२९)

शासनासन्दिकामधिरोढुं
प्रतिनिधयो मे कुर्वन्ति न किम्?
तां प्राप्य केऽपि यां विस्मरन्ति
मुग्धा सा भारतजनताहम्॥

२९. शासन की कुर्सी (गद्दी) को प्राप्त करने के लिए मेरे प्रतिनिधि क्या-क्या नहीं करते? उसे (सत्ता को) पाकर वे जिसको भूल जाते हैं, वह मैं भोली भारत की जनता हूँ।

(३०)

मुग्धा त्वहमस्मि परं दृप्तान्
लेहयामि धूलिं निजौजसा।
जनतन्त्रपद्धतेर्गुडाकेश-
गोप्त्री खलु भारतजनताहम्॥

३०. भोली तो मैं हूँ परन्तु मैं प्रजातन्त्र की रक्षक हूँ। मैं अपने पराक्रम से घमंडी को धूल चटा देती हूँ। मैं जनतन्त्र पद्धति की जागरूक रक्षक भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(३१)

भारतभूमेरुत्पन्नाह-
मस्याञ्च विलीये सामोदम्।
सेविष्ये ह्येनामाजीवन-
मतिहृष्टा भारतजनताहम्।।

३१. मैं इसी भारतभूमि मैं पैदा हुई हूँ और इसी में मैं विलीन हो जाऊँगीं। मैं अत्यन्त हर्षित होकर आजीवन इसकी सेवा करूँगी। मैं भारत की जनता हूँ।

(३२)

मोदे प्रगतिं दर्शं दर्शं
वैज्ञानिकीं च भौतिकीं, परम्।
दूयेऽद्यत्वे लोकं लोकं
शठचरितं भारतजनताहम्।।

३२. मैं भारत की वैज्ञानिक और भौतिक प्रगति को देख देखकर तो प्रसन्न हूँ परन्तु आज की शठ-लीला देख देखकर मैं दु:खित हो जाती हूँ। मैं भारत की जनता हूँ।

(३३)

दारिद्र्यं वृत्तेर्न्यूनत्वं
सर्वमप्युपेक्षे काममहम्।
नोपेक्षे किन्तु सतां पीडां
करुणार्द्रा भारतजनताहम्।।

३३. गरीबी और बेरोजगारी की तो एक बार मैं उपेक्षा कर सकती हूँ किन्तु मैं सज्जन की पीड़ा की उपेक्षा नहीं कर सकती। मैं करुणा से भीगी भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(३४)

आचरति दुर्जनो नीचकर्म
यत्तसर्वं जाने, जाने।
प्राप्नोमि तथापि न निष्ठुरतां
करुणार्द्रा भारतजनताहम्॥

३४. दुर्जन जो खोटे कर्म करता है उसे क्या मैं नहीं जानती? भली भाँति जानती हूँ। फिर भी मैं निष्ठुर नहीं हो पाती क्योंकि मैं करुणा से भीगी भारत की जनता हूँ।

(३५)

देशे निरागसां संहारं,
लुण्ठनं सतां च वधूदाहान्।
श्रावं श्रावं दर्शं दर्शं
व्यथमाना भारतजनताहम्॥

३५. देश में निर्दोषों के संहार, सज्जनों के लुटने और गृहवधुओं के जलाने को सुन सुनकर और देख देखकर व्यथित हो जाने वाली मैं भारत की जनता हूँ।

(३६)

पश्यामि यदा कुटिलैः क्लृप्तां
मूढैश्च कृतां विघटनसरणिम्।
विलपामि तदा खिन्ना खिन्ना,
चिन्ताकुलभारतजनताहम् ॥

३६. जब भी मैं कुटिल और मूढ़ों के द्वारा बनायी गयी विघटन पद्धति को देखती हूँ तब चिन्ता से व्याकुल होकर खिन्न हृदय से रोने वाली मैं भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(३७)

अभिसन्धि-धार्मिकोन्माद-भैक्ष्य-
शारीरपण्य-मिश्रणदोषैः।
अस्वास्थ्यकरैश्च प्रदूषणै-
रतिविकला भारतजनताहम्॥

३७. षड्यन्त्र, धार्मिकोन्माद, भीख, देह व्यापार, अपमिश्रण (मिलावट) एवं अस्वास्थ्य कर प्रदूषण को देख-देखकर व्याकुल होने वाली मैं भारत की जनता हूँ।

(३८)

पश्यामि यदा मलिनां गङ्गां
सरितोऽन्या अग्निमथोद्गिरतीः।
तासां पवित्रतां शीतलतां
चेच्छन्ती भारतजनताहम् ॥

३८. जब मैं गंगा को मलिन देखती हूँ और अन्य सरिताओं को आग उगलते देखती हूँ तो उनकी पावनता और शीतलता की कामना करने वाली मैं भारत की जनता हूँ।

(३९)

स्वीयैरपराधैः ह्रीणाहं
स्वीयैर्दोषैरतिखिन्नाहम् ।
एकतां कामये नित्यं स्वां
जगदीश्वर! भारतजनताहम्॥

३९. अपने अपराधों से लज्जित हूँ, अपने दोषों से अत्यन्त खिन्न हूँ! हे जगदीश्वर! मैं अपनी एकता को नित्य चाहती हूँ। मैं भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(४०)

युवकात्मघात - मादकपदार्थ-
सेवनोत्कोच - दुर्बलघाताः ।
नो सन्तु मदीये देशेऽस्मि -
न्नितिकामा भारतजनताहम्॥

४०. मेरे इस देश (भारत) में कहीं भी युवकों के द्वारा आत्मघात, मादक पदार्थों का सेवन, उत्कोच (घूसखोरी) तथा गरीब मार न हो- यह चाहने वाली मैं भारत की जनता हूँ।

(४१)

अविरुद्धान् वापि विरुद्धान् वा-
प्येकस्मिन् सूत्रे स्थापयितुम्।
किं किं न मया क्रियते लोके
यत्नस्था भारतजनताहम्॥

४१. अविरुद्धों या कि विरुद्धों को एक सूत्र में पिरोने के लिए मैं क्या-क्या नहीं कर रही? मैं प्रयत्नशील भारत की जनता हूँ।

(४२)

ये दृश्या मयि दोषा नैकेऽ-
रुन्तुदा अवाच्याः कष्टकराः।
कामये विलोपं वै तेषा-
मतिशीघ्रं भारतजनताहम्॥

४२. जो मुझमें मर्मान्तक, कष्टप्रद, अवाच्य दोष दिखायी देते हैं उनका अतिशीघ्र लोप हो - यह चाहने वाली मैं भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(४३)

आक्रमिणो लुण्ठक-सङ्घाता
आगता येऽपि मयि गता लयम्।
विविधाप्येका विलसामि सदा
बहुवर्णा भारतजनताहम्॥

४३. हमलावर (आक्रमणकारी) और लुटेरों के समूह भी आकर मुझमें लीन हो गये, मैं अनेक होकर भी एक रहने वाली हूँ। मैं वहुवर्णा भारत की जनता हूँ।

(४४)

अभितः परितः समया निकषा
मां यद्घटते तत्प्रेक्षेऽहम्।
सर्वस्य कृते खलु सज्जा या-
सावहिता भारतजनताहम्॥

४४. आगे पीछे, दाँये बाँये तथा सब ओर जो कुछ भी घटित हो रहा है उस सबके प्रति जो तैयार रहने वाली है ऐसी मैं सावधान भारत की जनता हूँ।

(४५)

सागरे वियति धरणीपृष्ठे
भूधरशृङ्गेषु वनेषु मरौ ।
निजमातृभूमिरक्षणदक्षा
जितनिद्रा भारतजनताहम्॥

४५. जल में, थल में, नभ में, वन में, पर्वत शिखरों पर तथा मरुस्थल में अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए नित्य तत्पर रहने वाली मैं भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi

(४६)

क्षेत्रेषु खलेषु तथा चैवम्
उद्योगगृहेषु कुटीरेषु ।
नित्यं समृद्धिमुत्पादयामि
निस्तन्द्रा भारतजनताहम्॥

४६. खेतों में, खलिहानों में, कारखानों में और कुटीरों में मैं नित्य समृद्धि का उत्पादन करती हूँ। मैं निस्तन्द्र भारत की जनता हूँ।

(४७)

नेतॄणां वार्तां नो करोमि
निजवार्तामेव परं भणामि।
आराध्यदैवतं मे भारत-
माराधक - भारतजनताहम्॥

४७. नेताओं की बात मैं नहीं करती; मैं तो अपनी बातें कहती हूँ। भारत मेरा आराध्य देव है और मैं उसकी आराधक भारत की जनता हूँ।

(४८)

किं किं स्मरामि किं विस्मरामि,
किं किं लिखामि किं किं पठामि!
किं वा गायामि निजां गाथाम्
अविकत्थनभारतजनताहम् ॥

४८. क्या-क्या याद करूँ और क्या-क्या भूलूँ? क्या-क्या लिखूँ और क्या-क्या पढ़ूँ? क्या-क्या अपनी गाथा गाऊँ? मैं तो अविकत्थन भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(४९)

जलबुद्बुदसङ्काशाः कति नो
संस्कृतयो लुप्ताः संसारे।
गङ्गाप्रवाह इव सनातनी
गतिशीला भारतजनताहम्॥

४९. पानी के बुलबुलों के समान न जाने कितनी संस्कृतियाँ संसार में विलुप्त हो गयीं परन्तु गंगा प्रवाह सी सनातनी गतिशील मैं भारत की जनता हूँ।

(५०)

अथवा किं बहुना रमाकान्त?
सङ्क्षिप्ततया तथ्यं भणामि।
हरिमेव जगज्जगदेव हरिं
पश्यन्ती भारतजनताहम्॥

५०. हे रमाकान्त! अब अधिक क्या कहूँ थोड़े में ही तथ्य कहे देती हूँ। मैं हरि में जग को और जग में ही हरि को देखने वाली भारत की जनता हूँ।

(५१)

परतन्त्रो मा भूत्क्वापि कोऽपि
सर्वः सर्वत्र सदा नन्दतु।
जगतः स्वतन्त्रतामिच्छन्ती
मोदे खलु भारतजनताहम्॥

५१. कोई भी कहीं भी परतन्त्र न रहे, सब सब जगह सदैव प्रसन्न रहें! संसार की स्वतन्त्रता चाहने वाली मैं प्रमुदित भारत की जनता हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(५२)

रथ-रमाकान्त-राजेन्द्रमिश्र-
कवितालहरीः पायं पायम्।
विस्मरति सुधाधारामपि या
रसिका सा भारतजनताहम्॥

५२. रथ (श्रीनिवास रथ), रमाकान्त और राजेन्द्र मिश्र की कविता-लहरी का पान कर जो सुधा की धारा को भी कुछ न गिने वह मैं रसिक भारत की जनता हूँ।

(५३)

यत्कथितमस्ति तत्सत्यमस्ति
अपि कश्चित्तन्मिथ्याकरोति?
श्रद्धेयं वचनं व्याहरामि
प्रामाणिकभारतजनताहम् ॥

५३. मैंने जो कुछ कहा, सब सच है। क्या इसे कोई झुठला सकता है? मैं श्रद्धेय वचन ही कहती हूँ। मैं प्रामाणिक भारत की जनता हूँ।

(रचना तिथिः १५-७-१९८६)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

उत्तरमंगलम्
(मंगलकामना का उत्तर)

मित्र! लब्धा मया ते शुभाः कामना-
स्तत्कृतेऽहं कृतज्ञो भवन् भूरिशः।
स्वास्थ्यदं मोददं कीर्तिदं सौख्यदं
नूतनं वत्सरं ते शुभं कामये॥१॥

१. हे मित्र! मैंने तुम्हारी शुभकामनाएँ प्राप्त कीं, उनके लिए भूरिशः कृतज्ञ होकर मैं तुम्हारे लिए स्वास्थ्यप्रद, प्रसन्नतादायक, यश देने वाले तथा सौख्यप्रदायक नूतन वर्ष की कामना करता हूँ।

यत्र गेहे वसेर्यत्र वीथ्यां वसे-
र्ग्रामके वा नगर्यां वसेस्त्वं सखे।
वैमनस्याग्निरुग्रो न तत्र ज्वले-
न्नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२॥

२. हे मित्र! तुम जिस घर में रहो, जिस गली में रहो, जिस ग्राम में रहो, अथवा जिस नगर में रहो, वहाँ वैमनस्य की ज्वाला न जले। नूतन वर्ष तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

येन मार्गेण यात्रा भवेत्तावकी
तत्र पुष्पाणि नित्यं हसेयुः सखे!
कण्टकं न स्पृशेत्ते पदं कोमलं
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥३॥

३. हे मित्र! जिस रास्ते से तुम्हारी यात्रा हो वहाँ नित्य पुष्प खिलें। तुम्हारें कोमल पैरों में काँटे न चुभें। नूतन वर्ष तुम्हारे लिए मंगलमय हों।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कुत्र चिन्तात्र लोके न संदृश्यते
कुत्र वा दुःखशोकादयो न स्थिताः?
त्वकृते किन्तु तिष्ठन्त्वदृश्या इमे
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥४॥

४. इस दुनिया में चिन्ता कहाँ नहीं दिखायी देती अर्थात् सर्वत्र चिन्ताएँ उपलब्ध हैं तथा कहाँ दुःख और शोकादि व्याप्त नहीं हैं? परन्तु मेरी इच्छा है कि तुम्हारे लिए ये अदृश्य ही रहें। नूतन वर्ष तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

यत्र देशेऽस्ति वासः, सखे तावक-
स्तत्र कर्त्तव्यशून्यो न कश्चिद्भवेत्।
स्युः प्रजातन्त्ररक्षापरास्तन्नरा
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥५॥

५. हे मित्र! जिस देश में तुम्हारा निवास है वहाँ कोई कर्तव्यशून्य न हो, उसके निवासी लोग लोकतन्त्र की रक्षा में तत्पर रहें। नूतन वर्ष तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

उष्यते यत्र राष्ट्रे त्वयाहर्निशं
तत्र कार्यं चिकीर्षुर्यदि स्याज्जनः।
प्राप्नुयात् कार्यवृत्तिं तदा स ध्रुवं
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥६॥

६. जिस राष्ट्र में तुम अहर्निश निवास करते हो, यदि वहाँ कोई मनुष्य कुछ कार्य करने की इच्छा करे हो उसे निश्चित ही कार्यवृत्ति (रोजगार) मिल जाये। नूतन वर्ष तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

ज्ञातमस्त्येव मे, त्वं हि सामाजिकं
वीक्ष्य वैषम्यमाप्नोषि तापं सखे!
आयतावीदृशी ते दशा नो भवे-
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥७॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

७. मुझे यह ज्ञात ही है कि हे मित्र! तुम सामाजिक विषमता को देखकर सन्तप्त हो जाते हो। भविष्य में तुम्हारी ऐसी दशा न हो (अर्थात् सामाजिक विषमता दूर हो जिससे तुम्हें वह देखनी न पड़े)। नूतन वर्ष तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

वृत्तपत्रेषु नित्यं बलात्कारिणां
निन्द्यपैशाचकृत्यानि न त्वं पठेः!
नापि हत्यापहारादि-गाथा नवा
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥८॥

८. समाचार पत्रों में प्रतिदिन बलात्कारियों की पैशाचिक करतूतें तुम्हें पढ़ने को न मिलें और हत्या अपराध आदि की नूतन कहानियाँ भी तुम्हें पढ़ने को न मिलें। नूतन वर्ष तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

प्रोन्नतिर्दुजनानां सतां दुर्गति-
वृत्तिकष्टार्दितानां च यूनां गतिः।
नो दुनोतु त्वदीयं द्रुतं मानसं
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥९॥

९. दुर्जनों की निरन्तर उन्नति, सज्जनों की दुर्गति और युव ओं की बेरोजगारी का कष्ट तुम्हारे द्रवणशील मन को पीड़ा न दें। नूतन वर्ष तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

नैव वध्वाः न पत्युर्न वा कस्यचि-
ज्जीवितप्राणिनो दाहमाकर्णयेः!
नैव दारिद्र्यपीडा जनान् बाधये-
न्नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥१०॥

१०. न वधू, न पति और न ही किसी जीवित प्राणी का दाह तुम्हें सुनने को मिले। न लोगों को निर्धनता की पीड़ा बाधित करे। नूतन वर्ष तुम्हें मंगलमय हो।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लोलुपा नायकास्सन्तु देशे नहि
स्वाधिकारात्प्रमता न चापि प्रजाः।
स्वैरिणो नो भवेयुस्तथा शासका
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥११॥

११. देश में लालची नायक न होवें और न ही अपने अधिकार (कर्तव्य) से प्रजा प्रमाद करें। शासक स्वेच्छाचारी न हो। नूतन वर्ष तुम्हें मंगलमय हो।

मुग्धलोकं सखे! वञ्चनाचुञ्चवो
गृध्रगोमायवो वञ्चयेयुर्नहि।
क्षेमदे शान्तिदे हर्षदे श्रीप्रदे
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥१२॥

१२. हे मित्र! ठगने में प्रवीण गिद्ध और गीदड़ (जैसे चालाक लोग) भोले लोगों को ठगने न पावें। कुशलप्रद, शान्तिप्रद, हर्षप्रद, वैभव और शोभाप्रद नववर्ष में तुम्हें मंगल हो।

देववाणीमुपेक्ष्य प्रभाभासुरां
येऽवनत्या गता अन्धकूपे नराः।
तेऽपि गृह्णन्तु शिक्षां सखे! सत्वरं
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥१३॥

१३. प्रभा से भास्वर देववाणी (संस्कृत) की उपेक्षा करके जो लोग अवनति के अन्धकूप में गिर गये हैं, वे भी जल्दी ही शिक्षा ग्रहण करें। मित्र! तुम्हें नया साल मंगलमय हो।

दैन्यहीनं दयापूर्णमाशान्वितं
जीवनं कर्मठं ते सदा राजताम्।
त्वं सुखीः स्याः, लभस्व प्रियं काङ्क्षितं
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥१४॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

१४. तुम्हारा जीवन दीनता रहित, दया से परिपूर्ण, आशा से युक्त एवं कर्मठ हो। तुम सुखी रहो तुम्हारा प्यारा मनोचीता तुम्हें मिले। हे मित्र! तुम्हें नया साल मंगलमय हो।

ये जना आसते ते कुटुम्बे सखे!
ते प्रसन्नास्समर्था लसेयुस्सदा।
विश्वमेकं कुटुम्बं च ते राजताम्
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥१५॥

१५. मित्र! तुम्हारे परिवार में जो लोग हैं वे प्रसन्न एवं समर्थ होकर सदा सुशोभित रहें और तुम्हारे लिए सारा विश्व ही एक कुटुम्ब बन जाय। हे मित्र! तुम्हें नया साल मंगलमय हो।

अत्र लोके सतो रक्षितुं सर्वदा
दुष्कृतीः हर्तुमुत्साहिनस्स्युर्नराः।
निर्मितिर्नूतना स्यात्सदा शङ्करी
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥१६॥

१६. दुनिया में सज्जनों की सदा रक्षा करने के लिए और दुष्कृतियों के नाश के लिए लोग सदा उत्साही रहें। सदा मंगलकारक नव निर्माण होता रहे। हे मित्र! तुम्हें नया साल मंगलमय हो।

नैव याचे धनं, स्वर्गमेवाथवै-
काकिनस्ते न सौख्यं सखे! कामये।
सन्तु सर्वत्र सर्वे सदा नन्दिता
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥१७॥

१७. न तो मैं धन की कामना करता हूँ, न मुझे स्वर्ग की आकांक्षा है और मित्र! मैं अकेले तुम्हारे ही सौख्य की कामना नहीं करता। मैं तो चाहता हूँ कि सब लोग सब जगह सदा प्रसन्न रहें। इस तरह तुम्हारा नया साल मंगल मय हो।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सन्तु बाला युवानोऽथ वृद्धास्समे
निर्भयाः कर्मठा लोकसेवापराः।
आदरः कस्यचित्खण्डितो नो भवे-
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥१८॥

१८. बालक, युवक एवं वृद्ध सभी निर्भय और कर्मनिष्ठ रहकर संसार की सेवा में तत्पर रहें। किसी का भी सम्मान खण्डित न हो। नया वर्ष तुम्हें मंगलमय हो।

सत्यनिष्ठा जयेल्लेखनी निर्भया
निर्भया वाग् जयेल्लोकसंरक्षिणी।
साधुभावस्तथा ज्ञानपूतो जये-
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥१९॥

१९. सत्यनिष्ठ निर्भय लेखनी की जय हो, लोक की रक्षा करने वाली निर्भय वाणी की जय हो और ज्ञान से पवित्र सज्जनता की भी जय हो। नववर्ष तुम्हें मंगलमय हो।

आर्तरक्षार्थमस्त्राणि शस्त्राणि वै
सन्तु, नैव प्रहर्तुं तथानागसि।
कण्टकानां च लोकस्य लोपो भवे-
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२०॥

२०. अस्त्र और शस्त्र निश्चय ही आर्तजनों की रक्षा के लिए प्रयुक्त हों। निरपराध लोगों पर प्रहार के लिए उनका उपयोग न हो। लोक के कंटकों का लोप हो। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

येषु चित्तेषु दावानलो भीषणो
द्वेषभावस्य जागर्ति धूधूत्करः।
जागृयात्तेषु वासन्तिकी श्रीः शुभा
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२१॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

२१. जिन चित्तों में धू-धू कर द्वेषभाव का भीषण दावानल जल रहा हो उनमें मंगलमय वासन्तिक शोभा और समृद्धि उल्लसित हो। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

नूतना नूतना येऽपराधाः खलै-
र्नित्यमाविष्क्रियन्ते जगद् बाधितुम्।
ते समुन्मूलिताः स्युः समाजाद् द्रुतं
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२२॥

२२. दुष्टों के द्वारा जगत् को पीड़ा पहुँचाने के लिए जो नये-नये अपराध नित्य आविष्कृत किये जा रहे हैं, वे समाज से शीघ्र ही पूरी तरह से उन्मूलित हों। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

वारिवाहः सुकाले समागच्छतात्
सन्तु गावश्च पुष्टाः सवत्साः समाः।
शं स्वकार्येषु लग्नाः समे प्राप्नुयु-
र्नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२३॥

२३. बादल समय से आयें। सभी गौवें अपने बछड़ों के साथ पुष्ट होकर रहें। सभी लोग अपने-अपने कार्यों में लगे हुए कल्याण प्राप्त करें। नया वर्ष तुम्हें मंगलमय हो।

क्षेत्रकेष्वन्नमुत्पादितं स्याद्बहू-
द्योगशालास्वथोत्पादवृद्धिर्भवेत्।
सन्तु सत्यश्रमाभ्यां समाः सिद्धयो
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२४॥

२४. खेतों में प्रभूत अन्न उपजे, कारखानों में उत्पाद में बढ़ोतरी हो, सत्य और श्रम के द्वारा सभी सिद्धियाँ प्राप्त हों। नया वर्ष तुम्हें मंगलमय हो।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नैव पश्येदभद्रं नरश्चक्षुषा
नैव चाकर्णयेद्वाप्यभद्रं क्वचित्।
नैव वाचा भणेद्वाक्यमुद्वेजकं
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२५॥

२५. मनुष्य आँखों से बुरा न देखे। न वह कहीं बुरा सुनें और न वाणी से उद्विग्न करने वाले वाक्य बोले। ऐसे में नया साल तुम्हें शुभ हो।

स्वस्थपुष्टं समेषां शरीरं लसे-
न्मानसं शैवसङ्कल्पपूतं भवेत्।
सच्चिदानन्द आत्मा स्वरूपं भजे-
न्नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२६॥

२६. सभी का शरीर स्वस्थ और पुष्ट रहे। सभी का मन मंगलमय संकल्प से पवित्र रहे। सत् चित् और आनन्द स्वरूप आत्मा अपने स्वरूप को पहचाने। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

वाचि विद्या, करे कर्म, दृष्टौ दया
पादयोश्च प्रकृष्टा गती राजतम्।
सुप्रवृत्तेन्द्रियैस्तोषमीयुर्जना
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२७॥

२७. वाणी में विद्या, हाथ में कर्म, दृष्टि में दया और पैरों में प्रकृष्ट गति बनी रहे। लोग सुप्रवृत्त इन्द्रियों से सन्तोष प्राप्त करें। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

ये बुभुक्षाहता वस्त्रहीनाश्च ये
सन्ति पादातमार्गे शयानाश्च ये।
अन्नवस्त्राश्रयान् प्राप्नुयुस्ते द्रुतं
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२८॥

२८. जो भूख के मारे, वस्त्रहीन और फुटपाथों पर सोने वाले प्राणी हों, वे अन्न, वस्त्र और आश्रय को शीघ्र ही प्राप्त करें। और तुम्हें नया वर्ष

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

मंगलमय हो।

धर्मभाषाविवादा लभेरन् शमं
दुष्कृतिर्लुप्यताम् सत्कृतिर्वर्धताम्।
नित्यमौदार्यभावो जयेत्क्षुद्रताम्
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥२९॥

२९. धर्म और भाषा के विवाद शान्त हो, दुष्कृति लुप्त हो, सत्कृति बढ़े। क्षुद्रता की भावना पर नित्य ही उदारता की भावना की विजय हो नया साल तुम्हें मुबारक हो।

आधयो व्याधयोऽकालमृत्युस्तथा
पीडयेयुर्न लोकं श्रमाराधकम्।
कर्म कुर्वञ्छताब्दं नरो जीवता-
न्नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥३०॥

३०. आधि (मानसिक रोग), व्याधि (शरीरिक) और अकाल मृत्यु, मेहनत कश लोगों को पीड़ित न करें। मनुष्य काम करता हुआ सौ वर्ष तक जीवे। नया साल तुम्हे मुबारक हो।

यत्र साहित्य-सङ्गीत-पूजा भवेत्
सत्कलाशिल्पशास्त्रार्चना वा भवेत्।
तत्र विघ्नो न कश्चित्समुत्पाद्यताम्
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥३१॥

३१. जहाँ साहित्य और संगीत की पूजा हो रही हो अथवा सत्कलाओं शिल्पों अथवा शास्त्रों की अर्चना हो रही हो, वहाँ कोई भी, विघ्न उत्पन्न न होवे। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

सात्त्विका राजसास्तामसाः प्राणिनोऽ
न्योन्यमाश्रित्य कल्याणिनस्स्युस्सदा।
वाचि चित्ते च कार्ये सदेकं वसे-
न्नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥३२॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi

३२. सात्त्विक, राजस और तामस प्राणी परस्पर आश्रय लेकर सदा कल्याणकारी हों। वाणी, चित्त (हृदय) और कार्य में सदा एक ही भाव बसे। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

प्रेमभङ्गो न कस्यापि लोके भवेत्
प्रेमिणो विप्रयुक्ता मिलेयुर्मुदा।
स्युः स्मितास्याः समे फुल्लपद्मोपमा
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्।।३३।।

३३. लोक में किसी का भी प्रेम भंग न हो। बिछुड़े हुए प्रेमी प्रसन्नता पूर्वक मिल जायें। सभी लोगों के मुख पर मुस्कराहट बनी रहे तथा उनके मुख खिले हुए कमल के समान बने रहें। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

पीडिता येऽप्यभावैर्मनःक्लेशिभि-
स्ते जयेयुः समस्तानभावान्नराः।
निष्फला नैव कस्यापि काङ्क्षा भवे-
न्नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्।।३४।।

३४. जो लोग मन को क्लेश देने वाले अभावों से पीड़ित हैं, वे समस्त अभावों पर जय प्राप्त करें। किसी की भी कामना निष्फल न हो। इस तरह तुम्हें नया साल मंगलमय हो।

शैशवं लालितं वार्धकं पूजितं
यौवनं भोगतृप्तं हसेत्सर्वदा।
त्याग-भोगौ भवेतां सखायौ सदा
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्।।३५।।

३५. बचपन दुलराया जाता रहे, बुढ़ापा सम्मान प्राप्त करे और जवानी भोगों से तृप्त होकर सदा हँसती रहे। त्याग और भोग में सदा मित्रता बनी रहे। नया साल तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

येऽपि चिन्तासहस्त्रैः परीताः जनाः
सन्ति पीताननना लुप्तहासस्मिताः।
सन्तु रक्ताननाः पूर्णकामाश्च ते
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥३६॥

३६. जो लोग हजारों चिन्ताओं से घिरकर पीले चेहरेवाले हो गये हैं और जिसकी हँसी और मुस्कराहट लुप्त हो गयी है, उनके चेहरों पर सुर्खी आ जाय और उनकी कामनाएँ पूर्ण हों। नया साल तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

जीवनं विश्वसम्पद् बुधैरुच्यते
तच्च विश्वस्य सेवार्थमेवार्प्यताम्।
सद्विवेकः क्रियात्तस्य रक्षां सदा
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥३७॥

३७. विद्वानों ने जीवन को विश्व की सम्पत्ति कहा है। अतः जन जीवन विश्व की सेवा के लिए ही अर्पित हो और उस जीवन की सद्विवेक सदा रक्षा करता रहे। नया साल तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

पर्वतानां वनानां नदीस्त्रोतसां
निर्झराणामृतूनां दिशां प्राणिनाम्।
वारिधीनीं च चेतः सदा प्रीयताम्
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥३८॥

३८. पर्वतों, वनों, नदियों, स्रोतों, झरनों, ऋतुओं, दिशाओं, प्राणियों और समुद्रों का मन सदा प्रसन्न रहे। नया साल तुम्हारे लिए मंगलमय हो।

खे जले कौ च वायौ तथा तेजसि
स्त्रग्विणी शान्तिराप्नोतु नित्यं जयम्।
क्रान्तिरेयात्परं रक्तपातं विना
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्॥३९॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi

३९. आकाश, जल, पृथ्वी, वायु और तेज में माला पहने हुए शान्ति सदा जय प्राप्त करे। क्रान्ति तो आये पर वह बिना खून खराबे के आये। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

तावको देश आस्तां सदा रक्षित-
स्तावकं विश्वमास्तां सदा रक्षितम्।
तावकी कीर्तिरास्तां सदा रक्षिता
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्।।४०।।

४०. तुम्हारा देश सदा सुरक्षित रहे और तुम्हारा विश्व सदा सुरक्षित रहे। तुम्हारी कीर्ति सदा बनी रहे। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

स्वाभिमानोऽस्तु ते सर्वदाः रक्षित-
स्तावकी स्यात्प्रतिज्ञा सदा रक्षिता।
तावकं स्यात्तपो रक्षितं सर्वतो
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्।।४१।।

४१. तुम्हारा स्वाभिमान सदा बना रहे। तुम्हारी प्रतिज्ञा की रक्षा हो। तुम्हारा तप सभी ओर से सुरक्षित रहे। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

त्वं हि विश्वेश्वरं विश्व आलोकये-
र्भूर्भुवः स्वः प्रसन्ना भवेयुश्च ते।
प्रीयतां ते रमाकान्त आजीवनं
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्।।४२।।

४२. तुम दुनिया में सर्वत्र परमेश्वर को देखो। धरती, आकाश और अन्तरिक्ष तुम पर प्रसन्न रहें और रमाकान्त (भगवान् विष्णु अथवा कवि का नाम) तुम पर आजीवन प्रसन्न रहें। नया साल तुम्हें मुबारक हो।

कामना मे वशे पूरणं तद्वशे[1]
ईह आशायुतः कामनापूरणम्।
शारदाया रमायाः प्रसादोऽस्तु ते
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्।।४३।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

४३. मित्र! मेरे वश में तो कामना ही है। कामना पूर्ण करना उस (ईश्वर) के वश में है। पर मैं आशा से परिपूर्ण होकर अपनी कामना की पूर्ति चाहता हूँ। तुम्हारे ऊपर ज्ञान की देवी सरस्वती तथा वैभव की देवी लक्ष्मी की प्रसन्नता सदा बनी रहे। नया साल तुम्हें मंगलमय हो।

नूतनं वत्सरं वीक्ष्य सम्प्रेषिता
यैरनेकैः सुहृद्भिः शुभाः कामनाः।
त्वद्दलेनैव तेषां कृतेऽपि ब्रुवे
'नूतने वत्सरे वो भवेन्मङ्गलम्'।।४४।।

४४. जिन अनेक मित्रों ने नये साल की शुभकामनाएँ मेरे पास भेजी हैं तुम्हारे प्रति भेजे गये इस पत्र के माध्यम से उन्हें भी मैं यह कह रहा हूँ कि 'आप लोगों को नववर्ष मंगलमय हो।'

यन्मया नोदितं यच्च काम्यं त्वया
यच्च पथ्यं भवेन्मङ्गलाधायकम्।
तत्सुलभ्यं भवेत्त्वत्कृते सत्वरम्
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्।।४५।।

४५. जो मैंने नहीं कहा और जिसकी तुम्हें कामना है और जो तुम्हारे लिए हितकारी और कल्याणकारी हो, वह तुम्हें शीघ्र ही सुलभ हो जाय! नया साल तुम्हें मंगल हो।

वक्तुमास्ते सखे! भूरि मन्मानसे
किन्तु वीक्ष्य त्वदीयामतिव्यापृतिम्।
पत्रमत्रैव सम्पूर्णतां प्रापये
नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्।।४६।।

४६. मित्र! मेरे मन में कहने को तो बहुत है किन्तु तुम्हारी अत्यन्त व्यस्तता को देखकर मैं पत्र को यहीं समाप्त करता हूँ। तुम्हें नया साल मंगलमय हो।

(रचनातिथिः १५-१-१९९०)

◆◆

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

वदत नेतारो मनाक्!
(नेताओ! ज़रा बोलो तो)

किं कुरुथ किं वा करिष्यथ वदत नेतारो मनाक्।
किं मनसि वो वर्तते भो भणत नेतारो मनाक्॥१॥ध्रु०॥

१. क्या कर रहे हो और क्या करके हटोगे? नेताओ! तनिक बताओ तो! अरे! तुम्हारे मन में क्या है, नेताओ! जरा बताओ तो!

'अद्य युष्माकं प्रयासैर्देशगौरवमेधते।'
कश्चिदपि वक्तुं किमिच्छति चिन्तयध्वं रे मनाक्॥२॥

२. 'आज तुम्हारे प्रयासों से देश का गौरव बढ़ रहा है।'- क्या कोई भी यह कहना चाहता है? नेताओ! जरा सोचो तो।

धर्मजातिग्रामभाषावर्णभेदोद्दीपनैः।
कीदृशं कृशरं पचध्वे वदत नेतारो मनाक्॥३॥

३. धर्म, जाति, ग्राम, भाषा तथा वर्ण के भेद भड़का कर तुम कौन सी खिचड़ी पका रहे हो? नेताओ! जरा बताओ तो।

जनमनस्सु द्वेषवह्निर्वः प्रयासैर्ज्वालितः।
किमुचितं भवदीयकृत्यं वदत नेतारो मनाक्॥४॥

४. आप लोगों के प्रयास से लोगों के मन में द्वेष की आग जला दी गयी! क्या आपके ये कारनामे उचित हैं? नेताओ! जरा बताओ तो।

छिन्नमुद्यानं भवद्भिः पुष्पगन्धाढ्यं महत्।
दूयते न च मानसं वो हन्त! नेतारो मनाक्॥५॥

५. आप लोगों ने फूलों की गन्ध से महकता हुआ बगीचा काट डाला! लेकिन अफसोस है कि नेताओ! तुम्हारा मन इससे तनिक भी दुःखी नहीं होता।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नाशितं जनजीवनं पितृसद्मतां नीताः पुरः।
कारिताः शालाश्च काराः किं न लज्जध्वे मनाक्॥६॥

६. तुमने जन जीवन का नाश कर दिया, शहरों को मरघट बना दिया और विद्यालयों को जेल बना दिया, फिर भी तुम्हें तनिक भी लज्जा क्यों नहीं आ रही?- नेताओ! जरा बताओ तो।

रेलयानानां निरसनैर्निग्रहैश्च निरागसाम्।
किं भवति किं वा भविष्यति? वदत नेतारो मनाक्॥७॥

७. रेलगाड़ियों को रद्द करने अथवा निरपराध लोगों की गिरफ्तारियों से क्या होता है और क्या हो जायेगा? नेताओ! जरा बताओ तो।

यैर्न दीपाली व्यलोकि स्वदितमथ न च यौवनम्।
वैशसात् तेषां न शङ्कध्वे कथं क्रूरा मनाक्॥८॥

८. जिन्होंने दीवाली नहीं देखी थी और जिन्होंने यौवन का स्वाद नहीं लिया था, उनकी हत्या करके अरे जालिमो! तुम्हें तनिक सी भी शंका क्यों नहीं होती?

यौवनं प्रज्वाल्यते, प्रतिभा सतामवहेल्यते।
जनमतं समुपेक्ष्यते, भद्रा बिभिथ चेतसि मनाक्॥९॥

९. जवानी जलायी जा रही है। सज्जनों की प्रतिभा की अवहेलना की जा रही है! जनमत की उपेक्षा की जा रही है! भले आदमियो! मन में थोड़ा तो डरो।

नैव काशी नैव मथुरा नाप्ययोध्या नो पुरी।
नैव चोज्जयिनी विधत्ते वो भयं चेतसि मनाक्॥१०॥

१०. न काशी, न मथुरा, न अयोध्या, न पुरी और न ही उज्जयिनी तुम्हारे मन को तनिक डराती है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नृषु नृषु च विद्वेषभावो रोपितो निजभाषणैः।
येऽप्यवाच्या भवदुदन्ता नोद्गिरति तान् कापि वाक्॥११॥

११. तुमने अपने भाषणों से प्रत्येक मनुष्य में विद्वेष भाव को रोप दिया है। जो तुम्हारे अवाच्य वृतान्त हैं, उन्हें कोई भी वाणी नहीं कह सकती।

सौमनस्याधारभूतां भरतवसुधां नित्यशः।
कालकूटमयीं कुरुध्वे, किं न शङ्कध्वे मनाक्॥१२॥

१२. ये भारतभूमि सदा सौमनस्य का आधार रही है और तुम लोग इसमें जहर फैला रहे हो! क्या तुम्हें तनिक भी शंका नहीं होती?

नित्यमेव क्रूरतानृतछद्मभेदाराधकाः।
कां गतिं यूय गमिष्यथ वदत नेतारो मनाक्॥१३॥

१३. नित्य ही क्रूरता, झूठ, धोखा और भेद की आराधना करने वालो! तुम्हारी क्या गति होगी? नेताओ, तनिक बताओ तो।

'स्फोटयथ शासथ'-नियमतः खण्डयथ राष्ट्रैकताम्।
कुत्र गच्छथ कुत्र यास्यथ? वदत नेतारो मनाक्॥१४॥

१४. "फोड़ो और राज्य करो" इस नियम से तुम राष्ट्र की एकता को खण्डित कर रहे हो। किधर जा रहे हो और किधर पहुँचोगे? नेताओ! तनिक बताओ तो।

यद्यदाचरथ स्वदेशीये जनेऽत्र प्रत्यहम्।
किं तदाचरितं कदाचित् आङ्ग्लकुटिलैरपि मनाक्॥१५॥

१५. तुम अपने देश के नागरिकों पर नित्य जो-जो आचरण कर रहे हो क्या वैसा आचरण कभी कुटिल अंग्रेजों ने थोड़ा भी किया था!

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

देशसेवां कर्तुमागच्छथ कुरुथ यादृच्छिकम्।
व्यवहृतिः केयं स्फुरति वश्चिन्तयध्वं रे मनाक्॥१६॥

१६. तुम देश सेवा के लिए आते हो और फिर तुम मनमानी करने लग जाते हो। यह तुम्हारा कौन सा व्यवहार है? नेताओ! तनिक सोचो तो।

निर्धना निर्धनतरास्तैस्तैरभावैः क्लेशिताः।
आढ्यता नवनूतना वो वन्दनीया किं मनाक्॥१७॥

१७. गरीब और गरीब होते गये! वे अनेक अभावों से सताये जा रहे हैं। और तुम्हारी अमीरी नयी से नयी होती जा रही है। क्या यह तनिक भी वन्दनीय है?

क्लिश्यते दुष्यति च शुष्यति भिक्षते रोदिति जनः।
अत्थ पिबथ स्वपिथ हृष्यथ! किं न लज्जध्वे मनाक्॥१८॥

१८. जनता सतायी जा रही है, दुःखी हो रही है, सूख रही है, भीख माँग रही है और रो रही है। और तुम खा रहे हो, पी रहे हो, सो रहे हो और हर्षित हो रहे हो। तुम्हें तनिक शर्म क्यों नहीं आती?

वीक्ष्य देशे कुव्यवस्थां वृत्तिकष्टं हिंसनम्।
निस्त्रपाः क्रन्दथ हसथ वा? वदत नेतारो मनाक्॥१९॥

१९. देश में कुव्यवस्था, बेरोजगारी और हिंसा को देखकर निर्लज्जो! तुम रोओगे या हँसोगे। नेताओ जरा बताओ तो।

वस्त्राहित्यं कुपोषणमत्र वापि महार्घता।
नित्यमग्रे किमिति धावति? वदत नेतारो मनाक्॥२०॥

२०. हमारे देश में वस्त्रहीनता, कुपोषण और मँहगाई दिन प्रतिदिन आगे क्यों दौडती जा रही है। नेताओ! जरा बताओ तो।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नो कृषध्वे किन्तु कृषकाणां भवन्तो नायकाः।
वीक्ष्य युष्मान् किं प्रसीदति कोऽपि सन्ना भुवि मनाक्॥२१॥

२१. तुम खेती तो करते नहीं किन्तु किसानों के नेता बने बैठे हो। इस धरती पर तुम्हें देख कर क्या कोई शरीफ़ आदमी तनिक भी खुश होता है?

अर्थयन्तारोऽपि यूयं धर्मगुरुगुरवस्तथा।
काममोक्षविचारका अपि! बिभिथ रे चेतसि मनाक्॥२२॥

२२. अर्थ के नियामक भी तुम्हीं हो, धर्मगुरुओं के गुरु भी तुम्हें हो और काम और मोक्ष के विचार करने वाले भी तुम्हीं हो! अरे! मन में कुछ तो ख़ौफ़ खाओ।

उपचिताः खलु यैर्भवन्तस्ते भवद्भिर्लुण्ठिताः।
रे प्रजातन्त्रस्य हन्तारो बिभिथ लोकान्मनाक्॥२३॥

२३. जिन्होंने तुम्हें समृद्ध किया और प्रतिष्ठा दिलायी तुमने उन्हीं को लूटा! अरे प्रजातन्त्र के हत्यारो! लोक से कुछ तो डरो।

लुञ्चिता न्यायालया जनता वराकी लुञ्चिता।
किमपरं भो लुञ्चयिष्यथ वदत नेतारो मनाक्॥२४॥

२४. तुमने न्यायालय नोच लिये, बेचारी जनता को खसोट लिया। अब किसे खसोटोगे? नेताओ! तनिक बताओ तो।

अहह! सज्जनता भवद्भिर्लुण्ठिता व्यापादिता!।
लोकयथ ननु लोकयथ कीर्तिं स्वकीयां रे मनाक्॥२५॥

२५. अफ़सोस है कि आप लोगों ने सज्जनता को लूट लिया और मार दिया। नेताओ! अपनी कीर्ति को देखो, तनिक ध्यान से देखो।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

देशसेवा लुण्ठनापर्यायभूता वो मते।
किं न पश्यथ नैजचरितं? वदत नेतारो मनाक्॥२६॥

२६. आपके मत में देश सेवा लूट का पर्याय बन गयी। क्या तुम्हें अपने कारनामें दिखायी नहीं दे रहे हैं? नेताओ! तनिक बताओ तो।

विश्ववन्द्यं शान्तिदूतं चैकनीडं यत्सताम्।
भारतं तत्कथं लुञ्चथ, वदत नेतारो मनाक्॥२७॥

२७. जो भारत विश्ववन्द्य, शान्तिदूत और सज्जनों का एक नीड़ (घोंसला) बना हुआ था, उसे क्यों नोंच-खसोट रहे हो? नेताओ! तनिक बताओ तो।

भङ्क्थ चित्तं भङ्क्थ वित्तं भङ्क्थ विश्वासं नृणाम्।
किं न नैजं भङ्क्थ गर्द्धं वदत नेतारो मनाक्॥२८॥

२८. तुम दिलों को तोड़ते हो, धन को तुम बाँट लेते हो, लोगों के विश्वास को तुम तोड़ रहे हो। अरे! तुम अपने लालच को क्यों नहीं तोड़ते? नेताओ! तनिक बताओ तो।

चोरयथ जनसौमनस्यं चोरयथ जनजीवनम्।
चोरयिष्यध्वे स्वकीयं भ्रष्टकृत्यं किं मनाक्॥२९॥

२९. लोगों के सौमनस्य को तुम चुरा ले रहे हो, जन जीवन को तुमने चुरा लिया। क्या तुम अपने भ्रष्टाचार को भी चुरा सकते हो? नेताओ! जरा बताओ तो।

किन्नु परवञ्चनविधिज्ञा मातृभूपरितापकाः।
नरकरचनापाटवं वो नो दुनोति मनो मनाक्॥३०॥

३०. दूसरों को ठगने की विधि में माहिर और अपनी जन्मभूमि को दुःख देने वाले नेताओ! तुम्हारी नरक रचने की चातुरी क्या तुम्हारे मन को तनिक भी दुःख नहीं पहुँचाती?

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यत्र यत्रालोक्यते शान्तिर्भवद्धी रक्षिता।
उप्यते कलहस्य बीजं तत्र, जिह्रीथ न मनाक्॥३१॥

३१. जहाँ-जहाँ आप लोग शान्ति को सुरक्षित देखते हैं वहीं आपके द्वारा कलह का बीज बो दिया जाता है और तुम्हें तनिक भी लज्जा नहीं आती!

गिरथ कोषं गिरथ पदवीं गिरथ सर्वं सुविधया।
किं स्वतृष्णामपि गरिष्यथ? वदत नेतारो मनाक्॥३२॥

३२. खजाना तुम हड़प गये, पद तुमने कब्जा लिये और बाकी सारी चीजें तुम निगल लेते हो। क्या तुम अपनी तृष्णा को भी निगल सकते हो? नेताओ! जरा बताओ तो।

तनुथ देशे सङ्कटं कलहं तथातङ्कं स्वतः।
किं न तनुथ स्वीयचेतसि राष्ट्रभक्तिं रे मनाक्॥३३॥

३३. आप लोग देश में स्वयं ही संकट, कलह और आतंक फैला देते हो। अरे! अपने मन में तनिक राष्ट्र भक्ति को क्यों नही फैलाते?

चिन्तयथ नित्यं स्वकीयं हितमपरिमितमेव रे।
चिन्तयध्वं देशहितमपि लोलुपा यूयं मनाक्॥३४॥

३४. तुम सदा अपने ही अपरिमित हित की सोचते रहते हो। अरे लोलुपो (लालचियो)! तनिक देशहित की भी सोचो।

युष्मदीयैर्नित्यकृत्यै राष्ट्रदेवी लज्जिता।
निस्त्रपा जीवथ न मज्जथ चुलुकवारिणि रे मनाक्॥३५॥

३५. तुम्हारे नित्य कर्मों से राष्ट्र देवी शर्मसार हो रही है। निर्लज्जो! तुम जी रहे हो! तुम चुल्लू भर पानी में डूब क्यों नहीं जाते।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हिंसया अनृतेन पैशुन्येन भवतां जीविका।
कोऽपि सम्बन्धोऽस्ति किं सत्यश्रमाभ्यां वो मनाक्॥36॥

३६. आप लोगों की जीविका हिंसा, झूठ और चुगलखोरी से चल रही है। सत्य और श्रम से क्या तुम्हारा तनिक भी कोई सम्बन्ध है?

सन्ति ये लालाटिका आस्थाननलिनीका बकाः।
कुत्र युष्मान् पातयेयुश्चिन्तयध्वं रे मनाक्॥३७॥

३७. जो लालाटिक (चमचे) और दरबारी है ये तुम्हें कहाँ गिरा देगें, तनिक सोचो तो।

पादयोः प्रणिपत्य घोणाघर्षणं कृत्वा मुहुः।
याचितं यन्मे मतं तस्यादरं रक्षत मनाक्॥३८॥

३८. मेरे पैरों में गिरकर और बार-बार नाक रगड़कर जो मेरा वोट तुमने माँगा था उसकी कुछ तो इज्जत रखो।

दूरदर्शनतन्त्रतो लब्ध्वा विभुत्वं प्रत्यहम्।
भाष्यते यदनर्गलं रे वित्थ तस्यार्थं मनाक्॥३९॥

३९. दूरदर्शन के तन्त्र से व्यापकता प्राप्त करके प्रतिदिन आप लोग जो अनर्गल बोल जाते हैं उसका तनिक अर्थ भी तो समझो!

मनसि वचसि च कर्मणि प्रविरुद्ध्यते यैः प्रतिपलम्।
सन्ति सन्तो वै कियन्तो वोऽतिरिच्य वदत मनाक्॥४०॥

४०. मन, वचन और कर्म में जो प्रति क्षण विरुद्ध हो ऐसे सज्जन आप लोगों को छोड़कर और कितने है? तनिक बताइये तो सही।

नैककविभिर्नवपुराणैर्यस्य महिमा गीयते।
भारतं तत्किं न रक्षथ, वदत नेतारो मनाक्॥४१॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

४१. अनेक प्राचीन एवं नवीन कवियों के द्वारा जिसकी महिमा गायी जा रही है, उस भारत की आप रक्षा क्यों नहीं करते? नेताओ! जरा बताओ तो।

यस्य रक्षायै भटा उत्साहिनः खे भुवि जले।
यूयमपि तद्देशरक्षार्थं कुरुत यत्नान् मनाक्।।४२।।

४२. जिसकी रक्षा के लिए आकाश, पृथ्वी और जल में सैनिक उत्साही है, आप भी उस देश की रक्षा के कुछ प्रयास कीजिए!

येऽप्यपश्यन्नैकतायामेकतां भारतभुवि।
भवत तेष्वपि भो कृपालव आत्मपूर्वजनृषु मनाक्।।४३।।

४३. जिन्होंने भारत में अनेकता में एकता देखी थी, उन अपने पूर्वजों पर भी कुछ मेहरबान हो जाओ।

'यातु देशो ह्यन्धकूपे रक्षितं स्यान्मे मतम्।'
इति विचारपरम्परां स्वां त्यजत नेतारो मनाक्।।४४।।

४४. 'देश अन्धे कुएँ में जाय, मेरा वोट सुरक्षित रहे।' अपनी इस विचार परम्परा को नेताओ! तनिक छोड़ दो।

चिनुथ यूयं पूर्वजानां दुर्गुणानेव, क्षणम्।
सद्गुणानपि किन्तु तेषां चिनुथ नेतारो मनाक्।।४५।।

४५. तुम अपने पुरखों के दुर्गुणों को तो चुन लेते हो। उनके सद्गुणों को भी नेताओ! तनिक चुन लो।

किं तुदध्वे राष्ट्रदेवं किं तुदथ देशावनिम्।
संस्कृतिं नः किं तुदध्वे वदत नेतारो मनाक्।।४६।।

४६. तुम राष्ट्र देव को क्यों दुःख दे रहे हो? तुम देश की भूमि को क्यों पीड़ा दे रहे हो? तुम हमारी संस्कृति को क्यों कष्ट दे रहो हो? नेताओ! तनिक बताओ तो।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

किं कृतघ्नैर्लप्स्यते कीर्तिर्यशो वा निस्त्रपैः।
मनसि चिन्तयथ क्वचिद् एकान्त आसीना मनाक्॥४७॥

४७. क्या कृतघ्न और निर्लज्ज कीर्ति और यश के भागी हो सकते हैं? कहीं एकान्त में बैठकर मन में तनिक सोचो तो।

शासनासन्दीमवाप्य व्रजत नो गर्वं क्षणम्।
आगते विपरीतकाले कोऽपि रक्षति किं मनाक्॥४८॥

४८. हुकूमत की कुर्सी पाकर क्षण भर के लिए भी घमण्ड मत करना। यदि विपरीत काल आ गया तो क्या कोई भी तनिक रक्षा कर सकता है?

ये समागच्छन्ति भङ्क्तुं वोऽभिमानं द्वारि वः।
किं नु शक्ष्यथ रोद्धुमेतान्? वदत नेतारो मनाक्॥४९॥

४९. जो लोग तुम्हारे द्वार पर तुम्हारे घमण्ड को चूर करने के लिए बढ़ते आ रहे हैं, क्या इन्हें तुम रोक पाओगे? नेताओ! तनिक बताओ तो।

किरथ जनसम्मर्दं निरागसमात्मनोऽहङ्कारतः।
किमिति तच्छक्तिं करिष्यथ वदत नेतारो मनाक्॥५०॥

५०. तुम अपने अहंकार से निरपराध जन सम्मर्द को तितर-बितर कर दोगे। पर क्या उनकी शक्ति को भी तुम बिखरा पाओगे, नेताओ! तनिक बताओ तो।

ध्वसितुं मे भारतं यूयं स्थिता यदि तत्पराः।
निश्चितं यूयं विनङ्क्ष्यथ, सावधाना रे मनाक्॥५१॥

५१. यदि तुम मेरे भारत को ध्वंस करने पर ही अमादा हो तो तुम निश्चित ही नष्ट हो जाओगे। तनिक सावधान रहना।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

प्राक्तना नेतार आसंस्त्यागशीलाः प्रायशः।
अद्यतननेतार आध्वे तत्सदृक्षाः किं मनाक्॥५२॥

५२. पुराने नेतागण प्रायः त्यागशील थे। हे आजकल के नेताओ! क्या आप लोग तनिक भी उनके समान हैं?

ते मृता अपि पूजनीया यैर्हि देशः सेवितः।
जीविता अपि किन्तु यूयं पूजनीयाः किं मनाक्॥५३॥

५३. जिन्होंने देश की सेवा की, वे मर कर भी पूजनीय हैं, किन्तु आप लोग जीवित होते हुए भी क्या तनिक भी पूजनीय हैं?

भारभूता मातृभूमेर्यूयमेतन्मे मतम्।
अत्र किं ब्रूते मनो वो वदत नेतारो मनाक्॥५४॥

५४. मेरा तो मत है कि आप मातृभूमि के भारभूत हैं। इस विषय में आपका मन क्या कहता है, नेताओ! तनिक बताओ तो।

अद्य युष्माकं सुकृत्यैर्नित्यनूतनशोभनैः!
लोक्यते यद्दिग्दिगन्तं तद्यशः पश्यत मनाक्॥५५॥

५५. आज आपके सुकार्यों से नित्य नवीन शोभित होने वाले सत्कार्यों से जो दिग् दिगन्त में आप का यश फैला हुआ है, उसे तनिक देख तो लो।

ये कविम्मन्या यशो वो दूषयन्ति धिगस्तु तान्।
न्याय्यमार्गान्न स्वकीयात् प्रविचलत धीरा मनाक्॥५६॥

५६. अपने को कवि मानने वाले जो आप लोगों में दोष निकाल रहे हैं, उनको धिक्कार है! आप लोग धीर रहते हुए अपने न्याय्य मार्ग से तनिक भी इधर-उधर विचलित न होना!

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

उपकृतं बहु तत्र किं कथ्येत जीवत रे चिरम्।
कुत्र वो दिव्यं यशः स्वल्पाक्षरा क्व च मेऽत्र वाक्॥५७॥

५७. आप लोगों ने बड़ा उपकार किया है! इसके विषय में क्या कहा जाए! आप युग-युग जिएँ! कहाँ तो आपका दिव्य यश और कहाँ स्वल्प अक्षरों वाली मेरी वाणी!

(रचनातिथिः २९-१०-१९९०)

◆ ◆ ◆

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

किं जीवनं ते!

(तेरा क्या जीवन है!)

मनसि चिन्तय सखे! किं जीवनं ते!
रहसि शीलय सखे! किं जीवनं ते!

मित्र! मन में चिन्तन कर कि तेरा क्या जीवन है! एकान्त में बैठकर मनन कर कि तेरा क्या जीवन है!

न वा स्वार्थः परार्थो नापि बन्धो!
त्वया चेत्साध्यते, किं जीवनं ते! ॥१॥

१. न तो तू स्वार्थ और न परार्थ को ही सिद्ध कर पाया! बता तेरा क्या जीवन है!

न साहित्यं, न सङ्गीतं, कला वा
न रासिक्यं च ते, किं जीवनं ते! ॥२॥

२. न तेरे पास साहित्य है, न संगीत है, न कला है, न रसिकता है। तेरा क्या जीवन है!

न दाक्षिण्यं, न सौशील्यं, न कीर्तिः
न सेवा, नो दया, किं जीवनं ते! ॥३॥

३. न तुझमें उदारता है, न सुशीलता है। न तेरी कीर्ति है। न तुझ में सेवा भाव है और न दयाभाव है। तेरा क्या जीवन है!

विपदि धैर्यं, तथाभ्युदये क्षमा नो
न वा युधि विक्रमः, किं जीवनं ते! ॥४॥

४. विपत्ति के समय तुझमें धैर्य नहीं, अभ्युदय के समय तुझमें क्षमाशीलता नहीं। युद्ध में तू पराक्रम नहीं दिखा सकता! तेरा क्या जीवन है!

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

गुरोः पित्रोर्न चरणा वन्दिताश्चेत्
अहङ्कारात्त्वया, किं जीवनं ते! ॥५॥

५. तूने अहंकार में भरकर गुरु और माता-पिता के चरणों की यदि वन्दना नहीं की तो तेरा जीवन क्या रहा?

न कश्चित्प्रेमबन्धे त्वामबध्नात्
वृथाजीविन् सखे! किं जीवनं ते! ॥६॥

६. तुझे कोई अपने प्रेम के पाश में भी नहीं बाँध पाया। व्यर्थ जीने वाले मित्र! तेरा क्या जीवन है!

त्वया यदि शासनासन्दीमवाप्य
न लोको रञ्जितः, किं जीवनं ते! ॥७॥

७. यदि तूने शासन की गद्दी पाकर जनता को प्रसन्न नहीं किया तो तेरा क्या जीवन है?

अहो दैनन्दिनी मतयाचना ते
वनीयक नेतृवर! किं जीवनं ते! ॥८॥

८. भिक्षुक बने नेता जी! तुम्हें अब रोज ही वोट माँगना पड़ रहा है। तुम्हारा क्या जीवन है!

न निःश्वसितं, न रुदितं, मूर्च्छितं नो
प्रियाविरहे त्वया, किं जीवनं ते! ॥९॥

९. तूने अपनी प्रिया के विरह में न लम्बी साँसे ली, न तू रोया और न मूर्च्छित हुआ! तेरा क्या जीवन है!

वियोगे ते जनो नो कोऽपि खिन्नः
न योगे प्रीतिमान्, किं जीवनं ते! ॥१०॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

१०. न तो तेरे वियोग में कोई दुःखी हुआ और न तेरे मिलने पर किसी को प्रसन्नता हुई। तेरा क्या जीवन है!

मनोभावो न निर्द्वन्द्वं प्रकटितः
कपटचारिंस्त्वया, किं जीवनं ते! ॥११॥

११. अरे कपटचारी! तूने अपने मनोभाव को स्पष्ट रूप से प्रकाशित नहीं किया। तेरा क्या जीवन है!

विषामृतयोर्विवेकं नैव कर्तुम्
त्वमीशश्चेत्तदा किं जीवनं ते! ॥१२॥

१२. यदि तू विष और अमृत की पहचान करने में समर्थ नहीं है तो तेरा जीवन क्या है!

न दुष्टास्तर्जिताः स्वीयेन महसा
न सन्तो मानिताः, किं जीवनं ते! ॥१३॥

१३. न तो तूने अपने प्रताप से दुष्टों को धमकाया और न सज्जनों का आदर किया। तेरा क्या जीवन है!

करालः काल इव नाभासि चेत्त्वम्
कुकृत्यानां कृते, किं जीवनं ते! ॥१४॥

१४. यदि तू कुकृत्य करने वालों के लिए कराल काल के समान प्रतीत नहीं होता तो तेरा क्या जीवन है!

त्वया स्वान्तःसुखार्थं देववाणी
न पठिता, न श्रुता, किं जीवनं ते! ॥१५॥

१५. तूने स्वान्तः सुख के लिए देववाणी नहीं पढ़ी और न सुनी। क्या जीवन है तेरा!

प्रभुः कर्ता च भर्ता चैव हर्ता
न चेदाराधितः, किं जीवनं ते! ॥१६॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

१६. यदि तूने विश्व के कर्ता, भर्ता और हर्ता प्रभु की आराधना नहीं की तो तेरा क्या जीवन है!

निपीतं नैव मधु प्रेम्णः कदाचित्
विरस मृल्लोष्ठ रे! किं जीवनं ते! ॥१७॥

१७. तूने कभी भी प्रेम के मधु का आस्वाद नहीं लिया। अरे नीरस मिट्टी के ढेले! तेरा क्या जीवन हुआ!

न रसिता रसवशात्त्वत्पार्श्वमाप्ता
रहसि काचित्त्वया, किं जीवनं ते! ॥१८॥

१८. आनन्द के वशीभूत होकर एकान्त में तेरे पास आयी हुई अपनी अनुरक्ता का तूने रस ग्रहण नहीं किया तो तेरा क्या जीवन है!

वृथा चन्द्रो वृथा मधुयामिनीयम्
न पार्श्वे ते प्रिया, किं जीवनं ते! ॥१९॥

१९. तेरे पास तेरी प्रिया नहीं है, तेरे लिए तो यह चन्द्र वृथा है और मधु से परिपूर्ण यह रात भी तेरे लिए व्यर्थ है! तेरा क्या जीवन है!

स्वदेशः सेवितो न प्राणपणतः
विकत्थन धूर्त रे, किं जीवनं ते! ॥२०॥

२०. अरे डींग हॉकने वाले धूर्त! तूने प्राणों की बाजी लगाकर यदि स्वदेश की सेवा नहीं की तो तेरा क्या जीवन है!

मुखे मधु ते मनसि ते कालकूटः
तृणावृत कूप रे! किं जीवनं ते! ॥२१॥

२१. तेरे मुख में तो मधु है लेकिन तेरे मन में कालकूट विष भरा है। घास से ढके हुए कुएं! तेरा क्या जीवन है!

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कृतघ्नत्वं कदाचारः पिशुनता
इमे त्वद्बान्धवाः, किं जीवनं ते! ॥२२॥

२२. कृतघ्नता, दुराचार और चुगलखोरी ये तेरे बन्धु हैं। तेरा क्या जीवन है!

स्वयं नष्टः परान्नाशयसि नित्यम्
व्यसनशतशालिनः किं जीवनं ते! ॥२३॥

२३. तू स्वयं तो नष्ट है और दूसरों को भी नित्य नष्ट कर रहा है सैकड़ों व्यसनों में लीन प्राणी! तेरा क्या जीवन है!

क्षणे रुष्टः क्षणे तुष्टः सखे! त्वम्
अहो चलचित्त रे! किं जीवनं ते! ॥२४॥

२४. मित्र! तू क्षण में नाराज हो जाता है और क्षण में सन्तुष्ट हो जाता है। अरे चंचल चित्त वाले! तेरा क्या जीवन है!

मुखे ते मक्षिकाः कुर्वन्ति भिन्-भिन्
न चोड्डाययसि रे! किं जीवनं ते! ॥२५॥

२५. तेरे मुख पर मक्खियाँ भिन-भिन कर रही हैं और तू आलस्यवश इन्हें उड़ा भी नहीं सकता। तेरा क्या जीवन है!

सुरक्षितमस्ति नो पदमपि पलार्थम्
अहो मन्त्रिप्रवर! किं जीवनं ते! ॥२६॥

२६. हे मन्त्रिश्रेष्ठ! आपका पद एक पल के लिए भी सुरक्षित नहीं है। (ये गारण्टी नहीं है कि अगले पल आप मन्त्री रहेंगे या नहीं) ये कैसा जीवन है!

प्रदर्शन - गालिका - कार्यावरोधैः
अहो प्राचार्यवर! किं जीवनं ते! ॥२७॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

२७. हे प्राचार्यवर! प्रदर्शन, गालियों और हड़तालों के कारण आपका जीवन क्या हो गया है!

प्रकृत्यङ्के न ते क्रीडा बभूव
सदा हर्म्यस्थ रे! किं जीवनं ते! ॥२८॥

२८. तू प्रकृति की गोदी में नहीं खेल सका। सदा महलों में रहने वाले! तेरा क्या जीवन है!

न दुग्धं माहिषं व्यायामिनस्ते
(पयो गव्यं न चेद् व्यायामिनस्ते)
सुलभमास्तेऽन्वहं! किं जीवनं ते! ॥२९॥

२९. यदि कसरत करने वाले! तुझे भैंस का दूध सुलभ नहीं है (अथवा व्यायाम करने वाले! तुझे गाय का दूध सुलभ नहीं है) तो तेरा क्या जीवन है!

न चेत् पार्श्वे सखे ते स्वास्थ्यवित्तम्
धनैरेतैरलं, किं जीवनं ते! ॥३०॥

३०. मित्र! तेरे पास यदि स्वास्थ्य रूपी धन नहीं है तो इन सोना चाँदी आदि धनों से क्या लाभ? तेरा क्या जीवन है!

उपायैस्तैश्च तैर्धृतमपि मनस्ते
प्रियां नोपैति चेत् किं जीवनं ते! ॥३१॥

३१. अरे! विविध उपायों से बँधा जाने पर यदि तेरा मन तेरी प्रिया के पास नहीं पहुँचता तो तेरा क्या जीवन है!

उपालम्भो न चानुनयोऽपि तुभ्यं
अहो प्रणयिन् युवक! किं जीवनं ते! ॥३२॥

३२. अरे! प्रेम करने वाले युवक! न तो किसी ने तुझे उलाहना दिया और न तेरी मनुहार ही की। तेरा क्या जीवन रहा!

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

तवागमने तथा गमने न चर्चा
वराक प्राघुणिक! किं जीवनं ते! ॥३३॥

३३. न तो तेरे आने की और न जाने की कोई चर्चा होती है। बेचारे मेहमान! तेरा क्या जीवन है!

परोक्षे शत्रुभिर्मित्रैस्तटस्थैः
न चेच्छ्लाघ्योऽसि रे, किं जीवनं ते! ॥३४॥

३४. यदि तू अनुपस्थिति में अपने शत्रुओं, मित्रों और तटस्थों के द्वारा श्लाघित नहीं होता तो तेरा क्या जीवन है!

अयं श्रोता न बोधति भाषणं ते
अनर्गलजल्पिनः किं जीवनं ते! ॥३५॥

३५. यह श्रोता समूह तेरे भाषण को समझ नहीं रहा। अनर्गल बकवास करने वाले वक्ता! तेरा क्या जीवन है!

न दीनाः सेविताः शुद्धेन मनसा
कुनेतॄन्! सेवसे, किं जीवनं ते! ॥३६॥

३६. तूने शुद्ध मन से दीनों की तो सेवा की नहीं, तू तो कुनेताओं (धरती के नेताओं अथवा दुष्ट नेताओं) की ही सेवा में लगा रहता है। तेरा क्या जीवन है!

न माता जन्मभूर्बन्धो! मता चेत्
किमेतेनायुषा, किं जीवनं ते! ॥३७॥

३७. बन्धो! यदि जन्मभूमि को तूने माता नहीं माना तो तेरी आयु से (लम्बी उम्र से) क्या प्रयोजन। तेरा क्या जीवन है!

न दृष्टं भारतं स्निग्धेन मनसा।
अहो विश्वभ्रमिन्! किं जीवनं ते! ॥३८॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

३८. अरे! दुनिया भर का भ्रमण करने वाले! तूने स्निध मन से यदि भारत को नहीं देखा तो तेरा क्या जीवन है!

कृपेशस्याशिषो यदि वा गुरूणाम्।
न लब्धा जीवने, किं जीवनं ते! ॥३९॥

३९. तुझे अपने जीवन में न तो प्रभु की कृपा प्राप्त हुई और न गुरुओं का आशीर्वाद! तेरा क्या जीवन है!

त्वयार्वाचीनसंस्कृतमपि न पठितम्?
न दूर्वालोकिता? किं जीवनं ते! ॥४०॥

४०. तुमने 'अर्वाचीनसंस्कृतम्' भी नहीं पढ़ा और न ही 'दूर्वा' देखी? तुम्हारा क्या जीवन है!

रमाकान्तोऽभिराजो वा रथो वा।
श्रुतो यदि न त्वया, किं जीवनं ते! ॥४१॥

४१. यदि तुमने रमाकान्त (रमाकान्त शुक्ल) अभिराज ('अभिराज' राजेन्द्र मिश्र) अथवा रथ (श्रीनिवास रथ) को नहीं सुना तो तुम्हारा क्या जीवन है!

(रचनातिथिः २९-३-१९९१)

◆ ◆ ◆

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

वन्दनीयास्ते

(वे वन्दनीय हैं)

इयं स्वर्गाधिका मे मातृभूमिर्वन्दनीयास्ते।
परं यास्या दशाद्यत्वे, कथय किं वन्दनीयास्ते? ॥१॥

१. स्वर्ग से बढ़कर यह मेरी मातृभूमि वन्दनीय है किन्तु इसकी आजकल जो दशा है, कहो क्या वह भी वन्दनीय है?

चतुर्दिक् दृश्यते यासौ प्रगतिरभिनन्दनीयास्ते।
चतुर्दिक् दुःस्थितिर्यालोक्यते, किं वन्दनीयास्ते? ॥२॥

२. चारों ओर यह जो प्रगति दिखायी दे रही है, वह तो वन्दनीय है लेकिन चारों ओर जो दुःस्थिति दिखायी दे रही है, क्या वह भी वन्दनीय है?

जना ये भारतं पुष्णन्ति, नित्यं वन्दनीयास्ते।
अथो तत्पांसुलं कुर्वन्ति ये, किं वन्दनीयास्ते? ॥३॥

३. जो लोग भारत को मजबूत बनाते हैं, वे नित्य ही वन्दनीय हैं। और जो इसे मलिन कर रहे हैं, क्या वे भी वन्दनीय हो सकते हैं?

जना एकत्वसूत्रे यैर्निबद्धा वन्दनीयास्ते।
जनान् ये योधयन्ति प्रत्यहं किं वन्दनीयास्ते ॥४॥

४. जिन्होंने लोगों को एकता के सूत्र में बाँध दिया वे वन्दनीय हैं। और जो लोगों को प्रतिदिन आपस में लड़वाते हैं, क्या वे वन्दनीय हो सकते हैं?

अभिघ्नन्तो रिपून् युद्धे चलन्तो वीरगत्याग्रे।
दिवं ये देशरक्षार्थं प्रयाता वन्दनीयास्ते ॥५॥

५. जो लोग युद्ध में दुश्मनों को मारते हुए, वीर गति प्राप्त कर युद्ध में आगे बढ़ते हुए, देश की रक्षा के लिए दिवंगत हो गये, वे हमारे वन्दनीय हैं!

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

न ये देशस्य किन्तु स्वीयवंशस्यैव दारिद्र्यम्।
अपाकर्तुं यतन्ते नेतृवर्या वन्दनीयास्ते?॥६॥

६. किन्तु जो देश के नहीं बल्कि अपने परिवार के ही दारिद्र्य को दूर करने में प्रयत्नशील रहते हैं, ऐसे नेतृवर क्या वन्दनीय हैं?

अतस्मिंस्तस्य बुद्धिं ये दधाना वन्दनीयास्ते।
पुनर्ये तत्र तद्बुद्धिं दधति, नो वन्दनीयास्ते?॥७॥

७. जो वह नहीं है, उसमें उसकी बुद्धि रखने वाले तो तेरे वन्दनीय हो गये। और जो वह है, उसे वही देखने वाले वे तेरे वन्दनीय नही हैं?

नहि प्रत्यक्षमनुमानं न शाब्दं नेषदुपमानम्।
प्रमाणं मन्यते या सा मतिः किं वन्दनीयास्ते? ॥८॥

८. जो बुद्धि न तो प्रत्यक्ष को, न अनुमान को, न शब्द को, और न उपमान को तनिक भी प्रमाण मानती है क्या वह बुद्धि वन्दनीय है?

चिरान्निटिले य आसीत् स्थापितः केनापि स.हङ्कृति।
कलङ्को मार्जितोऽसौ यैर्न केषां वन्दनीयास्ते ॥९॥

९. बहुत दिनों से मेरे मस्तक पर किसी ने अहंकार के साथ जो कलंक लगा दिया था, उसे जिन्होंने मिटा दिया, वे किनके वन्दनीय नही हैं?

करामलकं न पश्यन्ती खपुष्पं चैव पश्यन्ती।
असौ लोकोत्तरा दृष्टिः सखे! ते वन्दनीयास्ते? ॥१०॥

१०. हे मित्र! हथेली पर रखे हुए आँवले को तो जो देख नहीं रही और जो आकाश कुसुम को देख लेती है, ऐसी तेरी लोकोत्तर दृष्टि वस्तुतः वन्दनीय है (अथवा क्या यह तेरी यह दृष्टि वन्दनीय है?)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

पुरा दुर्भावनादीप्तिस्ततः सद्भावनायात्रा!
इयं नीतिर्मता येषां जना नो वन्दनीयास्ते ॥११॥

११. पहले दुर्भावना भड़काना और फिर सद्भावना की यात्रा, जिनकी यह नीति है, आज वे ही लोग हमारे वन्दनीय हैं? (अथवा ऐसे लोग हमारे वन्दनीय नहीं हैं।)

प्रजासु प्रत्यहं कलहं विवर्धयसे स्वपोषार्थम्!
इयं वृत्तिः सखे नेतस्त्वदीया वन्दनीयास्ते ॥१२॥

१२. हे मित्र नेता जी! अपनी पुष्टि (मजबूती) के लिए आप प्रजा में प्रतिदिन झगड़ा बढ़ाते रहते हैं! क्या यह आप का व्यवहार वन्दनीय है?

अहिंसाचत्वरे हिंसा, सहिष्णुत्वाजिरे द्वेषः।
क्वचिद् गृहयुद्धघोषः, किं दशेयं वन्दनीयास्ते? ॥१३॥

१३. अहिंसा के चबूतरे पर हिंसा, सहिष्णुता के आँगन में द्वेष और कहीं देश के विरुद्ध युद्ध का ऐलान, क्या यह दशा वन्दनीय है?

अहो राष्ट्रध्वजं गणतन्त्रदिवसं ये बहिष्कुर्युः।
किमेते भारतीयाः? भारतीयैर्वन्दनीयास्ते? ॥१४॥

१४. अरे! जो गणतन्त्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज का बहिष्कार करते हों क्या ये भी भारतीय हैं? और क्या ये भारतीयों के द्वारा वन्दनीय हैं?

प्रियं सत्यं हितं सारं वचो या वक्ति सा वाणी।
न ते वन्द्या, परं विपरीतवक्त्री वन्दनीयास्ते? ॥१५॥

१५. जो प्रिय, सत्य, हितकारी, सारभूत वचन बोलती है वह वाणी तेरी वन्दनीय नहीं है लेकिन जो इसके विपरीत (अर्थात् अप्रिय, असत्य, अहितकर, थोथे वचन) बोलने वाली है वह तेरे लिए वन्दनीय है?

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यमेवारुह्य यात्रां कुर्वते पारं प्रयातुं तम्।
प्लवं विच्छेत्तुकामा बालिशा ये, वन्दनीयास्ते? ॥१६॥

१६. जिस नाव पर चढ़कर पार जाने के लिए यात्रा कर रहे हैं, उसी नाव को जो छिन्न भिन्न करना चाहते हैं क्या वे मूर्ख वन्दनीय कहे जा सकते हैं?

चतुर्दिक् दन्दशूका निर्भयाः फूत्कुर्वते लोके।
गरुत्मन्! मौनवृत्तिस्ते किमेषा वन्दनीयास्ते? ॥१७॥

१७. दुनिया में चारों ओर निर्भय होकर सर्प हुंकार भर रहे हैं। ऐसे में गरुड़! तेरी यह मौन वृत्ति क्या वन्दनीय है?

परीते वह्निना देशे ज्वलति धूधूधगधगिति।
असौ तूष्णीकता ते किं मनागपि वन्दनीयास्ते? ॥१८॥

१८. जब देश आग से घिर कर धू-धू और धधक-धधक कर जल रहा हो, उस समय तेरी यह खामोशी क्या तनिक भी वन्दनीय है?

न जाने केन सन्दीप्तात्र हिंसा ताण्डवं कुरुते।
करे धृत्वा करं ये संस्थिताः, किं वन्दनीयास्ते? ॥१९॥

१९. पता नहीं, किसके द्वारा भड़कायी गयी हिंसा यहाँ तांडव कर रही है! ऐसे में जो लोग हाथ-पर हाथ रखे बैठे हैं, क्या वे वन्दनीय हैं?

इयं हिंसासुरी व्याप्नोति हा! देशं समस्तं मे।
इयं दैनन्दिनी शोच्या स्थितिः किं वन्दनीयास्ते? ॥२०॥

२०. यह हिंसा रूपी राक्षसी मेरे समस्त देश को व्याप्त कर रही है, यह प्रतिदिन की शोचनीय स्थिति क्या वन्दनीय है?

उपद्रविणां कृते शस्त्रास्त्रसङ्घातोऽन्यदेशीयः।
कथं देशे प्रविष्टः? किं सुरक्षा वन्दनीयास्ते? ॥२१॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

२१. उपद्रवियों के लिए दूसरे देश के शस्त्र और अस्त्रों का जखीरा देश में कैसे प्रविष्ट हो गया? क्या यह सुरक्षा वन्दनीय है?

उपद्रविभिः कृता निर्दोषनॄणां जीवतां दाहाः।
इमे रुधिरप्रवाहाः किं प्रशासक! वन्दनीयास्ते? ॥२२॥

२२. उपद्रवियों ने निर्दोष लोगों को जिन्दा जला डाला! हे प्रशासक! क्या ये रुधिर के प्रवाह तुम्हारे लिए वन्दनीय है?

रमन्ते साङ्ख्यपुरुषाभा जनाः स्वासन्दिकायां ये।
अकर्तारश्च पश्यन्तोऽखिलं, नो वन्दनीयास्ते ॥२३॥

२३. जो अपनी कुर्सी पर सांख्य शास्त्र के पुरुष के समान कुछ भी न करते हुए और सब कुछ देखते हुए बैठे रहते हैं, वे ही आज हमारे वन्दनीय बने हुए हैं? (अथवा वे हमारे वन्दनीय नहीं हैं?)

जनं विनिपात्य दुर्घोरेऽसुरक्षावह्निकुण्डे ये।
सुरक्षामण्डले गुप्ता रमन्ते, वन्दनीयास्ते? ॥२४॥

२४. जो लोग जनता को अत्यन्त घोर असुरक्षा के वह्निकुण्ड में झोंककर स्वयं सुरक्षा के मण्डल (सर्किल) में सुरक्षित रहकर मौज कर रहे हैं, वे क्या वन्दनीय कहे जा सकते हैं?

क्वचिद्ये धर्मनिरपेक्षाः क्वचिद्धर्मस्य वक्तारः।
क्वचिद्धर्मावतारा नायका नो वन्दनीयास्ते? ॥२५॥

२५. जो हमारे नेता कहीं तो धर्म निरपेक्ष हो जाते है, कहीं धर्म के वक्ता हो जाते हैं, कहीं धर्म के अवतार हो जाते हैं, वे क्या वन्दनीय हो सकते हैं?

'कथं निर्वाचने भाविन्यहं विजयी भवामी'ति।
इदं येषां परं लक्ष्यं, न केषां वन्दनीयास्ते! ॥२६॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

२६. आगामी निर्वाचन में मैं कैसे विजयी होऊँ, यही जिन का परम लक्ष्य है, वे किनके वन्दनीय नहीं हैं?

पदं मद्यं धनं मानं यशो लब्धुं मृषा ब्रुवते।
वराका 'बुद्धिजीवी' सञ्ज्ञका ये, वन्दनीयास्ते! ॥२७॥

२७. जो पद, मदिरा, धन, मान और यश को प्राप्त करने के लिए झूठ बोलते हैं वे बेचारे बुद्धिजीवी नामधारी वन्दनीय हैं।

तिलं ताडं, समुद्रं गोष्पदं, मेरुं कणं कर्तुम्।
समर्था आसते ये सूचनादाः, वन्दनीयास्ते! ॥२८॥

२८. जो तिल को ताड़, समुद्र को गोष्पद, सुमेरु पर्वत को कण बना देने में समर्थ हैं, वे सूचना देने वाले (मीडिया के लोग) वन्दनीय हैं।

अहिंसा सत्यमुपकारः श्रमः प्रेमा मतो धर्मः।
अतो ये सन्ति निरपेक्षा इदानीं वन्दनीयास्ते! ॥२९॥

२९. अहिंसा, सत्य, उपकार, श्रम और प्रेम- धर्म माना गया है। आज कल इससे जो निरपेक्ष हैं, वे वन्दनीय बने हुए हैं।

यया नीत्या समे सद्भावसूत्रे गुम्फिता न स्युः।
असौ नीतिः किमस्माकं समेषां वन्दनीयास्ते? ॥३१॥

३०. जिस नीति से सभी सद्भाव के सूत्र न गुँथ पायें, ऐसी नीति क्या हम सभी की वन्दनीय हो सकती है?

नरे शठतां दधाना सत्कृतिं दूरे प्रकुर्वाणा।

इयं या राजनीतिर्दूरतो मे वन्दनीयास्ते! ॥३१॥

३१. जो मनुष्यों को ढीठ बना देती है और अच्छे कामों को दूर कर देती है, ऐसी जो राजनीति है, वह मेरे लिए दूर से वन्दनीय है।

इमे प्राक्पादयोः पतितास्तदनु ये पृष्ठमांसादाः।
खला मशका इवासृक्चूषका नो वन्दनीयास्ते! ॥३२॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

३२. जो पहले तो पैरों पर गिरते हैं और फिर पृष्ठमांस को खाते हैं, ऐसे मच्छर के समान खून पीने वाले जो दुष्ट हैं, वे हमारे वन्दनीय हैं! (अथवा वे वन्दनीय नहीं हैं।)

यदीच्छसि भद्र! भद्रं दुर्जनान् वन्दस्व नित्यं त्वम्।
अरे! ये सज्जनास्ते सज्जनाः, किं वन्दनीयास्ते! ॥३३॥

३३. हे भद्र! यदि तुम कल्याण चाहते हो तो दुर्जनों की तुम नित्य वन्दना करो। अरे! जो सज्जन हैं वे तो बेचारे सज्जन ही हैं, वे क्या वन्दनीय हैं?

प्रजाशिक्षासुरक्षाभरणरूपं स्वीयकर्तव्यम्।
न पालयितुं समर्थाः शासकाः, किं वन्दनीयास्ते? ॥३४॥

३४. जो शासक प्रजा की शिक्षा, सुरक्षा और भरण पोषण रूप अपने कर्तव्य का पालन करने में समर्थ नहीं हैं, क्या वे वन्दनीय हैं?

क्वचिद्वित्तीयघोटालाः, क्वचित्क्रयविक्रयोत्कोचाः।
क्वचिच्चान्ये ह्यवाच्या येऽप्युदन्ता वन्दनीयास्ते? ॥३५॥

३५. कहीं वित्तीय घोटाले, कहीं खरीद-फरोख्त में रिश्वत और कहीं अन्य ऐसे समाचार जो जुबान से कहे नहीं जा सकते, क्या वन्दनीय कहे जा सकते हैं?

कदाचित्खाडकूचर्चा कदाचिज्जङ्गजूचर्चा।
इयं या दुर्दशालोक्या किमेषा वन्दनीयास्ते? ॥३६॥

३६. कभी खाडकुओं की चर्चा कभी जंगजुओं की चर्चा, यह दुर्दशा जो देखी जा रही है क्या यह वन्दनीय है?

न यद्दातुं समर्थस्तत्कृते कुरुषे प्रतिज्ञां त्वम्!
अपूर्या किं प्रतिज्ञा तावकीना वन्दनीयास्ते? ॥३७॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

३७. तू जो देने के लिए समर्थ नही हैं, उसके लिए तू प्रतिज्ञा कर रहा है। क्या तेरी ऐसी अपूर्ण प्रतिज्ञा वन्दनीय है?

अहो पूजास्थलं निर्मासि, पूजां नैव कुरुषे त्वम्!
कथय भक्तप्रवर! ते भक्तिरेषा वन्दनीयास्ते? ॥३८॥

३८. हे भक्त प्रवर! तुम पूजा स्थल का तो निर्माण करते हो परन्तु पूजा करते नहीं! कहो तो, क्या यहतुम्हारी भक्ति वन्दनीय है?

ययोद्गिरतो विषं स्वस्मिन्निमान् कुम्भीनसान् सहसे!
अये चन्दनतरो! सैषा धृतिस्ते वन्दनीयास्ते। ॥३९॥

३९. हे चन्दन के वृक्ष! जिसके द्वारा तुम अपने ऊपर विष उगलते हुए इन सर्पों को सहन कर रहे हो वह तुम्हारी धृति (धीरता) वन्दनीय है।

अये पञ्चानन! त्वां कुक्कुरोऽयं प्रत्यहं निन्दति।
सहानेन त्वदीया मित्रता किं वन्दनीयास्ते? ॥४०॥

४०. हे सिंह! यह कुत्ता प्रतिदिन तेरी निन्दा करता है। इसके साथ तेरी मित्रता क्या वन्दनीय है?

कवेर्व्याजोक्तिरन्योक्तिः स्वभावोक्तिश्च वक्रोक्तिः।
अनुक्त्वा किञ्चिदपि सर्वं भणन्ती वन्दनीयास्ते॥ ॥४१॥

४१. कवि की व्याजोक्ति, अन्योक्ति, स्वभावोक्ति और वक्रोक्ति कुछ कहे बिना भी सब कुछ कह देती है। अतः वन्दनीय है।

जना देशस्य रक्षार्थं तथा विश्वस्य कुशलार्थम्।
यतन्ते ये न निजकृत्यैः, कथय किं वन्दनीयास्ते? ॥४२॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

४२. जो लोग अपने देश की रक्षा के लिए तथा संसार की कुशलता के लिए अपने कार्यों से प्रयत्नशील नहीं रहते, कहो क्या वे वन्दनीय हैं?

नरा नार्योऽबलाः सबलाः कनिष्ठा मध्यमा ज्येष्ठाः।

स्वदेशंये न वन्दन्ते मताः किं वन्दनीयास्ते? ॥४३॥

४३. नर और नारी, निर्बल और सबल, कनिष्ठ, मध्यम और ज्येष्ठ जो अपने देश की वन्दना नहीं करते हैं, क्या वे तेरे लिए वन्दनीय कहे जा सकते हैं?

स्वदेशं निन्दयन्तो विश्वबन्धुत्वस्य वक्तारः।
फलं काङ्क्षन्ति ये मूलं विना, नो वन्दनीयास्ते! ॥४४॥

४४. जो अपने देश की निन्दा करते हैं और विश्वबन्धुत्व की बात करते हैं, ऐसे जड़ के बिना फल की इच्छा करने वाले लोग वन्दनीय नहीं होते।

यजन्ते ये विधानोक्तैः स्वकर्मभिरात्मजन्मभुवम्।
नराः कुत्रापि निवसन्तो न केषां वन्दनीयास्ते? ॥४५॥

४५. जो लोग कहीं भी रहते हुए, विधानोक्त अपने कर्तव्यों के द्वारा अपनी जन्मभूमि की पूजा करते हैं, वे किनके वन्दनीय नहीं होते?

बुधा वीराः कृषाणाः कार्मिका उद्योगिनः कवयः।
कालाकाराः स्वदेशोन्नायका ये वन्दनीयास्ते। ॥४६॥

४६. जो विद्वान्, बुद्धिमान्, वीर किसान, श्रमिक, उद्योगी, कवि और कलाकार अपने देश के उन्नायक होते हैं, वे वन्दनीय होते हैं।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

निबद्धास्ताडिता निहता तथा विकलाङ्गतां याताः।
जना ये देशरक्षार्थं, न केषां वन्दनीयास्ते? ॥४७॥

४७. जो लोग देश की रक्षा के लिए गिरफ्तार हुए, पीटे गये, मारे गये तथा विकलांग हो गये, वे किनके वन्दनीय नहीं हैं?

जना ये मातृभूमेर्वन्दनार्थं वन्दिनो जाताः।

स्मितास्याः कालपाशं ये चुचुम्बुर्वन्दनीयास्ते! ॥४८॥

४८. जो लोग मातृभूमि की वन्दना के लिए बन्दी हुए, जिन्होंने हँसते हुए फाँसी के फन्दे को चूमा, वे वन्दनीय हैं।

अये मे मातृभूमे! ते महिम्नो रक्षणार्थं ये।
बलिं चक्रुः स्वसर्वस्वं, न केषां वन्दनीयास्ते? ॥४९॥

४९. हे मेरी मातृभूमि! तेरी महिमा की रक्षा के लिए जिन्होंने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया, वे किनके वन्दनीय नहीं हैं?

जननि! ये त्वां नराः क्षतविक्षतां कर्तुं समीहन्ते।
कृतघ्नाः कस्य वा पापीयसो वद वन्दनीयास्ते? ॥५०॥

५०. हे जननी! जो लोग तुम्हें क्षत-विक्षत करने का मंसूबा बनाये हुए हैं, वे कृतघ्न किस पापी के लिए वन्दनीय हो सकते हैं?

अयं स्वातन्त्र्यसहकारः सदा सफलः समृद्धः स्यात्!
स्वरक्तैः सेचितोऽयं यैर्न केषां वन्दनीयास्ते? ॥५१॥

५१. यह स्वातन्त्र्य सहकार (१. स्वतन्त्रता रूपी आम्र वृक्ष २. स्वतन्त्रता के लिए सभी का सहयोग) सदा सफल और समृद्ध रहे! इसे जिन लोगों ने अपने रक्त से सींचा, वे किनके वन्दनीय नहीं हैं?

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

रमाकान्त! व्यथां देशस्य विश्वस्याथ निजकृत्यैः।
जना ये वर्धयन्ति प्रत्यहं किं वन्दनीयास्ते? ॥५२॥

५२. हे रमाकान्त! जो अपने देश और विश्व की व्यथा को अपनी करतूतों से प्रतिदिन बढ़ा रहे हैं, क्या वे वन्दनीय हैं?

न शब्दो नैव चार्थो न ध्वनिर्नैवास्त्वलङ्कारः।
तथापीयं कवे! कविता त्वदीया वन्दनीयास्ते! ॥५३॥

५३. हे कवि! तेरी कविता में न तो शब्द हैं, न अर्थ है, और न ध्वनि है और न अलंकार ही है फिर भी तेरी यह कविता वन्दनीय है?

(रचनापूर्तितिथिः १४.१.१९९३ ई.)

◆ ◆ ◆

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

मदीयकविते! कुरुष्व गानम्
(मेरी कविते! गीत गा)

सरस्वतीपादपद्मसेवा
यदीयमास्ते परं हि लक्ष्यम्।
बुधाग्रगाणामतन्द्रितानां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥१॥

१. सरस्वती के चरण कमलों की सेवा जिनका परम लक्ष्य है, उन अतन्द्रित (सदा जागरूक) विद्वानों में अग्रगण्यों के, हे मेरी कविते! तू गीत गा।

कदापि वागर्थनाम येषां
प्रयुक्तमस्त्रं वृथा न हि स्यात्।
अलोकसामान्यसत्कवीनां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥२॥

२. जिनका शब्दार्थ नामक अस्त्र प्रयुक्त होने पर कभी भी व्यर्थ नहीं जाता, उन असाधारण कवियों के, हे मेरी कविते! तू गीत गा।

स्वरश्रुतिग्रामरागबन्धै-
रपूर्वसृष्टेः सुसर्जकाणाम्।
शुभाय सङ्गीतसाधकानां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥३॥

३. जो स्वर श्रुति, ग्राम और राग के बन्ध (बन्दिश) से अपूर्व सृष्टि की सर्जना कर देते हैं, ऐसे लोक मंगल के लिए संगीत की साधना करने वालों के, हे मेरी कविते!, तू गीत गा।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

मृदाश्मना काष्ठखण्डकैर्वा
सृजन्ति ये नूतनां स्वजगतीम्।
यशस्विनां शिल्पिनां हि तेषां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥४॥

४. जो मिट्टी, पत्थर और लकड़ी के टुकड़ों से अपनी नयी दुनिया की सृष्टि कर लेते हैं, उन यशस्वी शिल्पियों (कलाकारों या कारीगरों) के, हे मेरी कविते! तू गीत गा।

सुखं धनं स्नेहबन्धनानि
स्वदेशसौख्याय ये त्यजन्ति।
हुतात्मनां नित्यमेव तेषां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥५॥

५. जो अपने देश के सुख के लिए अपने सुख, धन और स्नेह के बन्धनों को छोड़ देते हैं, उन हुतात्माओं (शहीदों) के, हे मेरी कविते! तू नित्य ही गीत गा।

परोपकारव्रतं पवित्रं
सदैव ये पालयन्ति हृष्टाः।
सुपूजितानां नृणां हि तेषां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥६॥

६. जो लोग अत्यन्त प्रसन्नता पूर्वक पवित्र परोपकार व्रत का सदैव पालन करते हैं, उन पूजनीय मनुष्यों के, हे मेरी कविते! तू गीत गा।

निजोपदेशैर्मनोऽन्धकारं
विधूय ये शिष्यसन्ततीनाम्।
जयन्ति, तेषां मुदा गुरूणां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥७॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

७. जो अपने उपदेशों से शिष्य परम्परा के मनोगत (अज्ञान के) अन्धकार को दूर भगा कर जय प्राप्त करते हैं,उन, उन गुरुजनों के, हे मेरी कविते! तू प्रसन्नता पूर्वक गीत गा।

स्वतन्त्रतायज्ञदीक्षितानां
चिराय कारासु पीडितानाम्।
मृतिंवराणां नरोत्तमानां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥८॥

८. जो स्वतन्त्रता रूपी यज्ञ में दीक्षित थे और बहुत दिनों तक जेलखानों (कारागृहों) में पीड़ित किये गये, मरण का वरण करने वाले उन नरोत्तमों के, हे मेरी कविते! तू गीत गा।

रिपोः करान्मोचयाम्बभूवुः
स्वमातरं भारतावनिं ये।
विशिष्य तेषां नृणां समेषां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥९॥

९. जिन लोगों ने अपनी माता भारत भूमि को शत्रु के हाथ से मुक्त कराया, उन सभी पुरुषों के, हे मेरी कविते! तू विशेषतः गीत गा।

मनुष्यतां रक्षितुं स्वयत्नै-
रनुक्षणं शोधतत्पराणाम्।
प्रबुद्धवैज्ञानिकव्रजाणां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥१०॥

१०. जो अपने प्रयत्नों से मानवता की रक्षा करने के लिए प्रतिक्षण शोध में लगे रहते हैं, उन प्रबुद्ध वैज्ञानिकों के, हे मेरी कविते! तू गीत गा।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सहर्षस्त्रशीर्षं सहस्त्रहस्तं
सहस्त्रपादं जनं भजन्तः।
समुद्यमा ये लसन्ति तेषां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥११॥

११. सहस्रों शिरों वाले, सहस्रों हाथों वाले तथा सहस्रों चरणों वाले जनता रूपी विराट् पुरुष की सेवा करने वाले जो अच्छे उद्योग सुशोभित हैं, हे मेरी कविते! तू उनके गीत गा।

विषह्य शीतोष्णवर्षकष्ट-
प्रकोपमप्यन्नदायकानाम्।
तपस्विनां क्षेत्रकर्षकाणां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥१२॥

१२. जो सर्दी, गर्मी और वर्षा के कष्ट रूपी प्रकोप को सहकर भी हमें अन्न प्रदान करते हैं, उन तपस्वी क्षेत्र कृषकों अर्थात् किसानों के, हे मेरी कविते! तू गीत गा।

उदन्वदाकाशपर्वतेषु
स्वदेशरक्षाव्रतस्थितानाम्।
रणोद्भटानां मुदा भटानां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥१३॥

१३. जो समुद्र, आकाश और पर्वतों पर अपने देश की रक्षा का व्रत लिए तैनात हैं, ऐसे रणोद्भट वीर सैनिकों के हे मेरी कविते! तू गीत गा।

विभिन्नखेलासु कीर्तिमानैः
स्वदेशसम्मानवर्धकाणाम्।
जितेन्द्रियाणां प्रशस्ययूनां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥१४॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

१४. जो जितेन्द्रिय, प्रशंसनीय युवक विभिन्न खेलों में कीर्तिमान स्थापित कर अपने देश के सम्मान की बढ़ोतरी करते हैं, हे मेरी कविते! तू उनके गीत गा।

प्रसन्नवक्त्राः सदासते ये
दरिद्रतायामपि प्रकामम्।

विशिष्य तेषां श्रमव्रतानां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥१५॥

१५. जो श्रमिक गरीबी में भी सदा प्रसन्न रहते हैं उनके हे मेरी कविते! तू विशेषतः गीत गा।

स्वकीयचरितैर्मनस्सु पित्रोः
प्रकामसन्तोषदायका ये।
सुता जगद्भूषणानि, तेषां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥१६॥

१६. जो अपने माता पिता के मन को अपने चरित्र एवं कार्यो से सन्तोष देने वाले हैं, ऐसे जगत् के भूषण बने पुत्रों के, हे मेरी कविते! तू गीत गा।

असज्जनानां कुनायकानां
कृतघ्न - दुर्वृत्त - वञ्चकानाम्।
विहाय चर्चां, मनस्विनां त्वं
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥१७॥

१७. नालायकों, कुनायकों, कृतघ्न, दुश्चरित्र और ठगों की चर्चा छोड़कर मेरी कविते! तू मनस्वियों के गीत गा।

सदा प्रजातन्त्ररक्षकाणां
स्वकार्यनिर्वाहतत्पराणाम्।
प्रदर्शकाणां सृतेरभीते-
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥१८॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

१८. जो सदा प्रजातन्त्र की रक्षा करने वाले हैं और अपने कर्तव्य का निर्वाह करने में तत्पर हैं तथा निर्भयता की राह दिखाने वाले हैं, हे मेरी कविते! तू उनके गीत गा।

स्वपाणिपल्लवमुदारकल्पं
न कुत्रचिद् ये प्रसारयन्ति।
नृणां सदायाचितव्रताणां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥१९॥

१९. जो उदार संकल्प वाले अपने हाथ को किसी के भी सामने नहीं फैलाते उन अयाचित व्रत को पालने वालों के, हे मेरी कविते! तू गीत गा।

कुरीतयो वा कुनीतयो वा
जगत्यनिष्टं प्रपूरयन्त्यः।
विलोपिता यैः, सभक्ति तेषां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥२०॥

२०. जिन लोगों ने जगत् में अनिष्ट फैलाने वाली कुरीतियों तथा कुनीतियों को दूर कर दिया, हे मेरी कविते! उन समाज सुधारकों के तू गीत गा।

स्वकीयवर्णं स्वरं भविष्णुं
विधातुकामासि? तर्हि नूनम्।
तपोधनानां जगद्गुरूणां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥२१॥

२१. अपनी चमक और स्वर को यदि तू प्रभावशाली बनाना चाहती है तो निश्चित ही मेरी कविते! तू तपोधन जगद्गुरुओं के गीत गा।

'सदैव सर्वे भवन्तु सुखिनः
सदैव सर्वे निरामयाः स्युः।'
मनोरथस्यास्य पोषकाणां
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥२२॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

२२. 'सभी सदा सुखी हों और सभी सदा नीरोग रहें!'- इस इच्छा की पुष्टि करने वालों के, हे मेरी कविते! तू गीत गा।

कुटुम्बमेकं जगद्विधातुं
जनाः सदा ये प्रयत्नशीलाः।
प्रहृष्य तेषां महात्मनां त्वं
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥२३॥

२३. इस जगत् को एक परिवार बनाने के लिए जो लोग सदैव प्रयत्नशील है उन महात्माओं के, ऐ मेरी कविते! तू प्रसन्नता पूर्वक गीत गा।

यदीच्छसि त्वं जनिं स्वकीयां
सदर्थितां कर्तुमार्यशीले!
तदा महिम्नां स्वमातृभूमे-
र्मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥२४॥

२४. यदि तू अपने जन्म को सार्थक करना चाहती है तो श्रेष्ठ चरित्र वाली हे मेरी कविते! तू अपनी मातृभूमि की महिमा का गान कर।

अमन्दमानन्दमाप्तुकामा
परेशलीलाब्धिमौक्तिकानाम्।
कदाचिदेकान्तवासमाप्ता
मदीयकविते! कुरुष्व गानम्॥२५॥

२५. अमन्द आनन्द प्राप्त करने की इच्छा से कभी एकान्तवासिनी होकर हे मेरी कविते! तू परमेश्वर की लीलारूपी समुद्र के मौक्तिकों के गीत गा।

(रचनातिथिः २६-१२-१९९३)

◆ ◆ ◆

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

भारतस्य विजयोऽयम्

(यह भारत की विजय है)

"क्रुद्धं हिंसाबलं जितं किल सत्याहिंसाबलतः।
आङ्ग्लशासनं खलूच्चाटितं भारतस्य विजयोऽयम्॥१॥

१. "सत्य और अहिंसा के बल से क्रुद्ध हिंसा की सेना को जीत लिया गया और अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंका गया, यह भारत की विजय है।

पञ्चषष्टितम (१९६५) वर्षेऽस्माकं पश्चिमोत्तरे वीराः।
पदचर्यया गता लाहौरं, भारतस्य विजयोऽयम्॥२॥

२. १९६५ वर्ष में हमारे वीर पश्चिमोत्तर दिशा में पैदल-पैदल लाहौर तक चले गये। यह भारत की विजय है।

३.एकसप्ततौ दिसम्बरे किलं नवतिसहस्त्रं पाकाः।
बद्धा निरागसां हन्तारो, भारतस्य विजयोऽयम्॥३॥

३. १९७१ में निरपराध लोगों के हत्यारे ९०,००० पाकिस्तानी सैनिक गिरफ्तार कर लिये गये, यह भारत की विजय है।

वारद्वयं पोखरणगर्भे ह्यणुविस्फोटपरीक्षा।
स्वीयसाधनैः सफला जाता, भारतस्य विजयोऽयम्॥४॥

४. दो बार पोखरण के गर्भ में परमाणु विस्फोट का परीक्षण अपने साधनों से किया गया जो कि सफल रहा। यह भारत की विजय है।

अग्निनागप्रभृतीन्यस्त्राणि प्रोद्भासन्तेऽस्माकम्।
तर्जयन्ति वैरिणः प्रतिपलं, भारतस्य विजयोऽयम्॥५॥

५. हमारे अग्नि, नाग आदि अस्त्र चमक रहे हैं जो कि प्रतिक्षण शत्रु को तर्जना देते हैं। यह भारत की विजय है।

अवतारिता युद्धपोताः सागरवक्षसि सोत्साहम्।
आत्मरक्षणं विदधति वीराः, भारतस्य विजयोऽयम्॥६॥

६. समुद्र के सीने पर हमने युद्धपोत उत्साह पूर्वक उतार दिये हैं और हमारे वीर अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहे हैं। यह भारत की विजय है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

मा चिन्तां कुरु रमाकान्त! सागरे वियति भूपृष्ठे।
निस्तन्द्रा जाग्रति वीरास्ते, भारतस्य विजयोऽयम्'।।७।।

७. हे रमाकान्त! चिन्ता मत कर समुद्र, आकाश और धरती पर तेरे वीर निस्तन्द्र होकर जाग रहे हैं।''

'द्रासबटालिककक्कसरमश्कोभागा अस्मद्वीरैः।
यथा रक्षिता शत्रोर्हस्तात्, भारतस्य विजयोऽयम्।।८।।

८. 'द्रास, बटालिक, कक्सर और मश्कोह के क्षेत्र हमारे वीरों के द्वारा शत्रु के हाथ से जैसे रक्षित किये गये, यह भारत की विजय है।

भातृभूमिरक्षार्थं वीराः वीरगतिं लब्ध्वा यत्।
रविमण्डलभेदनं चक्रिरे भारतस्य विजयोऽयम्।।९।।

९. मातृभूमि की रक्षा के लिए वीर सैनिक वीरगति को प्राप्त करके रविमण्डल का भेदन कर गये! यह भारत की विजय है।

वायुसैनिका धरासैनिका सन्नायका भटानाम्।
स्थास्यन्तीमे सदा प्रणम्या भारतस्य विजयोऽयम्।।१०।।"

१०. वीरों के नायक ये वायु सैनिक और भूमि सैनिक सदा हमारे प्रणम्य रहेंगे। यह भारत की विजय है।"

"भ्रातश्चिन्तां नो कुर्वेऽहं किन्तु कामयेऽप्यन्यत्।
पश्य कीदृशो मया काम्यते भारतस्य विजयोऽयम्।।११।।

११. "अरे भाई! मैं चिन्ता नहीं कर रहा किन्तु मैं कुछ और भी कामना करता हूँ। सुनो, मैं जैसा भारत की विजय चाहता हूँ वह यह है–

भ्रष्टाचारो महार्घता आतङ्कवाद उत्कोचः।
निर्धनता यदि पराजिताः स्युर्भारतस्य विजयोऽयम्।।१२।।

१२. भ्रष्टाचार, महँगाई, आतंकवाद, रिश्वतखोरी और निर्धनता यदि पराजित हो जाय तो भारत की विजय हो।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi

वृत्तिहीनता विघटनवृत्तिर्जनतामूढीकारः।
जिताः पूर्णतो यदि, पूर्णः स्याद्भारतस्य विजयोऽयम्॥१३॥

१३. बेरोजगारी, अलगाववादी प्रवृत्ति और जनता को बेवकूफ बनाना, यदि इन्हें पूरी तरह जीत लिया जाय तो भारत की विजय हो।

यदि च विदूषकनिभा नायका जनतां नो लुण्ठेयुः।
धर्मजातिभाषाविभेदतो भारतस्य विजयोऽयम्॥१४॥

१४. यदि धर्म, जाति और भाषा का विभेद फैलाकर विदूषक के समान नेता जनता को न लूट सकें तो भारत की विजय हो।

बाह्यमान्तरं प्रदूषणं नो नागरिकान् बाधेत।
अभयं यदि तेषां हृदि विलसेद्भारतस्य विजयोऽयम्॥१५॥

१५. यदि बाह्य एवं आन्तरिक प्रदूषण नागरिकों को बाधित न करे और यदि उनके हृदय में निर्भयता सुशोभित हो तो भारत की विजय हो।

शिक्षा स्वास्थ्यं क्रीडाभ्यासो देशभक्तिरविचलिता।
सम्पूर्णेषु जनेषु भवेद्यदि भारतस्य विजयोऽयम्॥१६॥

१६. शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल का अभ्यास और अविचल देशभक्ति यदि सभी जनों में आ जाय तो यह भारत की विजय होगी।

क्षेत्रेषु स्यात्सस्यबहुलता कारक्षेषूत्पादः।
प्रतिहस्तं स्याद्वृत्तियुक्तता, भारतस्य विजयोऽयम्॥१७॥

१७. खेतों में प्रभूत अन्न हो और कारखानों का उत्पाद बढ़े और प्रत्येक हाथ को रोजगार मिले तो यह भारत की विजय होगी।

पठतु जनो यां कामपि भाषां किन्तु राष्ट्रभाषां प्रति।
नैवोपेक्षां यदा धारयेत्, भारतस्य विजयोऽयम्॥१८॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

१८. लोग किसी भी भाषा को पढ़ें, किन्तु राष्ट्रभाषा के प्रति जब वे उपेक्षा नहीं धारण करेंगे तो यह भारत की विजय होगी।

विज्ञानं साहित्यं वाणिज्यं कृषिशिल्पोद्योगाः।
आध्यात्म्यं कलाश्च जृम्भन्ताम्, भारतस्य विजयोऽयम्॥१९॥

१९. विज्ञान, साहित्य, वाणिज्य, कृषि, शिल्प, उद्योग, अध्यात्म और कला खूब विकसित और उन्नत हो तो यह भारत की विजय होगी।

वेषभूषयोपासनपद्धत्याशनेन संस्कारैः।
भिन्ना अप्येकतां भजेयुर्भारतस्य विजयोऽयम्॥२०॥

२०. यदि वेषभूषा, उपासना पद्धति, भोजन और संस्कारों के कारण भिन्न दिखायी देने वाले व्यक्ति भी एकता का अवलम्बन करें, तो यह भारत की विजय होगी।

स्वतन्त्रतां यः कामयते सम्पूर्णजगद्देशानाम्।
सदा वर्धताम् सदा राजताम् भारतस्य विजयोऽयम्॥२१॥

२१. सम्पूर्ण जगत् के देशों की स्वतन्त्रता को जो चाहती है वह भारत की विजय सदा बढ़ती रहे और शोभित होती रहे तो यह भारत की विजय होगी।

(इयं रचना दिल्ली-संस्कृत-हिन्दी-सिन्धी-पञ्चाब्युर्द्वकादमीभिः दिल्लीस्थे 'शाह-आडिटोरियमे'-त्यभिधे सभाभवने १६-१२-१९९८ तारिकायां समायोजिते 'विजय-दिवसे' पठितमासीत्)

(रचनातिथिः १६-१२-१९९८, ८-१० पद्यानि ४.७.१९९९)

◆ ◆ ◆

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लोकतन्त्रेऽस्मिन्

(इस लोकतन्त्र में)

अकल्प्यं किं न घटते, भावगम्ये लोकतन्त्रेऽस्मिन्।
भवति किं, किं भविष्यति वा, न जाने लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥१॥

१. इस लोकतन्त्र का बखान शब्दों से नहीं हो सकता (यह तो अनुभवैकगम्य है)। इसमें क्या-क्या अकल्पनीय घटना नहीं हो जाती, पता नहीं इस लोकतन्त्र में क्या हो रहा है और आगे क्या होगा!

महामात्यत्रयं दृष्टम्, मुहुर्निर्वाचनं घुष्टम्।
अहो स्वातन्त्र्यहेमाब्दे, किमेतल्लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥२॥

२. तीन प्रधानमन्त्री देख लिये और फिर निर्वाचन की उद्घोषणा हो गयी। स्वतन्त्रता की स्वर्ण जयन्ती वर्ष में इस लोकतन्त्र में यह क्या हो रहा है।

मयूरव्यालशालूराः, स्वकीयं काङ्क्षितं लब्धुम्।
स्थिता एकत्र गतवैरा, महिष्ठे लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३॥

३. मोर, साँप और मेंढक अपने अभीष्ट को प्राप्त करने की इच्छा से इस महनीय लोकतन्त्र में निर्वैर होकर इकट्ठे हो गये।

विडाला मूषकैस्साकं, वृका हरिणैस्समं मैत्रीम्।
प्रकुर्वाणा विलोक्यन्ते, पदार्थं लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥४॥

४. बिलौटे चूहों के साथ तथा भेड़िये हिरनों के साथ पद के लिए मित्रता करते हुए इस लोकतन्त्र में दिखायी दे रहे हैं।

समीहितसिद्धये श्लिष्टाः, सुताः कुन्त्याश्च गान्धार्याः।
महाभारतकथेयं, काप्यपूर्वा लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥५॥

५. अपने मनचीते को प्राप्त करने के लिए कुन्ती और गान्धारी के पुत्र परस्पर मिल गये हैं। इस लोकतन्त्र में यह कोई अपूर्व ही महाभारत कथा दिखायी दे रही है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अहो हैयङ्गवीनं सख्यमिच्छत्यग्निना साकम्।
कदल्या मित्रता दृष्टा, बदर्या लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥६॥

६. देखो तो, मक्खन आग के साथ दोस्ती चाहता है और इस लोकतन्त्र में केले के पत्ते की बेर के (पेड़) के साथ दोस्ती दिखायी दे रही है।

इमे काका उलूकैः सार्धमिच्छन्ति स्वसम्बन्धम्।
तितउना वारिमैत्रीं पश्य, बन्धो! लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥७॥

७. ये कौवे उल्लुओं के साथ अपना सम्बन्ध बनाना चाहते हैं और मित्र! इस लोकतन्त्र में चलनी के साथ पानी की मित्रता को देखो।

तमस्तेजश्च मित्रे स्तः, हयानां सैरिभैः सख्यम्।
अजव्याघ्रौ सखायौ स्तः, प्रकृष्टे लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥८॥

८. अन्धकार और तेज मित्र हो गये, घोड़ों की भैसों से मित्रता हो गयी! इस प्रकृष्ट लोकतन्त्र में बकरी और बाघ दोनों सखा हो गये!

विधुन्तुदचन्द्रयोः प्रीतिः, पयोजम्बीरयोः प्रीतिः।
अजानां कौटिकैः प्रीतिर्विलोक्या लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥९॥

९. इस लोकतन्त्र में राहु की चन्द्रमा से प्रीति हो गयी, दूध और नींबू की प्रीति हो गयी और कसाइयों से बकरों की प्रीति देखने योग्य है।

तमस्तेजो दिनं रात्रिः, सुधा विषमन्धता दृष्टिः।
अहो पर्यायतां प्राप्ता, विरुद्धा लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥१०॥

१०. अन्धकार और प्रकाश, दिन और रात, अमृत और विष, अन्धापन और दृष्टि- ये सभी विरुद्ध इस लोकतन्त्र में, देखो तो, परस्पर पर्याय हो गये हैं।

शृणुध्वं रे सुबद्धं, भक्ष्यभक्षकसख्यमिह लोके।
विपत्तेः कारणं नास्ते, सुपूज्ये लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥११॥

११. अरे भाई! अच्छी तरह सुन लो। इस पूजनीय लोकतन्त्र में भक्ष्य और भक्षक की प्रीति विपत्ति का कारण नहीं है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अयं योऽस्त्यस्मदाशानां, प्रतीकः प्रतिनिधिः सदने।
स आशामस्मदीयां, पूरयति नो लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥१२॥

१२. यह जो हमारी आशाओं का प्रतीक प्रतिनिधि सदन में गया है वह हमारी आशा को इस लोकतन्त्र में पूरा नहीं कर रहा।

किमपि कर्तुं तथाऽकर्तुं, तथा चैवान्यथा कर्तुम्।
विदूषकसन्निभो नेता, प्रभुर्वै लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥१३॥

१३. इस लोकतन्त्र में कुछ भी करने के लिए, न करने के लिए तथा अन्यथा करने के लिए विदूषक के समान नेता निश्चय ही समर्थ (प्रभु) है।

मतं यल्लोकतन्त्रं, शासनं नृणां नृभिर्नृभ्यः।
विलीनं तत्क्व सञ्जातं, प्रचण्डे लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥१४॥

१४. जो लोकतन्त्र जनता का, जनता के द्वारा तथा जनता के लिए शासन कहा जाता है, पता नहीं इस प्रचण्ड लोकतन्त्र में, वह कहाँ विलीन हो गया!

क्वचिच्चास्त्रीभवति सदने, ध्वनेर्विस्तारकं यन्त्रम्।
सदस्याः कान्दिशीका हन्त!, दृष्टा लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥१५॥

१५. कहीं तो ध्वनि विस्तारक यन्त्र (माइक) सदन में अस्त्र बन जाता है और कष्ट है कि इस लोकतन्त्र में सदन के सदस्य किस दिशा में भागें- यह सोचते हुए दिखायी देते हैं।

अहो! युद्धाजिरं जातं, सभाभवनं तु नेतृणाम्।
विधायक एव पण्याश्वीभवति हा! लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥१६॥

१६. आश्चर्य है कि सभा-भवन तो नेताओं के लिए युद्ध का मैदान हो गया और विधायक ही इस लोकतन्त्र में खरीदा जाने वाला घोड़ा बन गया।

कदाचिद्धावनं दलतः, कदाचिन्नूत्नदलघटनम्।
कदाप्यपवञ्चनाकाण्डं, विलोकय लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥१७॥

१७. कभी तो एक पार्टी से दूसरी पार्टी में दौड़, कभी नये दल का गठन और कभी घोटाले- यह सब इस लोकतन्त्र में देखो।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

करौ बद्ध्वा मुखे दत्वा, तृणं नत्वा शिरः स्वीयम्।
वृकाः काङ्क्षन्ति मेषाणां, मतं बत लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥१८॥

१८. इस लोकतन्त्र में भेड़िए हाथ जोड़कर और मुँह में तिनके रख कर और अपने सिर को नीचा रखकर मेमनों से वोट माँगते हैं।

क्षणे रोषः क्षणे तोषः, क्षणे त्यागः क्षणे ग्रहणम्।
क्षणे निन्दा क्षणे स्तुतयो, मतार्थं लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥१९॥

१९. क्षण में रोष, क्षण में तोष, क्षण में त्याग, क्षण में ग्रहण, क्षण में निन्दा और क्षण में स्तुति, वोट के लिए, इस लोकतन्त्र में की जाती हैं।

न कश्चित्कस्यचिन्मित्रं, न कश्चित्कस्यचिच्छत्रुः।
मतार्थं शात्रवं मैत्री, भवति भो! लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥२०॥

२०. न कोई किसी का मित्र है न कोई किसी का शत्रु है। इस लोकतन्त्र में मत (वोट) के लिए मित्रता या शत्रुता की जाती है।

क्वचिद्दानी क्वचिद्भिक्षुः, क्वचिच्छिष्टः क्वचिद्धृष्टः।
क्वचिद् ह्रीणोऽथ निर्लज्जो, मतार्थी लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥२१॥

२१. वोट माँगने वाला इस लोकतन्त्र में कहीं दानी, कहीं भिक्षुक, कहीं शिष्ट तो कहीं ढीठ और कहीं लज्जालु तो कहीं निर्लज्ज हो जाता है।

जनैर्दत्तं मतं यस्मै, प्रतार्यास्तेन ते जाताः।
स्वतन्त्रं भारतं किं किं, न पश्यति लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥२२॥

२२. जिन लोगों ने जिसे मत दिया वे तो उसके द्वारा ठगे जाने योग्य हैं। स्वतन्त्र भारत इस लोकतन्त्र में क्या-क्या नहीं देख रहा है!

अहो जनताजनार्दनपूजनं यस्यास्ति कर्तव्यम्।
स नेता वञ्चनं कुरुते, जनानां लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥२३॥

२३. आश्चर्य है कि जनता जर्नादन की पूजा जिसका कर्तव्य है वह नेता इस लोकतन्त्र में जनता का ही वंचन करता है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अये म्याऊंकरोत्येषा, कथं मामेव मार्जारी।
मदीया पालिता यास्ते, कृतघ्ना लोकतन्त्रेऽस्मिन्।।२४।।

२४. देखो तो, जो मेरे द्वारा पाली गयी है, वह बिल्ली इस लोकतन्त्र में कृतघ्न होकर मुझे ही म्याँऊ कर रही है।

कलासाहित्यसङ्गीतप्रहीणो ना तृणं खादति।
पशूनां भागधेयं यद्, हरे! शृणु लोकतन्त्रेऽस्मिन्।।२५।।

२५. हे हरि (भर्तृहरि)! सुनिए- इस लोकतन्त्र में कला, साहित्य और संगीत से रहित पुरुष पशुओं के हिस्से की घास (चारा) खा जाता है।

वहन्तः स्वं ध्वजं चिह्नं, करौ बद्ध्वा मतं लब्धुम्।
वनीयक-कर्मनिष्णाता, भ्रमन्ते लोकतन्त्रेऽस्मिन्।।२६।।

२६. इस लोकतन्त्र में अपने झण्डे और चुनाव चिह्न को धारण करते हुए हाथ जोड़कर मत प्राप्त करने के लिए मतार्थी भिखारी के कर्म में निष्णात होकर चक्कर काटते हैं।

कथं बन्धो मतं दास्यसि, भयं त्यक्त्वा स्वके क्षेत्रे।
वृतः पाटच्चरैर्मतदानकेन्द्रे लोकतन्त्रेऽस्मिन्।।२७।।

२७. अरे भाई! तू अपने क्षेत्र में निर्भय होकर वोट कैसे डालेगा, तुझे इस लोकतन्त्र में चारों ओर से मतदान केन्द्र में लुटेरे घेर लेंगे।

विकासोऽप्यद्भुतो जातोख विनाशोऽप्यद्भुतो जातः।
प्रकाण्डा काण्डसन्ततिरीक्ष्यते बत लोकतन्त्रेऽस्मिन्।।२८।।

२८. विकास भी अद्‌भुत हुआ और विनाश भी अद्‌भुत हुआ। इस लोकतन्त्र में काण्डों (घोटालों) की प्रकाण्ड परम्परा देखी गयी है।

अयोग्याः प्रोन्नतिं प्राप्ताः, सुयोग्या अवनतिं नीताः।
सतामपवञ्चनं प्रायो, विलोक्यं लोकतन्त्रेऽस्मिन्।।२९।।

२९. अयोग्यों को प्रोन्नति मिली, सुयोग्यों को अवनति मिली। इस लोकतन्त्र में प्रायः सज्जन तो वंचित ही रहे।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कथं भो मन्यसे देशं, धनं पित्र्यं विभज्याद्यम्।
त्वया नेतः! कृता का वास्य, सेवा लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३०॥

३०. नेता जी! तुम इस देश को अपने बाप का दिया हुआ, बाँटकर खाने योग्य धन क्यों समझते हों? इस लोकतन्त्र में तुमने इस देश की कौन सी सेवा की है?

मनस्यन्यद् वचस्यन्यत्, तथान्यत्कर्मणि स्वीये।
दधानः प्रायशो लोकस्य, नेता लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३१॥

३१. इस लोकतन्त्र में प्रायः लोक का नेता मन में कुछ, वचन में कुछ तथा अपने कर्म में कुछ धारण करता हुआ दिखायी देता है।

कुतो निजसंस्कृतेश्चिन्ता, कुतो देशस्य वा चिन्ता।
पदस्थाश्चिन्तयन्ति स्वां, समृद्धिं लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३२॥

३२. किसे अपने संस्कृति की चिन्ता है या किसे देश की चिन्ता है! इस लोकतन्त्र में पदासीन व्यक्ति अपनी समृद्धि की ही चिन्ता करते हैं।

विदूषककर्म कुर्वाणा, जनान् ये वञ्चयन्त्यनिशम्।
त एवाद्यासते मान्यास्तथाप्ता लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३३॥

३३. विदूषक की भूमिका निभाते हुए जो लोगों को दिन रात ठगते हैं, वे ही आज इस लोकतन्त्र में माननीय एवं प्रमाणिक हो गये हैं।

'जयो मे दक्षिणे हस्ते, जयो मे वामहस्ते च।'
दलं हित्वा भणति चतुरः, प्रवीरो लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३४॥

३४. इस लोकतन्त्र में दल का त्याग करने वाला चतुर प्रवीर यह कहता है– "मेरे दाँये हाथ में भी जय है, और मेरे बाँये हाथ में भी जय है।"

सरस्वत्या मरालो, लुञ्च्यते लक्ष्म्या उलूकेन।
पिका मौनं भजन्ते, काकभीता लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३५॥

३५. इस लोकतन्त्र में सरस्वती का हंस, लक्ष्मी के उल्लू द्वारा नोचा जा रहा है और कौवों से डरी हुई कोयलें खामोश हैं।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

बलात्कारा नृहत्या, बम्बविस्फोटास्तथा दाहाः।
अहो दैनन्दिनी वार्ताऽस्मदीये लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३६॥

३६. बलात्कार, हत्या, बम्ब विस्फोट तथा आगजनी ये हमारे लोकतन्त्र में रोज की खबरें बन गयी हैं।

इयं देवी प्रतारण-चातुरी, भ्रष्टावने दक्षा।
मता नृपनीतिसञ्ज्ञा, वन्दनीया लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३७॥

३७. लोगों को धोखा देने में चतुर तथा भ्रष्ट लोगों की रक्षा में दक्ष राजनीति संज्ञक देवी इस लोकतन्त्र में वन्दनीय हो गयी है।

पुनस्ते मे मतं काङ्क्षन्ति, यैरेवास्मि परिमुषितः।
अहो! निर्लज्जतेयं कीदृशी, ननु लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३८॥

३८. जिन लोगों ने मुझे लूटा है वे फिर मेरा वोट चाहते हैं! इस लोकतन्त्र में, देखो तो, यह कैसी निर्लज्जता है!

मतं मे काङ्क्षमाणा ये, पुनर्मे द्वारि सम्प्राप्ताः।
कथं तेषां प्रियं कुर्याम्, न जाने लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥३९॥

३९. मेरे मत को चाहने वाले जो मेरे द्वार पर फिर आ गये हैं मैं उनका कैसे प्रिय करूँ, इस लोकतन्त्र में मैं समझ नहीं पा रहा।

शकाराणां विकारा, जृम्भमाणा नित्यमीक्ष्यन्ते।
विपन्नाश्चारुदत्ताः, किञ्च धूता लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥४०॥

४०. इस लोकतन्त्र में शकारों के विकार नित्य बढ़ते जा रहे हैं और चारुदत्त तथा धूता विपद्ग्रस्त हो गये हैं।

महर्घत्वं निधायाङ्के, सरत्यग्रे नवं वर्षम्।
शुभेच्छा मामकीनाः स्युर्भवद्भ्यो लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥४१॥

४१. अपनी गोद में महँगाई को लिये हुए यह नववर्ष आगे बढ़ रहा है। इस लोकतन्त्र में आप सबको मेरी शुभ कामनाएँ हैं।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कटूक्तीः प्रत्यहं कुर्वे, समीक्षाः प्रत्यहं कुर्वे।
न रिङ्गति कस्यचित्कर्णेऽपि यूका लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥४२॥

४२. मैं प्रतिदिन कड़वी-कड़वी बातें कहता हूँ, मैं प्रतिदिन समीक्षा करता हूँ लेकिन इस लोकतन्त्र में किसी के कान में जूँ नहीं रेंगती।

महाकाव्यान्यपेक्ष्यन्ते, यदीयं सद्यशो गातुम्।
मदीयैः सीमितैः शब्दैर्भवति किं लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥४३॥

४३. जिसका सद्यश गाने के लिए अनेक महाकाव्य अपेक्षित है ऐसे लोकतन्त्र में मेरे सीमित शब्दों से क्या सिद्धि होगी!

प्रसिद्धिं लम्भिताः खलनायकाः खलु नायकत्वेन।
विपयर्यमीदृशं त्वं, पश्य बन्धो! लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥४४॥

४४. जो खलनायक थे वे नायक के रूप में प्रसिद्ध हो गये। मित्र! देखो तो सही, इस लोकतन्त्र में यह कैसा विपर्यय हो गया!

इदं दाहात्मकं तेजः, सुगूढं यन्नृणामन्तः।
मदान्धाः! कि न पश्यत रे? वदत भो लोकतन्त्रेऽस्मिन्॥४५॥

४५. अरे मदान्धो! बताओ तो सही, इस लोकतन्त्र में क्या तुम उस दाहात्मक तेज को नहीं देख रहे हो, जोकि लोगों के हृदय में छिपा हुआ है।

(रचनातिथिः २०.१.१९९८)

◆ ◆ ◆

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

किं कुर्यात् (१)
(क्या करे!) (१)

कृते यत्नेऽपि नो सिद्धिर्भवति चेत्कोऽत्र किं कुर्यात्।
विरुद्धे भागधेये कर्म कुर्वाणोऽपि किं कुर्यात्?॥१॥

१. यत्न करने पर भी अगर सिद्धि न मिले तो कोई क्या करे। भाग्य विरुद्ध हो तो कर्म करने वाला भी क्या करे?

'विलिण्टाइन' दिने छात्राः कुसुमहस्ता गताः पार्के।
वराकोऽध्यापको गत्वापि कक्षे ब्रूहि किं कुर्यात्॥२॥

२. 'विलिण्टाइन दिवस' पर हाथों में फूल लेकर छात्र तो पार्क में चले गये। ऐसे में बेचारा अध्यापक कक्ष (क्लास रूम) में जाकर भी, बताओ, क्या करे?

गृहादचलं भवन्तं द्रष्टुकामोऽहं यथाकालम्।
परं मार्गेऽमिलज्जामो विलम्बे कोऽत्र किं कुर्यात्॥३॥

३. मैं तो आपके दर्शन के लिए घर से समय पर ही चला था किन्तु रास्ते में मिल गया जाम। विलम्ब हो जाने पर अब कोई क्या कर सकता है!

गृहाच्चलितः समयतोऽहं परं मध्येपथं रुद्धः।
'विलम्बादागतोऽस्मी'ति क्षमायाच्ञापि किं कुर्यात्॥४॥

४. "घर से तो मैं समय से चला पर मार्ग में घिर गया। मैं विलम्ब से आया हूँ"– इस प्रकार की क्षमा याचना भी क्या कर सकती है?

उपस्थितिपञ्जिकास्ते द्वारि चारक्षी लगुडहस्तः।
तथापि त्वं त्वदीयैस्ताड्यसे चेत्कोऽत्र किं कुर्यात्॥५॥

५. रजिस्टर भी है और गेट (द्वार) पर हाथ में डण्डा लिए हुए सुरक्षाकर्मी भी है। फिर भी तू अपने ही व्यक्तियों से पीट दिया गया, तो ऐसे में कोई क्या कर सकता है?

भवति साक्षात्कृतिर्विद्यागृहे त्वं चोत्तमश्रेणिः।
न पूर्वेद्युस्त्वया दृष्टो विशेषज्ञोऽपि किं कुर्यात्॥६॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

६. विद्यालय में इण्टरव्यू हो रहा है, और तू उत्तम श्रेणी में उत्तीर्ण भी है। लेकिन तू पहले दिन विशेषज्ञ (एक्सपर्ट) से मिला नहीं! ऐसे में वह भी क्या करे?

श्रुतो धर्मः, कृता सन्ध्या, श्रिते चाभ्यासवैराग्ये।
जहाति च नैव चाञ्चल्यं मनः किल कोऽत्र किं कुर्यात्॥७॥

७. धर्म के विषय में भी सुना, सन्ध्या वन्दन भी किया और अभ्यास एवं वैराग्य का आश्रय भी लिया किन्तु मन चंचलता नहीं छोड़ पा रहा है। ऐसे में कौन भला क्या करे!

अहं यां चिन्तयाम्यनिशं विना यां नो लभे निद्राम्।
न सा दूरध्वनौ सुलभा, जनोऽयं मित्र! किं कुर्यात्॥८॥

८. मैं जिसका ध्यान करता रहता हूँ, जिसके बिना मुझे नींद नहीं आती, वह दूरभाष पर भी मुझे सुलभ नहीं होती, बता मित्र! ऐसे में मैं क्या करूँ।

प्रिया भार्या त्वमसि, वदसि प्रियं प्रियमण्डने, पत्यै।
न चेत्समयेऽशनं दत्से पतिस्ते ब्रूहि किं कुर्यात्॥९॥

९. तू प्यारी पत्नी है और मीठा भी बोलती है और प्रियमण्डना भी है (अर्थात् बन ठन कर रहने का तुझे शौक है) पर यदि तू अपने पति को समय पर भोजन नहीं देती, तो पति तेरा क्या करे? अथवा तेरा पति बेचारा क्या करे?

त्वया विषभक्षणं कृत्वा कृतायामात्महत्यायाम्।
प्रियस्त्वां नैति चेद् द्रष्टुं तवेदं कर्म किं कुर्यात्॥१०॥

१०. तूने जहर खाकर आत्महत्या कर ली (या करने की कोशिश की)। फिर भी तेरा प्रिय तुझे देखने नहीं आया! तेरे इस कर्म का क्या फ़ायदा रहा?

वधूः श्वसुरालयादपमानिता गच्छति पितुर्गेहे।
पितुर्गेहेऽपि नो सौख्यं भजति चेत्सात्र किं कुर्यात्?॥११॥

११. वधू ससुराल से अपमानित होकर पिता के घर जाती है। यदि वह पिता के घर में भी सुख नहीं प्राप्त करती तो वह वहाँ क्या करे?

महामात्योऽटलोऽध्यक्षो मुशर्रफ् चागरानगरे।
शिखरवार्तावसाने निष्फलौ! कः कोऽत्र किं कुर्यात्?॥१२॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

१२. प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेई और अध्यक्ष मुशर्रफ की आगरा शहर में शिखर वार्ता अन्त में निष्फल हो गयी तो कोई इस विषय में क्या कर सकता है!

'मृतो वा जीवितो वापेक्ष्यते न्यायाय लादेनः।'
प्रतिज्ञायापि नो लभते बुशस्तं चेत्स किं कुर्यात्!॥१३॥

१३. "इंसाफ के लिए जीवित या मुर्दा लादेन हमें चाहिए"– यह प्रतिज्ञा करके भी बुश उसे हासिल नहीं कर पाता तो वह क्या करे?

कृते विविधे प्रपञ्चेऽपि प्रकामं बहुमतं नाप्तम्।
इदानीं वञ्चनाचुञ्चुर्दलाध्यक्षोऽपि किं कुर्यात्!॥१४॥

१४. बहुत प्रपंच किया फिर भी अपेक्षित (पर्याप्त) बहुमत नहीं मिला। ऐसे में ठगीबाजी में प्रवीण पार्टी का अध्यक्ष (नेता) भी क्या कर सकता है?

इमे प्रतिपक्षिणो भूत्वा समायाता वृकाः सदने।
परं तत्रैकतां प्राप्ता ऋजुर्मेषोऽत्र किं कुर्यात्!॥१५॥

१५. ये भेड़िए एक दूसरे के प्रतिपक्षी होकर सदन में आये थे किन्तु वहाँ तो ये सारे मिलकर एक हो गये! ऐसे में बेचारा सीधा मेमना क्या कर सकता है?

इमे बहुनायका रथिनो रथं विमता यदारूढाः।
निनीषुस्तं प्रमुखसारथिरयं विवशो नु किं कुर्यात्?॥१६॥

१६. ये बहुत से नायक विमत होकर भी रथ पर आरुढ़ हो गये (और रथ को विभिन्न दिशाओं में हाँकने लगे) तो उस रथ को आगे बढ़ाकर ले जाने की इच्छा करने वाला प्रमुख सारथी विवश होकर क्या कर सकता है?

मतं दत्तं त्वया किल यत्तु तद्युक्तं परं भ्रातः।
ददासि न चेत्त्वमुत्कोचं तदा नेतापि किं कुर्यात्?॥१७॥

१७. तूने वोट दिया यह तो ठीक है, पर मेरे भाई! यदि तू अपना काम कराने के लिए रिश्वत नहीं देता है तो नेता भी क्या कर सकता है?

अरण्ये रोदनं कुरुषे बधिरकर्णे जपसि बन्धो!
पठितवानसि बहून् ग्रन्थान्, त्वदर्थं कोऽपि किं कुर्यात्!॥१८॥

१८. तू जंगल में रो रहा है और बहरे के कान में फुस फुसा रहा है। अरे तू इतनी पोथियाँ पढ़ चुका है, (और फिर भी उक्त आचरण कर रहा है) तेरे लिए कोई क्या कर सकता है?

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

गृहीत्वा पाटलं पुष्पं वसन्तो द्वारि सम्प्राप्तः।
मनसि किल पत्रशातनमस्ति, मधुमासोऽत्र किं कुर्यात्!॥१९॥

१९. गुलाब के फूल लेकर वसन्त मेरे द्वार पर आया लेकिन मेरे मन में पतझड़ है। ऐसे में मधुमास क्या कर सकता है?

कवी रात्रौ लिखति कवितामभरकोशं मुहुः पश्यन्।
न च श्रोतास्य श्रृणुते पद्यबन्धं सोऽत्र किं कुर्यात्!॥२०॥

२०. कवि रातभर 'अमरकोश' को बार-बार देखकर कविता लिखता है और श्रोता उस पद्यबन्ध को नहीं सुनते! ऐसे में बेचारा कवि क्या कर सकता है?

कृते यत्नेऽपि मुद्रणदोषतो मुक्तिर्न यदि लभ्या।
तदाक्षरयोजकः सम्पादको वा मित्र! किं कुर्यात्!॥२१॥

२१. काफी प्रयास करने पर भी मुद्रण दोष (Printing Devil) से यदि छुटकारा नहीं मिला तो ऐसे में अक्षरयोजक और सम्पादक भी हे मित्र! क्या करे?

अहं शस्त्रास्त्रसम्पन्नो भटः सीमासु तिष्ठामि।
न चादेशं लभे युद्धस्य, शौर्यं मेऽत्र किं कुर्यात्?॥२२॥

२२. शस्त्र और अस्त्रों से सम्पन्न मैं जवान सीमाओं पर बैठा हुआ हूँ। मुझे युद्ध का आदेश नहीं मिल रहा है। ऐसे में मेरा शौर्य भी क्या कर सकता है?

मदीयौ द्वौ सखायौ हस्तमेलनमद्य नो कुरुतः।
तयोर्मैत्रीं दिदृक्षुश्चेज्जनोऽयं ब्रूहि किं कुर्यात्?॥२३॥

२३. मेरे दो मित्र आजकल आपस में हाथ नहीं मिला रहे। ऐसे में उन दोनों की मित्रता देखने का इच्छुक मैं, बताओ तो, क्या करूँ?

ययोरशनं कुलं शीलं तथा कर्माणि भिद्यन्ते।
तयोर्मैत्रीं विवाहं चेच्छसि त्वं? कोऽत्र किं कुर्यात्॥२४॥

२४. जिनका भोजन, परिवार, स्वभाव तथा कर्म भिन्न है ऐसे लोगों की मित्रता और विवाह की तू कामना करता है, ऐसे में कोई क्या कर सकता है!

स्वराष्ट्रस्य प्रगतिमिच्छन्ति कवयोऽध्यापका वीराः।
भटा उद्योगिनः श्रमिणः, कुनेता किन्तु किं कुर्यात्!॥२५॥

२५. कवि, अध्यापक, वीर, सैनिक, उद्योगी और श्रमिक अपने राष्ट्र की प्रगति की इच्छा करते हैं, किन्तु कुनेता क्या करे?

यदास्माभिश्चिताः प्रभवो मलीमसकर्म कुर्वाणाः।
मुहुर्गायन् 'स्वभारतभां' रमाकान्तोऽपि किं कुर्यात्॥२६॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

२६. जब हमारे द्वारा चुने गये मालिक लोग मलिन कर्म करते हुए दिखाई दे रहें हैं, तो अपने भारतकी प्रभा को बार बार गाता हुआ रमाकान्त भी क्या कर सकता है।

(रचनातिथि: १६.२.२००२)

◆ ◆ ◆

किं कुर्यात्! (२)

(क्या करे कोई!)

न विद्युन्नो हसन्ती भामिनी नापि प्रिया पार्श्वे।
